सुप्रभात

रांची, बुधवार
22.11.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net कार्तिक, शुक्ल पक्ष, दशमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 129 12




एकता कपूर को मिला एमी अवॉर्ड

## न्यूज डायरी

### सीएम की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** सीएम की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक बुधवार शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। इसकी सूचना मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने जारी कर दी। बैठक में विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर निर्णय लिया जायेगा।

### जगन्नाथपुर मंदिर में चोरी

**रांची।** धुर्वा स्थित जगन्नाथ मंदिर में चोरी का मामला प्रकाश में आया है। सोमवार की देर रात मंदिर परिसर स्थित पुजारी के कमरे से 20 हजार नगद, पेन ड्राइव, मंदिर के सजावट के सामान और साउंड सिस्टम को गायब कर दिया गया है।

### पलामू : बस-बाइक की टक्कर में दो की मौत

**मेदिनीनगर।** सतबरवा के तुंबागाड़ा में यात्री बस और बाइक में टक्कर में दो युवकों की मौत हो गयी। बस में सवार यात्रियों को भी मामूली चोट लगी है। मृतक मनीष और परदेसी सतबरवा थाना क्षेत्र के तुंबागाड़ा के रहने वाले थे। दोनो युवक बिना हेलमेट के थे।

### कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर 28 तक पलामू में

**पलामू।** चर्चित कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर 21 से 28 तक पलामू में कथा करेंगे। हाउसिंग कॉलोनी मैदान में हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में वे भाग ले रहे हैं। मंगलवार को महायज्ञ की शोभायात्रा निकली। हजारों लोगों ने इसमें भाग लिया।

### प्रेम संबंध से नाराज पिता ने बेटी को मार दी गोली

**गढ़वा।** बेटी के प्रेम संबंधों से खफा पिता ने बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। बेटी छठ के दौरान अपने प्रेमी से मुलाकात कर रही थी, जिसे पिता ने देख लिया था। उस दिन बेटी की पिटाई की थी। अगले दिन बेटी का शव बरामद हुआ।

### अब क्रिकेट में पेनल्टी की तैयारी में आइसीसी

**अहमदाबाद।** आईसीसी ने पुरुष एकदिवसीय और टी-20 मैच में अगर गेंदबाज अगला ओवर फेंकने के लिए 60 सेकेंड से अधिक समय लेता है तो पारी में तीसरी बार ऐसा करने पर गेंदबाजी टीम पर पांच रन की पेनल्टी लगायी जायेगी। इसका इस्तेमाल ट्रायल के तौर पर होगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## बाल संवाद में बोले सीएम हेमंत- तनाव न लें, सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान दें

# अब किशोरी समृद्धि योजना से जुड़ेंगी परिवार की सभी बेटियां

- पढ़ाई के अलावा बेहतर भविष्य का कोई और रास्ता नहीं
- गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध
- पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी
- बेटियों को बढ़ाना विित्रीबाई फुले समृद्धि योजना का लक्ष्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विश्व बाल दिवस पर सीएम हेमंत सोरेन बच्चे-बच्चियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हो, पढ़ाई से नाता नहीं तोड़ें। बेहतर भविष्य बनाने में पढ़ाई के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। मौके पर सीएम ने घोषणा की कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में एक परिवार से सिर्फ दो बच्चियों को लाभ देने की बाध्यता समाप्त होगी। अब परिवार की सभी बच्चियां इससे जुड़ेंगी। योजना शुरुआत ही ज्यादा से ज्यादा बच्चियों को लाभ देने के लिए की गयी है। सीएम ने बच्चों से कहा- आप तनावमुक्त हो कर सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान दें। अपने अभिभावकों से खुलकर किसी भी मुद्दे पर बात करें। अच्छे सहयोगी बनायें। स्वस्थ वातावरण में रहें।

(शेष पेज 11 पर)

### डिप्रेशन से हर हाल में बचें

सीएम ने कहा कि आज शिक्षा और प्रतियोगिता परीक्षाओं को लेकर जैसा माहौल बन रहा है। उसमें बच्चे तनाव में आ जा रहे हैं। तनाव से कई बच्चे डिप्रेशन में भी चले जाते हैं। यह समाज के लिए अच्छा संकेत नहीं है। आप अपने अभिभावक और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ हर मुद्दे पर खुलकर बात करें। संवाद में विषयों को लेकर झिझक नहीं होनी चाहिए। बच्चे मानसिक रूप से मजबूत होंगे, तो किसी भी परिस्थिति और चुनौती से निपटने में सक्षम बनेंगे।



### आपसे मिल कर बहुत खुशी हुई

सीएम मंगलवार को विश्व बाल दिवस के अवसर पर यूनिसेफ, झारखंड के बाल पत्रकारों ने मुलाकात एवं संवाद कर रहे थे। सीएम ने बच्चों संग अपने शैक्षणिक अनुभवों और गतिविधियों को साझा किया तथा कई सवाल भी किये। बच्चों को विश्व बाल दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि आपसे मिलकर काफी अच्छा लगता है। मुझे भी काफी जानने-समझने, सीखने का मौका मिलता है। सीएम ने कहा कि आप पढ़ेंगे तो उचित-अनुचित का अंतर समझ सकेंगे। सोच का दायरा बढ़ेगा और सही निर्णय ले सकेंगे।

# करंट की चपेट में आने से पांच हाथियों की मौत

- शव उठाने करीब जाने पर दूसरा झुंड बोल रहा धावा
- मुसाबनी वनक्षेत्र के ऊपरबांधा में हुआ हादसा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची/घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला से दिल दहलानेवाली खबर सामने आयी है। मुसाबनी वन क्षेत्र के ऊपरबांधा गांव के पास बिजली करंट लगने से पांच हाथियों की मौत हो गयी। इनमें एक हाथी का बच्चा भी शामिल है। मंगलवार की सुबह स्थानीय लोगों को जब मृत हाथियों पर नजर पड़ी, तो तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। हादसा सोमवार की शाम 6 से 7 बजे के बीच की बतायी जा रही है। हाथियों के शव उठाने में परेशानी हो रही है। करीब जाने पर उत्तेजित हाथियों का दूसरा झुंड धावा बोल दे रहा है।

**करंट की चपेट में कैसे आये हाथी :** स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग की ओर से गांव के जानवरों को जंगल क्षेत्र में जाने से रोकने के लिए मिट्टी काटकर ट्रेंच बनाया गया है। इसी ट्रेंच को हाथियों का झुंड पार कर रहा था। उसी दौरान एक हाथी का सूंड 33 हजार केवी वाले बिजली तार के संपर्क में आ गया। पहले वाले हाथी को करंट लगते ही पीछे चल रहे चार अन्य हाथियों में भी करंट दौड़ गयी, क्योंकि सभी एक दूसरे से सटे हुए थे। इसकी वजह से सभी की मौत हो गयी।



(शेष पेज 11 पर)

# चुटूपालू में दो वाहनों से टकराया टेलर, तीन की मौत

- घंटों एनएच जाम, 10 किमी तक वाहनों की लगी कतार

खबर मन्त्र समवाददाता

**रामगढ़, ओरमांझी।** एक बार फिर चुटूपालू घाटी में भीषण सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गयी। कई अन्य घायल हैं। हादसा उस वक्त हुआ जब एक अनियंत्रित टेलर तीन वाहनों को टक्कर मार कर पलट गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मंगलवार को रांची की तरफ से आ रहे टेलर का घाटी में अचानक ब्रेक फेल हो गया और गड़के मोड़ से आगे बढ़ते ही एक कार और एक ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मारी। इसके बाद अनियंत्रित टेलर खुद भी राष्ट्रीय राजमार्ग- 33 पर पलट गयी। इस हादसे में ट्रैक्टर पर सवार दो व्यक्ति और टेलर सवार एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। ट्रैक्टर चालक खीरबेड़ा के रहने वाले शंकर बेदिया, दिनेश बेदिया और एक अन्य निखिल साहू की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने एनएच-33 को पूरी तरह जाम कर दिया।



प्रशासन और पुलिस के आश्वासन के बाद करीब चार घंटे बाद जाम हटा। सड़क के दोनों तरफ करीब 10 किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। पुलिस को जाम हटाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

**कैसे हुआ हादसा :** तेज रफ्तार टेलर से ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद उसने दो चार पहिया वाहन को टक्कर मार दी और फिर गिट्टी लदे ट्रैक्टर से जा टकराया। (शेष पेज 11 पर)

# बिहार में अब 75 फीसदी आरक्षण

## नोटिफिकेशन जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** बिहार में अब 75 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। नीतीश कुमार की सरकार ने इसको लेकर मंगलवार को गजट प्रकाशित कर दिया। राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने बिहार में आरक्षण का दायर बढ़ाकर 75 फीसदी करने के बिल पर अपनी मुहर लगा दी है। अब से राज्य के शिक्षण संस्थानों और नौकरी में अनुसूचित जाति/जनजाति, इबीसी और ओबीसी को 75 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। बिहार सरकार ने आरक्षण की सीमा में 15 फीसदी का इजाफा किया है। बता दें कि बिहार सरकार ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 पेश किया था। 9 नवंबर को इसे दोनों सदन से पास किया गया था। इसमें आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 फीसदी करने का प्रावधान था। इस बिल को राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने भी अपना समर्थन दिया था।



### अब किसे कितना आरक्षण

अब एससी को 20 फीसदी, एसटी को दो फीसदी, अति पिछड़ा को 25 फीसदी और पिछड़े वर्ग को 18 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाला 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान लागू रहेगा। शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरी में पिछले, दलित और महादलित को इस आरक्षण का लाभ मिलेगा।

## राष्ट्रपति ने बादामपहाड़ से तीन ट्रेनें रवाना की



# एसपी नौशाद आलम से आज इडी करेगी पूछताछ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज के एसपी नौशाद आलम से बुधवार को इडी की टीम पूछताछ करेगी। इडी ने 10 नवंबर को समन भेज कर एसपी को पूछताछ के लिए 22 नवंबर को रांची के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर होने का निर्देश दिया था। उन पर साहिबगंज में अवैध खनन के गवाह विजय हांसदा को भड़काने का आरोप है। साथ ही पंकज मिश्रा बनाम विजय हांसदा मामले में उसे दिल्ली भेजने के लिए टिकट की व्यवस्था कराने का भी आरोप है। इडी ने जांच में पाया था कि विजय को सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामले में अपना पक्ष रखने के लिए दिल्ली जाना था। (शेष पेज 11 पर)

### पीएम मोदी और सीएम योगी को फिर मिली जान से मारने की धमकी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी मिली है। दाऊद इब्राहिम गिरोह से जुड़े एक व्यक्ति ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को एक धमकी भरा कॉल किया है। इस कॉल में आरोपित शख्स ने दावा किया कि दाऊद गिरोह ने उसे पीएम मोदी और यूपी के सीएम योगी की हत्या की साजिश रचने को कहा है।

## स्थापना दिवस समारोह आज, रोशनी से नहाया विधानसभा भवन

# नये कलेवर में दिखेगा सदन : स्पीकर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा के स्पीकर रविंद्रनाथ महतो का कहना है कि इस बार सदन के स्थापना दिवस समारोह में विधानसभा नये कलेवर के साथ दिखेगा। झारखंड विधानसभा का 23वां स्थापना दिवस बुधवार को है। इसे लेकर विधानसभा भवन में आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी है।

बुधवार को होने वाले सम्मान समारोह को लेकर खास व्यवस्था की गयी है। सम्मान समारोह में मनिका से कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह को बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक से नवाजा जायेगा। साथ ही झारखंड के टॉपर छात्र-छात्राओं और शहीद सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया जायेगा। दूसरे दिन 23 नवंबर को सांस्कृति संध्या में प्रसिद्ध गायक जावेद और सत्यम के अलावा स्थानीय कलाकार प्रस्तुति देंगे।

(शेष पेज 11 पर)

- कल आयोजित होगी सांस्कृतिक संध्या
- झूमायेंगे प्रसिद्ध गायक जावेद और सत्यम के अलावा स्थानीय कलाकार



### बदल रहा है झारखंड : स्पीकर

स्पीकर श्री महतो ने कहा कि कि झारखंड बदल रहा है। यह भी सही है कि झारखंड के साथ जिन राज्यों का गठन हुआ था, जिस रफ्तार से हमें आगे बढ़ना चाहिए था, वह नहीं हो पाया। कारण कुछ भी हो लेकिन अब हमारा समय आ गया है। हम एक नये स्वरूप और नये कलेवर के साथ देश के सामने आयेंगे। विधानसभा को देखेंगे तो कहेंगे कि हमलोग पीछे नहीं हैं। हमारी विधानसभा गरिमामयी तरीके से चली है। हालांकि, कई सदस्यों की अक्रामकता और अति उत्साह में अपनी बातों को सदन में रखने के क्रम में विधायी व्यवहार से थोड़ा इतर हो जाना अलग बात है।




## कार्यक्रम के समापन से पहले बच्चों को लेनी होगी फिटनेस की शपथ

# 15 दिसंबर तक स्कूलों में किसी भी एक सप्ताह मनेगा फिट इंडिया वीक

सरकारी स्कूल के बच्चों में फिटनेस वीक से बनेगी फिट रहने की आदत




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों के बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और फिटनेस की आदत डालने के लिए देशभर में फिट इंडिया वीक का आयोजन शुरू हो गया है। 15 नवंबर से शुरू हुए फिटनेस इंडिया वीक के पांचवें संस्करण के तहत झारखंड के भी सभी सरकारी स्कूलों को 15 दिसंबर तक किसी एक सप्ताह फिटनेस वीक मनाने का निर्दश दिया गया है। इसके तहत स्कूलों में एक हफ्ते तक फ्रीडम रन, क्विज, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, योग और ध्यान लगाने समेत कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के बीच स्वास्थ्य और फिटनेस के महत्व को बताने और सभी को खेल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। स्कूल अपनी सहूलियात के हिसाब से 15 दिसंबर तक किसी भी सप्ताह का चयन कर सकते हैं।

### 2019 में हुई थी फिट इंडिया वीक की शुरूआत

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से 2019 में फिट इंडिया स्कूल सप्ताह मनाने की शुरूआत हुई थी। इसके तहत सभी स्कूलों को यह सुनिश्चित करना है कि सभी छात्र, अभिभावक, कर्मचारी और प्रबंधन फिट इंडिया स्कूल वीक 2021 कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। स्कूल अपनी वेबसाइट पर फिट इंडिया स्कूल वीक शीर्षक से एक नया पेज बना सकते हैं और फिटनेस वीक के दौरान की गतिविधियों को अपलोड कर सकते हैं।

### फिटनेस वीक में क्या-क्या गतिविधियां होंगी

फिट इंडिया वीक के तहत स्कूलों को फिटनेस के महत्व, वाद-विवाद, संगोष्ठी और व्याख्यान का आयोजन करना है। पोषण और स्वास्थ्य विषय पर क्विज प्रतियोगिता और खेल का आयोजन करना है। छात्रों को भारत के पारंपरिक खेलों के साथ-साथ यहां के स्वदेशी खेलों के आयोजन और संतुलित आहार को लेकर जानकारी देनी है। योग और ध्यान दिवस का आयोजन करना है। ब्रेन गेम्स और मानसिक स्वास्थ्य को लेकर भी जानकारी देनी है। कार्यक्रम के समापन से पहले फिटनेस की शपथ भी लेनी है।

## यूपीएससी को भेजे गये थे झाप्रसे के 33 अधिकारियों के नाम

# झारखंड को दिसंबर में मिलेंगे 11 नवप्रोन्नत आइएएस अधिकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में धीर-धीरे आइएएस अधिकारियों की कमी को दूर करने की कवायद चल रही है। एक बार फिर दिसंबर तक राज्य प्रशासनिक सेवा से 11 अधिकारियों को आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति मिलूने के बाद झारखंड में आईएएस अधिकारियों की संख्या बढ़कर 195 जायेगी। इसके लिए झारखंड से यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) को झाप्रसे के 33 अधिकारियों के नाम भेजे गए थे। नियमतः एक पद के विरूद्ध तीन नाम भेजने का प्रावधान है। इसे लेकर यूपीएससी की बैठक 20 नवंबर को हुई, जिसमें चीफ सेक्रेटरी सुखदेव सिंह ने भी हिस्सा लिया।

बताते चलें कि जिन अधिकारियों को आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति दी जानी है, वह सभी बीपीएससी 38वीं बैच के अफसर हैं।

### पिछले साल 40 अफसरों को मिली थी प्रोन्नति



बताते चलें कि पिछले साल राज्य प्रशासनिक सेवा के 40 अफसरों को आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति प्रदान की गई थी। यह प्रोन्नति वर्ष 2010, 2020 और 2021 की रिक्ति के विरूद्ध दी गई थी।

### इन्हें मिल सकती है आइएएस में प्रोन्नति

जानकारी के अनुसार, विजय कुमार गुप्ता, राजीव रंजन, रंजीत लाल, विधानचंद्र चौधरी, सुनील कुमार, कृष्ण कुमार, सुनील कुमार सिंह और शैलेंद्र कुमार के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं।

### वर्तमान में 184 अफसर हैं कार्यरत

झारखंड कैडर में वर्तमान में 184 आइएएस ही कार्यरत हैं, जबकि स्वीकृत पदों की संख्या 224 है। इस हिसाब से 40 अफसरों की कमी है। 11 अफसरों को आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति मिलने से आइएएस अफसरों की संख्या 195 हो जाएगी।

# बेड़ो, मांडर और अनगड़ा समेत 39 प्रखंडों के बीडीओ का स्थानांतरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने 39 प्रखंड विकास पदाधिकारियों का तबादला किया है। ग्रामीण विकास विभाग के उप सचिव संजीव कुमार ने इसकी अधिसूचना मंगलवार को जारी कर दी है। इस सूची में वैसे पदाधिकारी भी हैं, जो पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे थे। वहीं, कई की सेवा कार्मिक विभाग को सौंपी गई है। सभी पदाधिकारियों को 1 दिसंबर तक प्रभार का अदान-प्रदान कर विभाग को प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया है।

**इन्हें मिली पोस्टिंग :** निखिल गौरव कमान कच्छप को हंटरगंज का बीडीओ बनाया गया है। इसी तरह हरि उरांव को कैरो, राजेश कुमार सिन्हा को बलियापुर, पुस्कर सिंह मुण्डा को मुसाबनी, संजय कुमार को रमना, रविन्द्र कुमार को खरौंदी, सुदेश कुमार को डंडई, पप्पु रजक को सरिया, निशांत अंजुम को गाण्डेय, संजय कुमार सिन्हा को महागामा, अनु प्रिया को डाड़ी, निधि रजवार को चलकुशा, नुपूर कुमारी को करमाटांड़- विद्यासागर, कनक को चंदवारा, मनोज कुमार तिवारी को लातेहार सदर, अजय कुमार तिर्की को पेशरार, टुडू दिलीप को हिरणपुर, नितेश भाष्कर चैनपुर, अभिषेक पांडेय को सतबरवा, राजेश एक्का को हरिहरगंज, रौशन कुमार को हुसैनाबाद, सुकेशनी केरकेट्टा को नीलाम्बर-पीताम्बरपुर (लेसलीगंज), प्रदीप भगत को छतरपुर, अनित कुमार झा को पाटन, शशि नीलिमा डुंगडुंग को मेदिनीनगर, जयपाल सोय को अनगड़ा, संग्राम मुर्मू को बेड़ो, मनोरंजन कुमार को मांडर, ठाकुर गौरी शंकर शर्मा को कुरडेग, पावन आशीष लकड़ा को बीडीओ तांतनगर, गिरिवर मिंज को सोनुवा, कामेश्वर बेदिया को मंझारी, नम्नता जोशी को बंदगांव और रोशमा डुंगडुंग को बरकट्ठा का बीडीओ बनाया गया है।

इनके अलावा रवि शंकर को व्याख्याता सर्ड और सुचित्रा मिंज को व्याख्याता सर्ड बनाया गया है। इनके अलावा पायल राज की सेवा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, गुंजन कुमारी सिन्हा की सेवा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, रोहित सिंह की सेवा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग को सौंपी गयी है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर एडीजी अभियान 24 को करेंगे समीक्षा बैठक



**रांची।** सड़क सुरक्षा को लेकर एडीजी अभियान 24 नवंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करेंगे। इस समीक्षा बैठक में सभी जिलों के एसएसपी और एसपी भी मौजद रहेंगे। इस दौरान जिलावार चिन्हित कर उपलब्ध कराये ब्लैक स्पॉट, एमवी एक्ट के तहत की गयी कार्रवाई, थाना में कितने फर्स्ट ऐड किट उपलब्ध कराये गये, प्रशिक्षित किये गये कर्मियों की संख्या, जीपीएस मैप कैमरा लाइट इंस्टॉल, क्यूआर कोड की जिलावार स्थिति और सड़क दुर्घटना की स्थिति व आंकड़ों पर चर्चा की जायेगी।

## उत्तरकाशी टनल हादसे में फंसे मजदूरों को लेकर नितिन गडकरी से मिले बाबूलाल, कहा

# केंद्र सरकार मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर, मजदूरों के परिजनों से भी की बात

गिरिडीह जिलाध्यक्ष महादेव दुबे एवं वरिष्ठ नेता सुरेश साव ने मजदूरों के आवास पहुंचकर परिजनों से कराई बात



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। श्री मरांडी ने उत्तराखंड टनल में झारखंड के 15 मजदूरों समेत सभी 41 मजदूरों के सकुशल बाहर निकाले जाने के संबंध में बात की तथा मजदूरों के परिजनों की चिंता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि झारखंड से बड़े पैमाने पर मजदूर बाहर के राज्यों में मजदूरी करने जाते हैं। ऐसे हादसों से परिजनों के साथ बाहर जाकर कमाने वाले मजदूरों के परिजनों की चिंता बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे मजदूर हैं जिनके माता पिता दिव्यांग हैं। घर में उनके सिवा कोई कमाने वाला नहीं है। ऐसे माता पिता और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। फंसे मजदूर के घरों में में इस वर्ष दीपावली छठ जैसे त्योहार नहीं मनाये गये। उन्होंने कहा कि जैसे जैसे दिन बीत रहे परिजन हताश और भयभीत हो रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार और उत्तराखंड सरकार की देखरेख में चल रहे बचाव कार्य की जानकारी ली।

इधर, श्री मरांडी के निर्देश पर भाजपा गिरिडीह जिलाध्यक्ष एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेश साव बिरनी प्रखंड के सिमराधाब गांव पहुंचे जहां के मजदूर सुबोध शर्मा टनल हादसे में फंसे हैं। उन्होंने सुबोध शर्मा के माता पिता से भी बात की तथा बेटे के सकुशल वापसी का ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व उनके निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने ओरमांझी प्रखंड चुटुपालू के मजदूर के परिजनों से मुलाकात कर उनके हाल चाल की जानकारी ली थी।

# ईसी मिलने पर ही सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का होगा निर्माण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गढ़वा के रिहायशी इलाके में कचरा डंपिंग यार्ड बनाने का विरोध करने वाली रामलाल भुईंया की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले को निष्पादित करते हुए निर्देश दिया कि स्टेट इंवायरमेंटल असेस्मेंट अथॉरिटी (सिया) के द्वारा एनवायरमेंटल क्लीयरेंस (ईसी) नहीं दिया जाएगा, तब तक प्रस्तावित जगह पर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निर्माण नहीं होगा। जब भी राज्य सरकार या गढ़वा नगर परिषद के द्वारा सिया के पास कचरा डंपिंग यार्ड बनाने के संदर्भ में एनवायरमेंटल क्लीयरेंस के लिए आवेदन डाला जाएगा, तो सिया प्रार्थी एवं प्रभावित लोगों को नोटिस जारी करेगी और उनसे आपत्ति मांगेगी।

आपत्ति के निष्पादन के बाद ही सिया कचरा डंपिंग यार्ड निर्माण के लिए एनवायरमेंटल क्लीयरेंस देने पर कानून के अनुसार निर्णय लेगी। इससे पूर्व सिया की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसके पास ठोस कचरा डंपिंग यार्ड बनाने को लेकर कोई एनवायरमेंटल क्लीयरेंस का आवेदन लंबित नहीं है। दरअसल, गढ़वा के रिहायशी इलाके में ठोस कचरा डंपिंग यार्ड बनाने के विरोध में दायर जनहित याचिका की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी ने कहा है कि गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र में सुकबाना गांव है। वहां पर कचरा के लिए डिस्पोजल साइट बन रहा है। उसके बगल में गांव है। वहां लोग रहते हैं. स्कूल है, पास में तालाब भी है। प्रदूषण से लोग बीमार हो जा रहे हैं। डंपिंग यार्ड में ठोस कचरा प्लांट बन रहा। इसके लिए झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सीटीएस व सीटीओ भी नहीं लिया गया है।

## मिड डे मील घोटाले में संजय तिवारी की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** मिड-डे मील के 100 करोड़ रुपये गबन कर उसका मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में आरोपी बिल्डर भानु कंस्ट्रक्शन के पार्टनर संजय कुमार तिवारी को ईडी कोर्ट ने जमानत देने से इनकार किया है। कल ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील ने लंबे समय से जेल में रहने का हवाला देते हुये जमानत देने का अनुरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने जमानत अर्जी खारिज कर दी। संजय तिवारी की जमानत अर्जी इससे पूर्व भी निचली अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक ने खारिज कर चुकी है। ईडी ने मनी लाउंड्रिंग के आरोप में 22 नवंबर 2021 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। उस पर पांच अगस्त 2017 को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की हटिया शाखा से मिड डे मील के 100 करोड़ रुपये गबन करने का आरोप है।

# लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला

अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन में किया आमंत्रित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़, लालपनिया, बोकारो के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 26-27 नवंबर को आयोजित होने वाले दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस महासम्मेलन में देश-विदेश से हजारों सरना धर्मावलम्बी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में लुगुबुरु घंटाबाड़ी के अध्यक्ष बबली सोरेन, देश परगना बैजू मुर्मू, जयराम हांसदा, बबलू हेंब्रम, दासमाथ हांसदा, दुर्गा चरण मुर्मू, सीता मुर्मू और सविता टुडू शामिल थीं।

## शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी की हिरासत अवधि और 11 दिन बढ़ी

**रांची।** शराब घोटाला मामले में जेल में बंद कारोबारी योगेंद्र तिवारी की हिरासत अवधि अदालत ने 11 दिनों तक बढ़ा दी है। मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में उसे जेल से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख दो दिसंबर निर्धारित की है। वह बीते 20 अक्तूबर से न्यायिक हिरासत में है। ईडी ने उक्त आरोप में उसे 19 अक्तूबर को गिरफ्तार किया था। 20 अक्तूबर को ईडी कोर्ट में उसे पेश किया गया। ईडी ने गिरफ्तारी के बाद उससे 14 दिनों तक पूछताछ की थी। इसके बाद तीन नवंबर को जेल भेज दिया गया था। उस पर पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश के सहयोग से 19 जिलों में शराब के थोक व्यापार, फर्जी दस्तावेज के आधार पर शराब के टेंडर लेने और करोड़ों रुपए अर्जित करने का आरोप है। कोयला और बालू से की गयी अवैध कमाई के पैसे को शराब के कारोबार में निवेश करने का भी आरोप है।

## सीएम ने पार्टी पदाधिकारियों को दिया टास्क

# राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंचायें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को पार्टी के बड़े पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात की। इस दौरान उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेताओं और कार्यकर्ताओं को कई टास्क भी दिए। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने नेताओं से कहा कि सरकार बनने के बाद झारखंड में जो विकास का माहौल बना है और विकास की राह दिखायी है उसे जन-जन तक पहुंचायें। झामुमो मिशन 2024 की तैयारी में पूरी तरह से लग चुकी है। इधर, विभिन्न राजनीतिक दलों ने भी 2024 में होने वाले सियासी संग्राम को फतह करने के लिए अपने-अपने तरीके से तैयारी में जुट गये हैं।



**सत्ताधारी दलों में सीट को लेकर भी हो सकती है पेंच :** सत्ताधारी दलों में सीट को लेकर पेंच लग सकती है क्योंकि, आगामी चुनाव की तैयारी में जुटे राजद ने फिलहाल चार सीटों पर पलामू, चतरा, गोड्डा और कोडरमा पर अपना दावा ठोंक दिया है। इन चार सीटों को लेकर पार्टी ने तैयारी शुरू कर दी है। देखना यह है कि सत्ताधारी दलों के अंदर सीटों को लेकर क्या गणित बन सकती है। संभवतः 3 दिसंबर को आइएनडीआइए के शीर्ष नेताओं की बैठक होने वाली है, जिसमें सारा कुछ लगभग तय हो जायेगा।

## 150 से 2000 हजार रुपये तक के उत्पाद उपलब्ध

# झारखंड पवेलियन में खादी बोर्ड के स्टॉल पर वस्त्रों और क्राफ्ट की खूब हो रही है खरीदारी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**नई दिल्ली/रांची।** एक तरफ खादी वस्त्रों की धमक तो दूसरी तरफ खादी उत्पादों की धूम। झारखंड पवेलियन में झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की तरफ से लगाए गए स्टॉल पर बिलकुल ऐसा ही नजारा देखने को मिल रहा है। दर्शकों को भी ये उत्पाद खासे पसंद आ रहे हैं।

प्रगति मैदान में जारी 42वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखंड पवेलियन में झारखण्ड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राखाल चंद्र बेसरा ने हॉल का मुआयना किया।

उन्होंने बताया कि इस बार पवेलियन में खादी सिल्क, खादी कॉटन, ऊनी जैकेट, सिल्क जैकेट, सिल्क शॉल, सूती डिजाइनर शट्र्स, ज्यूलरी डोगरा क्राफ्ट, हर्बल उत्पाद, हर्बल शैम्पू आदि उत्पाद पेश किये गए हैं। उन्होंने बताया की हमारे उत्पादों की कीमत 150 रुपये से लेकर 2000 रुपये तक रखी गई है। इस से यहां आने वाले तमाम दर्शक आसानी से इन उत्पादों को खरीद रहे हैं। युवाओं और बड़ों को खादी जैकेट्स काफी पसंद आ रही हैं। साथ ही मेले में हमने विशेष रूप से खादी वस्त्रों पर 20 प्रतिशत और खादी रेडी मेड गारमेंट पर 25 प्रतिशत की छूट मुहैया करायी गयी है।

## नीलामी के लिए 5 राज्यों की 39 खानों को रखा गया, इसमें बिहार की तीन खदानें शामिल

# बोलीकर्ता मिला तो बिहार में होगा कोयला खनन तीन ब्लॉक में है 3293 मिलियन टन का भंडार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कमॅर्शियल माइनिंग के तहत कोल ब्लॉक्स की नीलामी के 8वें दौर की प्रक्रिया 15 नवम्बर से प्रारंभ हो चुकी है। कोयला मंत्रालय द्वारा इस दौर में नीलामी के लिए 5 राज्यों की 39 खानों को रखा गया है। इसमें बिहार की तीन खदान है, जिसमें 3293 मिलियन टन कोयले का विशाल भंडार है।

ज्ञात हो कि वर्ष 2000 में झारखण्ड राज्य बन जाने के बाद कोयला खदानें भी पृथक हो गईं। कमॅर्शियल माइनिंग के तहत 8वें दौर की नीलामी में बिहार में स्थित लक्ष्मीपुर, मिर्जागांव नार्थ एवं मिर्जागांव साउथ कोल ब्लॉक को सूचीबद्ध किया गया है। तीनों कोल ब्लॉक भागलपुर जिले तथा मंदार पर्वत के पास स्थित है और इसमें कोयले का 3293 मिलियन टन का भंडार स्थित है। 8वें दौर की नीलामी प्रक्रिया 15 नवम्बर से प्रारंभ हो चुकी है। ई-नीलामी 31 जनवरी, 2024 से शुरू होकर 13 फरवरी, 2024 तक चलेगी। यदि कोल ब्लॉक के लिए बोली जमा की जाती है और बोलीकर्ता को खदान हासिल करने में सफलता मिलेगी तो बिहार में कोयला खनन का रास्ता साफ हो जाएगा।



**मंदार पर्वत कोल ब्लॉक के लिए बोलीकर्ता नहीं मिला था :** इसके पहले भी बिहार के मंदार पर्वत कोल ब्लॉक का नीलामी की सूची में रखा गया था, लेकिन इस ब्लॉक के लिए बोली लगाने वाला नहीं मिला था।

### मिर्जागांव (उत्तर एवं दक्षिण)

सीएमपीडीआई की रिपोर्ट के अनुसार मिर्जागांव उत्तर कोल ब्लॉक में 1015 मिलियन टन तथा मिर्जागांव दक्षिण में 1243 मिलियन टन कोयला भंडारित है। उत्तरी ब्लॉक 16.60 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है, जिसमें खिदरपुर, लछमीपुर, बसंतपुर, चौधरी बसंतपुर, बिजयरामी चक, मोहेशराम, मदनगोपाली, सादीपुर और पीरपैती तहसील के रिफदपुर सहित दस गांव शामिल हैं। साउथ ब्लॉक 20.30 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। इसमें जी-2 से जी-17 तक के विभिन्न ग्रेड का कोयला भंडारित है।

### लक्ष्मीपुर कोल ब्लॉक

लक्ष्मीपुर कोयला ब्लॉक भागलपुर से 51 किमी और कहलगांव रेलवे स्टेशन से 21 किमी दूर स्थित है। जो 14.9 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला है। कोल ब्लॉक के क्षेत्रफल में सिमरलपुर, ककरघाट, खिदरपुर, इमामनगर, मोहेशरम और हरिनकोल गांव समाहित हैं। इस ब्लॉक में 1035 मिलियन टन कोल रिजर्व है। यह ब्लॉक राजमहल कोलफील्ड्स के अंतर्गत है।

स्पीड न्यूज

## सिंहभूम चैम्बर के प्रतिनिधिमंडल ने रेलमंत्री से की मुलाकात



जमशेदपुर। सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विजय आनंद मूनका की अध्यक्षता में माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार अश्विन वैष्णव से उनके टाटानगर दौरे के दौरान मुलाकात की। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया एवं उपाध्यक्ष जनसंपर्क एवं कल्याण अभिषेक अग्रवाल गोल्डी ने संयुक्त रूप से दी। महासचिव ने बताया कि रेल मंत्री के जमशेदपुर दौरे के दौरान चैम्बर का प्रतिनिधिमंडल उनसे मिलकर विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि टाटानगर एवं आस-पास के क्षेत्रों में राजस्थानी लोगों की संख्या काफी अधिक है तथा राजस्थान धार्मिक, शैक्षणिक एवं पर्यटन स्थल के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। सीधे रेल सेवा के अभाव में यहां के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। अभी यहां से जाने वाले लोगों को दिल्ली उतरकर फिर राजस्थान के लिये टेज्न पकड़नी होती है जिससे उन्हें काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसलिये टाटानगर से जयपुर/फुलेरा तक सीधी रेल सेवा बहाल की जाय। अभी इसके लिये अस्थाई रूप से शालीमार-जयपुर एक्सप्रेस (टेज्न नं.08061-62) चलाया जा रहा है लेकिन यह भी नियमित रूप से परिचालित नहीं हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने इस टेज्न को नियमित करने की भी मांग रेल मंत्री से की या वर्तमान में जो पुरूषोत्तम एक्सप्रेस (ट्रेन नं.12801-12802) का परिचालन हो रहा है उसे फुलेरा/जयपुर तक विस्तार करने का आग्रह किया। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल निम्नलिखित मांगो को भी माननीय मंत्री के समक्ष रखा - वरिष्ठ नागरिकों को पूर्व की भांति रेलवे टिकटों में रियायतें को फिर से लागू करना क्योंकि इसके बंद होने से वरिष्ठ नौकरीपेशा जो रिटायर हो चुके हैं तथा व्यवसायी जो अपने व्यवसाय से विरमित हो चुके हैं को आर्थिक परेशानी होती है।
टाटा यशवंतपुर एक्सप्रेस (ट्रेन नं. 12889-90) के फेरे में वृद्धि किया जाय ताकि यहां दक्षिण में पढ़ाई करने, ईलाज कराने तथा पर्यटन के उद्देश्य से जानेवाले अधिकाधिक यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।
द0पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर प्रबंधक कार्यालय का स्थानांतरण टाटानगर में किया जाय क्योंकि इस प्रमंडल में रेलवे सबसे ज्यादा राजस्व टाटानगर से मिलती है और यहां के व्यवसायियों को जो रेलवे से माल आयात-निर्यात करते हैं उन्हें कभी कोई परेशानी उत्पन्न होने पर प्रमंडलीय कार्यालय से निपटारे हेतु बार-बार चक्रधरपुर आने-जाने में परेशानी होती है। ट्रेन नंबर-12307 (हावड़ा-जयपुर-जोधपुर) जो कि हावड़ा से प्रतिदिन चलती है को वाया टाटानगर कम से कम सप्ताह में दो दिन चलाया जाय। टाटानगर या इसके आसपास रेलवे का कोई उपक्रम स्थापित हो। टाटानगर झारखण्ड की आर्थिक राजधानी के साथ-साथ औद्योगिक नगरी भी है। यहां पर लगभग छोटे-बड़े 1400 उद्योग स्थापित हैं। अगर रेलवे का यहां उपक्रम स्थापित होता है तो यह रेलवे के लिये हर तरह से लाभकारी सिद्ध होगा। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष जनसंपर्क एवं कल्याण अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, उपाध्यक्ष व्यापार एवं वाणिज्य अनिल मोदी, सचिव भरत मकानी एवं विनोद शर्मा इत्यादि उपस्थित थे।

## 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 26 को

जमशेदपुर। गायत्री परिवार टाटानगर के प्रज्ञा महिला मंडल और नवयुगदल (युवा प्रकोष्ठ) के प्रयस से आगामी 26 नवम्बर को हनुमान मंदिर,जम्बू अखाड़ा परिसर भालूबासा में 9कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ होना है। जिसकी तैारी के क्रम में आज एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजन के अध्यक्ष प्रभाकर बेहेरा और जम्बू अखाड़ा के संचालक बंटी सिंह के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। 26 नवंबर को सुबह 9 बजे से गायत्री महायज्ञ और संध्या 4 बजे से वीराट दीप महायज्ञ सम्पन्न होंगे। इस गोष्ठी में जम्बु अखाड़ा के सदस्यों के साथ साथ नवयुगदल के संयोजक पुष्पेंद्र कुमार, शम्भू नाथ दुबे, अमरजीत कुमार, निर्मल, के अमर राजा, अनिल विश्वकर्मा के साथ प्रज्ञा महिला मंडल की बहन मंजू मोदी, सत्यवती पांडेय,रंजीता राय,रूबी, लता, चिंतामणि, शशी प्रभा उपस्थित रहे।

## परसूडीह के जगद्धात्री पूजा पंडालो में विधायक ने टेका माथा



जमशेदपुर। जगद्धात्री पूजा के शुभ अवसर पर मंगलवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने जमशेदपुर प्रखंड के हलुदबनी तिलकागढ़ और औरबिंदो कॉलोनी में श्री श्री जगद्धात्री पूजा पंडाल पहुंच कर मां जगद्धात्री के चरणों में माथा टेंक कर पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

# टाटानगर गौशाला के 104वां गोपाष्टमी समारोह में भजनों पर लगे गौ माता के जयकारे

कलियाडीह गौसदन की समस्याओं से अवगत हुए गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**जमशेदपुर।** जुगसलाई स्थित श्री टाटानगर गौशाला कमिटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 104वां गोपाष्टमी समारोह के दूसरे दिन मंगलवार की सुबह घाघीडीह जेल के पीछे कलियाडीह स्थित गौसदन में सुबह 10 बजरंगबली का पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद गौपूजन हुआ। साथ ही भजन समारोह का आयोजन हुआ। स्थानीय भजन गायक रोहित गुलाटी ने गणेश वंदना से भजनों की अमृत वर्षा की। उन्होंने राम जप ले सिया राम जपले..., झांझ नगाड़ा बाजे रे सालासर के मंदिर में हनुमान विराजे रे..., उठे तो बोले राम बैठे तो बोले राम देखो राम भक्त हनुमान बोले राम राम..., दुनिया चले ना श्री राम के बिना, रामजी चले ना हनुमान के बिना..., कलयुग में एक बार कन्हैया ग्वाल बन कर आओ रे..., इस पापी युग में गौ माता का कोई-कोई रखवाला... आदि भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान गौमाता के जयकारों से कलियाडीह गौसदन गूंजता रहा। इस कार्यक्रम का सफल संचालन सह सचिव एवं राजेश हरनाथका ने किया।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद एवं उपाध्यक्ष राजू गिरी भी समारोह में शामिल होकर गौ सेवा की। गौशाला कमिटी के अध्यक्ष कैलाश सरायवाला और महासचिव महेश गोयल ने फूलों का गुलदस्ता देकर एवं शॉल ओढ़ाकर अतिथियों को सम्मानित किया। गौशाला कमिटी के पदाधिकारियों से बात-चीत के दौरान अतिथिगण एक प्रमुख समस्या सिंगल रोड़ समेत कई समस्याओं से अवगत हुए। गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने पोटका विधायक संजीव सरदार से वार्त्ता कर सड़क की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। यह कार्यक्रम समाजसेवी अशोक भालोटिया और रतनलाल मेंगोतिया के सौजन्य से संपन्न हुआ। मंगलवार को आयोजित प्रसाद में शहर के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

**ये रहे मौजूदः-**
इस मौके पर प्रमुख रूप से अशोक भालाटिया, निर्मल काबरा, उमेश शाह, अशोक मोदी, मुकेश मित्तल, विजय आनन्द मूनका, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, राजकुमार अग्रवाल, रतनलाल मेंगोतिया, कैलाश चन्द्र अग्रवाल, राजेश हरनाथका, अनिल अग्रवाल मोंटी, प्रमोद सरायवाला, राजेश जैसुका, प्रकाश मोदी, राजकुमार जैन, बजरंग लाल अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, विश्वनाथ शर्मा आदि मौजूद थे। मालूम हो कि श्री टाटानगर गौशाला कमिटी द्वारा जुगसलाई और कलियाडीह दोनों गौशाला की देखरेख की जाती हैं।

**आज भी होगा सांस्कृतिक कार्यक्रमः** सामारोह के तीसरे और अंतिम दिन बुधवार की शाम को संध्या 06 बजे से बिष्टुपुर स्थित श्री राम मंदिर परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम की संयोजिका ममता मुरारका और श्वेता गनेड़ीवाल के संयुक्त नेतृत्व में मारवाड़ी समाज के पुरूष, महिला एवं बच्चों द्वारा शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा।

### कलाकारों ने महारास की शानदार प्रस्तुति दी

मंगलवार की शाम बिष्टुपुर स्थित श्री राम मंदिर परिसर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम महारास का आयोजन हुआ। जिसमें आमंत्रित कलाकार दिल्ली की विजय सुनेजा ग्रुप के सदस्यों ने गोप, गोपिका स्वरूप कृष्ण एवं राधा के रूप में अपनी कला की प्रस्तुति देकर महारास का शानदार नजारा प्रस्तुत किया। कलाकारों ने बलदेव, कृष्ण, राधा, रेवती स्वरूप में महारास की प्रस्तुति दी तो वहां उपस्थित सैकड़ों की संख्या में लोगों ने राधा-कृष्ण की जय के नारे लगाने लगे। राम मंदिर परिसर के कार्यक्रम स्थल में भक्ति रस की वर्षा होने लगी। श्रद्धालु अपने स्थानों पर ही नृत्य करने लगे। धार्मिक धुनों यही तो महारास है, दाऊ बड़ौ अलबेलौ..., कान्हा मोर बन आयो.., राधे बासुंरी की धुन पर... पूरा मंदिर परिसर झूम उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रम समाप्त होने तक श्रोता महारास का आनान्द लेते रहे। दूसरे दिन भी मंगलवार की शाम के रंगारंग समारोह में चोखी ढानी का कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केन्द्र बना रहा। एक साथ एक बार में 60 लोग चौकी पर बैठकर राजस्थानी लजीज व्यंजन का आनन्द लिये। लगभग 300 से अधिक लोगों ने चोखी ढानी और इतने ही लोग बफे के माध्यम से भोजन किया।

## राष्ट्रपति ने बादाम पहाड़ से तीन नयी ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी, कहा

# आदिवासियों की हितैषी है केंद्र सरकार

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**



बादाम पहाड़ स्टेशन पर कार्यक्रम में भाग लेने के बाद रायरंगपुर में लोगों से विदा लेती राष्ट्रपति मुर्मू। साथ में राज्यपाल रघुवर दास व अन्य।



बादाम पहाड़ स्टेशन पर आयोजित समारोह को संबोधित करती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

**बादाम पहाड़/रायरंगपुर (ओडिसा)।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने आज अपने गृह क्षेत्र ओडिसा के भयूरभंज जिले में जहां बादाम पहाड़ रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण सह विस्तार योजना की आधारशिला रखी, वहीं दूसरी ओर उन्होंने बादाम पहाड़ स्टेशन से तीन नयी ट्रेनों को झंडी दिखा कर रवाना किया। ये नयी ट्रेन हैं : टाटा-बादाम पहाड़ मेमू, टाटा शालिमार तथा टाटा-राउरकेला साप्ताहिक ट्रेन। इस मौके पर ओडिसा के नये राज्यपाल रघुवर दास, केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, केंद्रीय शिक्षा एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान केंद्रीय जनजातीय एवं जल शक्ति राजमंत्री विशेश्वर टुडू, ओडिसा सरकार के राजस्व व आपदा प्रबंधन मंत्री सुदामा मरांडी,स्थानीय सांसद एवं रेलवे के अधिकारीगण उपस्थित थे। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने मयूरभंज के विकास का जो सपना देखा था वो अब साकार हो रहा है। तीन नयी ट्रेनों का परिचालन शुरु होने से मयूरभंज क्षेत्र का विकास तेज होगा। विकास के नये द्वार खुलेंगे और लोगों को रोजगार मिलेगा। व्यापार के नये रास्ते खुलेंगे। टाटा बादाम पहाड़ स्टेशन पर तीन नयी ट्रेनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना करने के पश्चात राष्ट्रपति ने स्थानीय लोगों को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की नीतियों को जम कर सराहा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सड़क,शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अमृत भारत योजना के तहत छोटे- छोटे रेलवे स्टेशनों को भी विकसित कर रही है। यहीं नहीं वर्तमान भारत सरकार आदिवासी भाई-बहनों के विकास के लिए बहुत ही सराहनीय काम कर रही है। मैं ओडिसा के एक छोटे से गांव से निकल कर आज दिल्ली में एक बड़े पद पर बैठी हूं। यह उदाहरण है कि केंद्र सरकार की सोच की जिन्होंने एक आदिवासी महिला को जमीन से उठा कर देश के सबसे ऊंचे पद पर बैठा दिया है। लेकिन मैं जहां भी रहूंगी, ओडिसा की माटी से हमेशा जुड़ी रहूंगी और इसी की बेटी कहलाऊंगी।

## पंचायत स्तर पर होगा सैल्यूट तिरंगा संगठन का विस्तार : प्रमोद मिश्रा


**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मंगलवार को राष्ट्रियवादी संगठन सैल्यूट तिरंगा झारखंड इकाई की बैठक साकची स्तिथ एक होटल में झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष रविशंकर तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा और राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रदेश के प्रभारी नीरज सिंह शामिल हुए। इस बैठक में संगठन के विस्तार , सदस्यता अभियान और झारखंड के हर पंचायत और जिले में विस्तार सह ग्राम प्रमुख के नियुक्ति पर चर्चा हुई। इस बैठक में प्रमोद मिश्रा ने कहा की सैल्यूट तिरंगा पूर्णतः राष्ट्रवादी संगठन है और किसी भी संस्था और पार्टी से जुड़े लोग जिनके अंदर अपने देश के प्रति प्रेम और जिनके अंदर राष्ट्रवादी विचारधारा है वे सब इस संगठन का हिस्सा बनकर अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सम्मान दे सकते हैं।

## माता-पिता की छांव में रक्तदान करने पहुंचा हिमांशी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** एक समय था, जब माता-पिता अपने बच्चों के हांथों में रक्तदान का बैंडेड देखकर गुस्से से देखते थें कि आखिर ऐसी क्या जरूरत थी कि उन्होने रक्तदान किया लेकिन आज समय के साथ रक्तदान की महत्ता को समझते हुए माता-पिता अपने बेटे को 18 वर्ष पूरा होने पर सीधे ब्लड सेन्टर ले जाकर उनका रक्तदान कराते हैं, ऐसे ही माता-पिता की छांव में आज हिमांशु आचार्य ने अपना पहला रक्तदान जमशेदपुर ब्लड सेन्टर में किया, उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए उनकी मां एवं पिता दिलीप आचार्य के साथ जमशेदपुर ब्लड सेन्टर के प्रशासक संजय चौधरी एवं रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह उपस्थित थें। इस मौके पर हिमांशु के पिता एवं टाटा स्टील कर्मी दिलीप कुमार आचार्य ने अपना 10वां एसडीपी दान किया, जिसके साथ उन्होने अपना 46 रक्तदान पूरा किया। रक्तदान के क्षेत्र में नये पौध को लाकर, उन्हें प्रोत्साहित कर ही इस अभियान को हमेशा सजीव रखा जा सकता है। आज रक्तदान की कड़ी में टाटा स्टील कर्मी राजू पाण्डे ने चौथी बार एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट्स) का दान किया, इसके साथ उन्होने अपने 6 रक्तदान को पूरा किया। आज प्रतीक पंसारी ने अपना दूसरा एसडीपी दान कर 25 रक्तदान को पूरा किया और 25वें रक्तदान का स्मृति चिन्ह जमशेदपुर ब्लड सेन्टर में हासिल किया। आज रेड क्रॉस के एसडीपी प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने टाटा स्टील कर्मी अंकुश कुमार को 25वें रक्तदान का स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

## बीएनएमएच के कार्डियक टीम में डॉ अखलाक शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, जमशेदपुर (नारायण हेल्थ की एक इकाई) ने गर्व से अपनी कार्डियक टीम में डॉ. अखलाक अहमद को शामिल किया हैं। डॉ. अहमद अपने साथ कार्डियक केयर में एक उत्कृष्ट ट्रैक रिकॉर्ड लेकर आए हैं, जिसमें विशेषज्ञता और कार्डियक स्वास्थ्य देखभाल को आगे बढ़ाने के लिए एक समर्पण है। उन्नत हृदय देखभाल में डॉ. अहमद का अनुभव और विशेषज्ञता, ब्रह्मानंद नारायणा मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल (बीएनएमएच) में हृदय विभाग को और मजबूत करेगी। अस्पताल के कार्डियक टीम में शामिल होने के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए, डॉ. अहमद ने कहा कि मैं ब्रह्मानंद नारायणा मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, जमशेदपुर का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, जो रोगी देखभाल में उत्कृष्टता और राज्य में हृदय स्वास्थ्य देखभाल की उन्नति के लिए समर्पित है। साथ मिलकर, हम उच्च गुणवत्ता वाली हृदय संबंधी देखभाल प्रदान करके समुदाय की भलाई एवं इसे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। वही बीएनएमएच जमशेदपुर के सुविधा निदेशक विनीत राज ने कहा की डॉ. अहमद का बीएनएमएच में शामिल होना समाज को असाधारण स्वास्थ्य सेवाए प्रदान करने के हमारे अस्पताल के मिशन के साथ संरेखित है, जो उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और बढ़ाता है। मालूम हो कि डॉ. अहमद की शैक्षिक यात्रा दरभंगा मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने के साथ शुरू हुई और उसके बाद डीएमसीएच, दरभंगा में एमडी (आंतरिक चिकित्सा) में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बाद में उन्होंने संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ में कार्डियोलॉजी में अपना विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया और डीएम की डिग्री हासिल की।

## बहाली में 80 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को दिया रोजगार : टीएसपीडीएल प्रबंधन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी, टाटा स्टील डाउनस्ट्रीम प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीएसडीपीएल) के जमशेदपुर संयंत्रों के लिए नियुक्त किए जा रहे अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों में से 80 प्रतिशत से अधिक झारखंड के स्थानीय निवासी हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि कंपनी का ध्यान अपने परिचालन स्थानों पर युवाओं को रोजगार प्रदान करने पर है। कंपनी ने यह जानकारी एक प्रेस बयान जारी कर दी है। कंपनी ने बयान में कहा है कि यह कदम निजी क्षेत्र में भी स्थानीय उम्मीदवारों के लिए झारखंड सरकार के रोजगार नियमों के अनुसार है, जिसके तहत कुछ नौकरियों में न्यूनतम 75 प्रतिशत नौकरियां योग्य स्थानीय उम्मीदवारों को देने का आदेश दिया गया है। प्रबंधन के अनुसार कंपनी ने एक पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया अपनाई है जिसमें लिखित परीक्षा और उसके बाद साक्षात्कार शामिल हैं। कंपनी राज्य के युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करने और झारखंड की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि यह निकट भविष्य में अपनी महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं को आगे बढ़ा रही है।

## 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन 24 नवंबर से

सभी पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनों को कल्याणकारी योजनाओं से किया जाएगा आच्छादित : डीसी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में 'आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देश दिया गया कि राज्य सरकार के दिशा निदेर्शानुसार 24 नवम्बर से 26 दिसम्बर तक पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया योजनाबद्ध तरीके से किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तरीय शिविर को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार करायें जिससे अधिकाधिक संख्या में लोग पंचायत स्तरीय शिविरों में पहुंचे। साथ ही यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि आगामी 24 नवंबर से 26 दिसबंर तक 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुदूर व दुर्गम क्षेत्रों में निवासरत लोगों तक पहुंचाने का प्रयास होगा। इस योजना के तहत जिले के हर एक पंचायत में शिविर लगाया जाएगा। जितने भी आवेदन ग्रामीणों द्वारा दिए जाएंगे उनका समयबद्ध निष्पादन का निर्देश सभी विभागीय पदाधिकारी को दिया गया है। दूरस्थ पंचायत स्तरीय शिविरों में जिला स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थिति रहेंगे। बैठक में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होने स्पष्ट निर्देश दिया कि योजनाओं को सेचुरेशन मोड में क्रियान्वित करना है। पंचायत स्तरीय शिविरों में 12वीं के विद्यार्थियों को मोबिलाइज करते हुए गुरूजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिए आवेदन लिए जाने का निर्देश दिया गया । उन्होने निर्देशित किया कि शिविर में लगाए गए स्टॉल में कंप्यूटर, प्रिंटर व इंटरनेट सेवा संबंधित सभी तैयारी ससमय पूर्ण कर ली जाए। साथ ही जिले में आयोजित होने वाले सभी कैंपों में ग्रामीणों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता, साफ सफाई, मूलभूत सुविधाएं, माइकिंग सिस्टम आदि दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।

बैठक में एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन, एसओआर दीपू कुमार, डीसीएलआर रविन्द्र गागराई, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

खबर एक नजर में

## चांडिल रेलवे स्टेशन को बनायेंगे वर्ल्ड क्लासः वैष्णव



चांडिल। मंगलवार को केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का चांडिल स्टेशन में गाजे बाजे के साथ रांची के सांसद संजय सेठ के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पुरुलिया के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो भी उनके साथ चांडिल स्टेशन पहुंचे। रेल मंत्री ने कहा चांडिल स्टेशन का अमृत भारत योजना के तहत साढ़े पांच करोड़ की लागत से वर्ल्ड क्लास बनाया जाएगा। चांडिल स्टेशन पर तीन लिफ्ट की सुविधा होगी। उन्होंने कहा चांडिल नगर वासी भविष्य को ध्यान में रखते हुए अपने अनुसार स्टेशन का डिजाइन तैयार करें। रेलवे के पदाधिकारी आपको मदद करेंगे। मंडल महामंत्री प्रभात कुमार पोद्दार ने चांडिल स्टेशन पर यात्री सुविधा को लेकर मांग पत्र सौंपा।

## उर्जा मेला : 54 उपभोक्ताओं की समस्याएं हुई सूचीबद्ध, 25 का त्वरित निपटारा



जमशेदपुर। छोटा गोविंदपुर के जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह के आग्रह पर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा गोविंदपुर हाट बाजार प्रांगण में बिजली उपभोक्ताओं के समस्याओं के त्वरित निदान के लिए एक दिवसीय ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया। जिसके सुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक श्री मंगल कालिंदी, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष श्री पंकज सिन्हा, कार्यपालक अभियंता श्री आनंद कौशिक , गोविंदपुर क्षेत्र के एस डी ओ चंद्रशेखर, करनडीह के एसडीओ देवाशीस मुखर्जी, अभियंता सहित सहित बिजली विभाग के कर्मी मौजूद रहे। ये कैंप 11 बजे से संध्या 4 बजे रहा जिसमें 54 उपभोक्ताओं ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई जिनमें से 25 उपभोक्ताओं का शिकायतों का त्वरित निपटारा किया गया। बिजली विभाग के द्वारा मेला में आने वाले उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के उद्येश्य से विभाग द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री मंगल कालिंदी ने कहा कि झारखंड सरकार का प्रयास है कि उपभोक्ताओं की समस्याओं को उनके घरों में ही दूर किया जाए, जिसके तहत इस ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया है ताकि आम जनता को कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। जिला परिषद की अध्यक्ष बारी मुर्मू ने कहा की बिजली विभाग का यह पहल बहुत अच्छा है जिससे उपभोक्ताओं में जागरुकता आएगी। उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा की सरकार को फिर से उपभोक्ताओं के ऋण माफी योजना चालू करवानी चाहिए जिससे आम आदमी को लाभ पहुंचे । स्थानीय जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने नए बसे बस्तियों में बस्तियों में नए पोल लगाने एवं जर्जर तारों को बदलने का आग्रह किया एवं बहुत जगह जो इंसुलेटेड तार से बिजली का कनेक्शन नहीं हो पाया है उसे चालू करने का आग्रह किया। कार्यपालक अभियंता श्री आनंद कौशिक ने सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा के साथ-साथ बिजली के पोल एवं तारों को युद्ध स्तर पर मरम्मतीकरण का आदेश एसडीओ एवं अभियंता को दिया।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से स्कूटी सवार महिला की मौत, पति गंभीर रूप से घायल



गम्हरिया। टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर केंदु गाछ के समीप अज्ञात वाहन द्वारा ठोकर मार दिए जाने से स्कूटी सवार एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि उसके स्कूटी चला रहे उसके पति गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया जबकि घायल व्यक्ति को इलाज के लिए टीएमएच भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ठोकर मारने वाला एक फौजी वाहन है। मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे हुई इस सड़क दुर्घटना के बावत प्राप्त जानकारी के अनुसार, गम्हरिया के सनराइज एनक्लेव निवासी शरण तिर्की अपनी पत्नी के साथ स्कूटी (संख्या-जेएच022ए/1087) से आदित्यपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान केंदू गाछ के समीप पीछे से आ रहे एक वाहन द्वारा स्कूटी में ठोकर मार दी गई जिससे तिर्की दंपति स्कूटी से गिर पड़े। इस दुर्घटना में शरण तिर्की के सर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें लगी जबकि उनकी पत्नी के सर के परखच्चे उड़ गए और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ठोकर मारने के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इस दुर्घटना के बाद काफी संख्या में स्थानीय लोग और राहगीर वहां जुट गए। लोगों की भीड़ के कारण काफी समय तक उक्त मार्ग पर वाहनों का आवागमन ठप्प रहा। सड़क दुर्घटना और रोड जाम की सूचना पाकर घटनास्थल पर सदलबल पहुंचे आदित्यपुर थाना प्रभारी राजन कुमार, गम्हरिया थाना प्रभारी आलोक दुबे, यातायात निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने रेस्क्यू कर घायल शरण तिर्की को इलाज के लिए टीएमएच भेजा जबकि मृत उनकी पत्नी के शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा गया। घटना की जानकारी पाकर भाजपा नेता रमेश हांसदा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस और जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिले में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं से जिला प्रशासन की पोल खुल गई है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस सड़क हादसों को लेकर गंभीर नहीं है, जिसके कारण जिले की सड़कों पर आए दिन हादसे हो रहे हैं।

## विधायक सविता महतो ने सीएम हेमंत सोरेन को सौंपा मांगपत्र



चांडिल। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो ने रांची स्थित आवास में मिलकर सोहराई पर्व का शुभकामनाएं दिए एवं ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सड़क निर्माण करवाने को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा। विधायक ने कपाली नगरपरिषद क्षेत्र के हरिमंदिर से मस्जिद इब्रहिम तक पथ निर्माण, कपाली पुराना टीओपी से अलबेला गार्डन नाला तक पथ निर्माण, कदमडीह में निर्माणधीन रेलवे अंडर पास से सिकली, चांडिल रेलवे स्टेशन, उगडीह, बुरुडूंगरी होते हुए नेशनल हाईवे 32 पर पथ का निर्माण सहित कई अन्य सड़क निर्माण का मांग किया। मुख्यमंत्री ने जल्द ही सभी मांगो पर अमल करने का आश्वासन दिए।

स्पीड न्यूज

### विधायक ढुल्लू महतो और रागिनी सिंह समर्थकों में संघर्ष, चार घायल

**धनबाद।** धनबाद के लोयाबाद में सोमवार की रात लगभग 8:30 बजे दो गुटों में खूनी संघर्ष हो गया. इस संघर्ष में कम से कम चार से अधिक लोग घायल हुए हैं। एक घायल को धनबाद के अशर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन जानकारी मिली है कि उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे दुगार्पुर रेफर कर दिया गया है। उस पर तलवार से हमला किया गया बताया जा रहा है। कुछ लोगों का इलाज धनबाद के एस एन एम एमसीएच में चलने की सूचना है। जानकारी के अनुसार विधायक ढुल्लू महतो समर्थक और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह समर्थक आपस में टकराए हैं। टकराहट किस बात को लेकर हुई है, इसका खुलासा नहीं हुआ है। लेकिन सूत्र बताते हैं कि एक गुट का एक युवक एकरा गया था। वहां उसकी पिटाई कर दी गई। उसके बाद दूसरे गुट के लोगों ने पीटने वाले पर हमला बोल दिया। इस घटना के बाद चार थानों की पुलिस इलाके में कैंप कर रही है। जिसे दुगार्पुर रेफर किया गया है,वह विधायक ढुल्लू समर्थक बताया जाता है।

### एमएसएमई ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने की घोषणा का किया स्वागत



**बोकारो।** एमएसएमई एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष शशि भूषण ने सेल के उत्पादन क्षमता बढ़ाने की घोषणा का स्वागत करते हुए सेल अध्यक्ष अमरेंदू प्रकाश को इसके लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि सेल के बोकारो स्टील प्लांट को छोड़कर किसी अन्य इकाई के किसी के पास अतिरिक्त जमीन नहीं है। इसकी स्थापना 10 मिलियन टन के लिए हुई थी, लेकिन इसकी क्षमता घट गई। अब समय आ गया है जब दामोदर की क्षमता और बोकारो इस्पात संयंत्र के पास उपलब्ध जमीन को देखते हुए इसका विस्तार 15 से 20 मिलियन टन किया जाए ताकि यहां के विस्थापित एवं स्थानीय युवाओं को अनवरत रोजगार मिल सके। साथ ही यहां के उद्योगों को भी अनवरत काम मिल सके और बोकारो एक विकसित शहर बन सके।

### बिहार के पूर्व सीएम जीतनराम मांझी से मिले अनिल अग्रवाल

**बेरमो।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी से अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल उनके आवास में मिलकर उन्हें अंगवस्त्र तथा पौधा दे कर सम्मानित किया। इस दौरान समाज सहित कई विषयों पर चर्चा हुई जिसपर श्री मांझी ने समाधान का भरोसा दिया। श्री माझी ने कहा कि जो भी मामला है उनपर त्वरित पहल करते हुए समाधान करने का प्रयास करेंगे। संगठन के कल्याणकारी कार्यों से भी पूर्व मंत्री जी अवगत हुए ओर संगठन के कार्यों का सरहाना करते हुए हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिया।

### शहीद हरीश मरांडी की पुण्यतिथि मनी

**पूर्वी टुंडी ।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत कुरकुटांड़ में शहिद हरीश मरांडी का पुण्यतिथि मनाया गया। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने शहिद हरीश मरांडी के शहीद स्मारक स्थल पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ में बीस सूत्री अध्यक्ष नरेश मुर्मू एवं झामुमो पार्टी के कार्यकर्ता गण आदि ने शहीद स्मारक स्थल पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी ।

### राष्ट्रीय स्केटिंग में चयनित बच्चे प्रदर्शन को तैयार

**बोकारो।** बोकारो के तीन प्रतिभाशाली बच्चे 61वीं राष्ट्रीय स्पीड रोलर प्रतियोगिता में डीपीएस बोकारो जीजीपीएस बोकारो और डीपीएस बोकारो के क्रमशः अक्षत दास कैडेट ईशान तिरिया सबजूनियर और आयुष ओम दास जूनियर केटेगरी में चुने गए हैं। यह प्रतियोगिता 15 से 25 दिसम्बर के बीच चेन्नई में आयोजित की जा रही है। तीनों बच्चों का चुनाव रांची स्थित खेलगांव में प्रतियोगिता में विजेता बनने के बाद तय हुआ।

# सिंदरी में अवैध कोयले की माइनिंग का हुआ भंडाफोड़

**टासरा बस्ती के समीप सेल चासनाला की धरती पर दो जगहों पर अवैध माइनिंग**



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** गौशाला ओपी क्षेत्र में सेल टासरा प्रोजेक्ट से सटे टासरा बस्ती के समीप सेल चासनाला की धरती पर दो जगहों पर अवैध माइनिंग का भंडाफोड़ हुआ है। इसको लेकर धनबाद उपायुक्त वरण रंजन के निर्देश पर झरिया अंचलाधिकारी ने छापेमारी कर लगभग चार ट्रैक्टर अवैध कोयला जप्त कर गौशाला ओपी के सुपुर्द किया है। इस समंदर में गोता लगाने के लिए गौशाला और झरिया के कई नामचीन हस्तियों के नाम छुपे शब्दों में लिए जा रहे हैं। पावरमैक और पी सी पटेल ग्रुप की संयुक्त उपक्रम कल्याणेश्वरी टासरा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा विगत गुरुवार को सेल टासरा प्रोजेक्ट में भूमि पूजन के कुछ दिनों बाद अवैध कोयला माइनिंग की जानकारी सेल प्रबंधन को प्राप्त हुई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा था। हालांकि इसको लेकर सेल टासरा सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि सेल टासरा की जमीन पर अवैध कोयला उत्खनन की शिकायत धनबाद उपायुक्त से की गई थी। इसपर संज्ञान लेते हुए झरिया अंचलाधिकारी ने निरीक्षण किया। उन्होंने अपने आवेदन में किसी अवैध कोयला तस्कर का जिक्र नहीं किया है। झरिया अंचलाधिकारी राम सुमन प्रसाद ने बताया कि गौशाला ओपी क्षेत्र में अवैध माइनिंग पकड़ा गया था और छापेमारी कर चार ट्रैक्टर कोयला जप्त कर गौशाला ओपी के सुपुर्द किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए गौशाला ओपी प्रभारी बिरेन्द्र कुमार ने बताया कि अवैध माइनिंग की भराई सेल प्रबंधन द्वारा की जा रही है। सेल अधिकारी राजेंद्र प्रसाद की लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। किसी वाहन की जप्ती नहीं की जा सकी है।

## कालूबथान और पंचेत में धड़ल्ले से कोयले की अवैध तस्करी जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

कुमारधुबी। कालूबथान पंचेत ओपी क्षेत्र अंतर्गत धड़ल्ले से कोयले की अवैध खेल जारी है। इन अवैध खेल करने वालों की माने तो ऊपर तक सेटिंग हो चुका है। अब सबसे ऊपर कौन बैठा है यह कोयला चोर ही जानते है। यहां के साधारण लोग भी मानने को मजबूर है, क्योंकि पंचेत ओपी क्षेत्र अंतर्गत लत्ती बाबू पुल के समीप प्राथमिक विद्यालय में ही कोयला डिपो के नाम पर काला खेल किया जा रहा है। पिता माता जिन छोटे-छोटे बच्चो को विद्यालय भविष्य बनाने के लिए भेजते हैं। वह बच्चा विद्यालय जाकर बीमारी घर ले आते हैं। अब तो यह हाल है इस विद्यालय में माता-पिता बच्चों को भेजना ही बंद कर दिए है। जिस कारण अब इस विद्यालय में गिने चुने बच्चे ही पहुंचते हैं। आपको बताते चले अगले वर्ष जब इस कोयला डिपो में बाहर से आए टीम के द्वारा छापेमारी किया गया था तो सात डंफर अवैध कोयला पाया गया था। वही कालूबथान ओपी अंतर्गत केथारडी एवं पलासिया काली मंदिर के समीप धड़ल्ले से अवैध खनन जारी है। जिस कड़ी में बीसीसीएल, सीआईएसएफ एवं कालूबाथान ओपी के नेतृत्व में गिने चुने मुहाने को बंद कर औपचारिकता निभाने का काम किया है। हालांकि अभी भी दर्जनों मुहाने तक यह टीम पहुंच नहीं पायी हैं।

## धनबाद : जिला 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक में लिये कई निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मंगलवार को धनबाद जिला बीस-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में धनबाद जिला के गया पुल चौडीकरण का कार्य अविलंब चालू कराने,धनबाद में एयरपोर्ट के लिए जमीन चिन्हित कर राज्य सरकार को भेजने, धनबाद से बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली के लिए ट्रेन उपलब्ध कराने की मांग के साथ-साथ ठंड को देखते हुए गरीबों के लिए कंबल एवं अलाव की व्यवस्था की मांग को लेकर जिला 20-सूत्री कार्यालय,मिश्रित भवन (कंबाइंड बिल्डिंग) में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई । बैठक में जिला बीस-सूत्री के सभी सदस्य एवं सभी प्रखंड के बीस-सूत्री अध्यक्ष एवं सदस्यगण मुख्य रूप से उपस्थित थे। उक्त बैठक के बाद उपरोक्त विषयों को लेकर धनबाद जिला के 20-सूत्री उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में धनबाद उपायुक्त से एक प्रतिनिधिमंडल मिला,उक्त मांगो पर संज्ञान लेते हुए धनबाद उपायुक्त ने उक्त मांगो को अविलंब निराकरण करने का सकारात्मक आश्वासन दिया। बैठक में धनबाद जिला बीस-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने जिला प्रशासन से मांग करते कहा कि ठंड के मौसम के देखते हुए दस दिनों के बाद जिला में जगह-जगह अलाव की व्यवस्था के साथ-साथ गरीबों व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण की जाए। आगे उन्होंने कहा कि नगर निगम के द्वारा सडको, गलियों एवं वार्डो में सरकारी राशि का भारी मात्रा में खर्च कर लगाए गए पूर्व में स्ट्रीट लाइट जो जगह जगह पर बंद है और लाइट के अभाव में आए दिन घटना दुर्घटना होते रहती है,स्ट्रीट लाइट लगाने वाले एजेंसी शहर में लाइट लगाने के नाम पर खानापूर्ति करने का काम किया है ऐसे एजेंसी की अविलंब जांच की जाए एवं शहर में लाइट की दुरुस्त व्यवस्था की जाए।

## 24 नवंबर से शुरू होगा आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 24 नवंबर से 26 दिसंबर 2023 तक जिले की सभी 256 पंचायत, नगर निगम के 55 वार्ड एवं चिरकुंडा नगर परिषद के सभी वार्ड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर विभिन्न प्रखंड की पंचायत, धनबाद नगर निगम के वार्ड एवं चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड में कार्यक्रम की तिथियां निर्धारित कर दी गई है। 24 नवंबर को 10 पंचायत, धनबाद नगर निगम के दो वार्ड एवं चिरकुंडा नगर परिषद के 1 वार्ड में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 24 नवंबर को धनबाद प्रखंड के अरलगड़िया, *पूर्वी टुंडी* के चुरुरिया, निरसा के बैजना, कलियासोल के आंखद्वारा, तोपचांची के भुइया चितरो, बाघमारा प्रखंड के बगदाहा, बलियापुर के अलकडीहा, एगारकुंड के आमकुड़ा तथा गोविंदपुर प्रखंड के अमरपुर एवं जियलगोड़ा, धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या एक के राजेंद्र क्लब कतरास एवं वार्ड संख्या 2 के वार्ड विकास केंद्र छाताबाद तथा चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या एक के नगर भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10:00 बजे से संध्या 3:00 बजे तक अथवा जब तक अंतिम व्यक्ति की शिकायत न सुनी जाए या उनका आवेदन प्राप्त नहीं किया जाए तब तक चलेगा।

## तेलमच्चो में अमर कुमार बाउरी का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद महानगर की ओर से नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक दल झारखंड के नेता अमर कुमार बाउरी का मंगलवार को तेलमच्चो ब्रिज भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष गौर चन्द बाउरी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया मालूम कि अमर कुमार बाउरी नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा विधायक दल झारखंड के नेता बनने पर धनबाद पहली बार आगमन हुआ है खरखरी, सिनीडीह, आकाशकिनारी, राहुल चौक, में भी जोरदार स्वागत किया गया मौके पर गौर चन्द बाउरी चिरकुंडा नगर परिषद अध्यक्ष डब्लू बाउरी रामजीत भुईया आशीष पासवान योगेंद्र यादव फूल जोशी महेश पासवान गोपाल बाउरी आनंद बाउरी प्रहलाद बाउरी श्रीमंत बाउरी राकेश सिंह उत्तम गयाली सुजीत गायली हरेंद्र गिरी बांटी बाउरी युधिष्ठिर बाउरी जगरनाथ बाउरी मिथुन बाउरी सुभाष बाउरी रामनारायण गुप्ता बालेश्वर बाउरी धनंजय बाउरी नितेश बाउरी बिरजू बाउरी शुक्लू गोप अवधेश पासवान राजेश सिंह जयराम बाउरी टिंकू गयाली प्रभाकर बाउरी कविता देवी शंकर बाउरी जादू बाउरी सदानंद पासी सुरेश यादव अरूण बाउरी भीम कर्मकार संजीव सिंह चिनीवास बाउरी भारत बाउरी लालू बाउरी दीपक गयाली राजेंद्र रजवार विकास रजवार जीतु बाउरी विक्की, रोहित शर्मा जगदीश कर्मकार दिनेश बाउरी संजय बाउरी अजीत बाउरी मंतोष कर्माकर शंकर मोदी अमर बाउरी मनोज बाउरी आह्लाद बाउरी रंजीत बाउरी संजय दास राजा बाबू बाउरी विकास बाउरी राजू बाउरी मुन्ना चौहान अन्ततो बाउरी साधु दास भोला बाउरी राजकुमार चौहान राजा बाउरी शामिल थे।

## एक नजर में

### प्रो कबड्डी सीजन 10 में बोकारो के तेजनारायण होंगे तकनीकी अधिकारी

**बोकारो।** प्रो कबड्डी सीजन 8 और सीजन 9 का हिस्सा रहे प्रख्यात कबड्डी प्रशिक्षक तेजनारायण माधव का चयन प्रो कबड्डी सीजन 10 के तकनीकी अधिकारियों में किया गया है। प्रो कबड्डी सीजन 10 आगामी 2 दिसंबर से गुजरात के अहमदाबाद से शुरू होगा। यह 12 अलग अलग जगहों पर हो रही है। तेजनारायण ने प्रशिक्षण हेतु आमंत्रित करने के लिए लीग कमिशनर अनुपम गोस्वामी टेक्निकल डायरेक्टर प्रो कबड्डी ई प्रसाद राव टेक्निकल एडवाइजर एचवी नटराज विश्वास मौर्य श्रीमती मैत्री मशाल ऐशपोस्ट के कोऑर्डिनेटर राहुल कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया है। कबड्डी एसोसिएशन आफ झारखंड के महासचिव विपिन कुमार सिंह अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा वरीय उपाध्यक्ष मदन मोहन पांडे एवं कबड्डी एसोसिएशन पदाधिकारियों ने तेजनारायण माधव को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

### अमित ने बेहतर व्यवस्था के लिए प्रबंधन का जताया आभार



**बोकारो।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने बीएसएल प्रबंधन द्वारा छठ घाट पर बेहतर व्यवस्था बनाने के निमित्त ईडी पी एंड ए राजन कुमार से मिलकर आभार जताया और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कुमार अमित ने बताया कि इस बार छठ महापर्व के प्रति प्रबंधन की सराहनीय संवेदनशीलता को लेकर नागरिकों में सेल प्रबंधन के प्रति संतोष का भाव है। घाटों पर कपड़ा बदलने के लिए पर्याप्त चेंजिंग रूम की व्यवस्था बिजली जलाशयों में पानी का स्तर और स्वच्छता आदि से लोगों को सुविधा हुई। कुमार अमित ने शहर की स्वच्छता के लिए नई एजेंसी को बहाल करने से इस काम में आई शिथिलता को प्रबंधन से यथाशीघ्र और दुरुस्त करने के साथ स्वास्थ्य सड़क सहित अन्य नागरिक सुविधाओं में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी करने की मांग की।

### बेरमो एसडीपीओ से मिला पत्रकार संघ



**बेरमो।** दोषियों पर कार्रवाई एवं पत्रकार सुरक्षा की मांग को लेकर बोकारो जिले के विभिन्न प्रखंडों के पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को बेरमो एसडीपीओ विशिष्ट नारायण सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिले के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि 17 नवंबर की रात को 10-12 की संख्या में लोग साधना न्यूज चैनल के पत्रकार राकेश शर्मा के घर के पास आए और अचानक उन पर हमला कर दिया। सरेआम गोली मारकर हत्या करने की धमकी दी। बाद में पड़ोस के लोगों ने बीच बचाव किया। पत्रकार श्री शर्मा ने पेटरवार थाना में लिखित आवेदन दर्ज कर कार्रवाई की मांग की थी।पेटरवार पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था। अभी राकेश तथा उसके परिवार को जानमाल का खतरा बना हुआ है।

### आउटसोर्सिंग को लेकर आजसू की प्रेस वार्ता

**पुटकी।** कोकप्लान्ट पावर हाउस के पास आजसू के जिलाध्यक्ष मंटू महतो ने प्रेस वार्ता करते हुय कहा कि पूर्व धोषित कार्यक्रम के तहद आगामी 23 नवम्बर को अपनी चौदह सूत्री मांगों को लेकर पुटकी पीबी एरिया से संचालन पुटकी 17 नं में एसटीजी आउटसोर्सिंग कम्पनी कोयला उत्खनन का काम कर रही है।जो पिछले दिनों एक दिवसीय धरना भी दिया गया था। मगर अभी तक कम्पनी हमारे आजसू पार्टी के लोगो से कोई पहल नही किया, इसलिए कम्पनी को अनिश्चित कालीन बंदी करने का निर्णय लिया।

## कूड़ेदानों में आग लगाने से वातावरण हो रहा प्रदूषित

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** विगत लगभग एक पखवाड़े से बोकारो शहर में न तो घरों से कचरे का उठाव हो पा रहा है और न ही कूड़ेदान को ही उठाकर उसे खाली करने का काम। अधिकतर सेक्टरों में कूड़ेदान तो कचरे से भरा ही है उसके आसपास चारों तरफ कूड़े का ढेर बिखरा पड़ा है। ऐसे में कूड़े को निपटाने के लिए कूड़ेदान और आसपास पड़े कचरे में आग लगा दी जा रही है जिसके दुर्गंधयुक्त विशैले धुएं से शहरवासी परेशान हैं। बीते दिनों कूड़े में लगी आग के चलते बीएसएल का बिजली का एचटी केबल जलकर नष्ट हो गया। राम मंदिर मार्केट और एचएससीएल कॉलोनी में विद्युतापूर्ति बाधित हो गई। शहर में कचरा प्रबंधन को संभालने के लिए 228 सफाई मित्र लगाए गए हैं। सेक्टर 11 और सेक्टर 6 के बीच सात एकड़ खुले डंपिंग ग्राउंड में हर दिन 36 हजार घरों और बाजारों से कचरा एकत्रित करके डंप किया जाता है। प्रबंधन के सूत्रों का कहना है कि टाउनशिप में डोर टू डोर गार्बेज कलेक्शन का काम अभी एक नई एजेंसी ने शुरू किया है। जल्द ही सभी काम सामान्य हो जाएंगे।

## तेनुघाट कॉजवे में मिला बुजुर्ग महिला का शव

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट ओपी थाना क्षेत्र के तेनुघाट कॉजवे में एक बुजुर्ग महिला का शव पुलिस ने बरामद किया हैण उसकी पहचान गोमिया थाना क्षेत्र के गोमिया पोस्ट ऑफिस मोड़ निवासी स्व त्रिवेणी राम की पत्नी मूर्ति देवी 65 वर्ष के रूप में हुई हैण इस संबंध में तेनुघाट ओपी के थाना प्रभारी आशीष कुमार ने बताया कि दामोदर नदी के तेनुघाट कॉजवे में महिला का शव पानी में तैरता हुआ देखा गयाण जानकारी मिलने के बाद वे मौके पर पहुंचे और स्थानीय तैराक से शव को बाहर निकाला। महिला की पहचान उसके परिजनों ने कीण जानकारी मिली कि मूर्ति देवी का नैहर छपरगड्ढा गांव में हैण शायद वह नैहर जा रही थी। इसी क्रम में वह तेनुघाट कॉजवे के निकट एक होटल में कुछ देर के लिए रुकी थीण इसके बाद वह नदी के किनारे गईण नदी में कैसे गिरी इसकी जांच की जा रही हैण घटना की जानकारी मिलने पर उनके परिजन भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि सुबह ही घर से नैहर जाने की बात कहकर निकली थी। पुलिस उक्त महिला का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

### स्वांग में मंदिर जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत स्वांग उत्तरी पंचायत के महावीर स्थान स्थित शिव मंदिर सह हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास मुखिया विनोद विश्वकर्मा व वार्ड सदस्य लक्ष्मी पांडेय ने नारियल फोड़ कर किया। मंदिर जीर्णोद्धार का कार्य सीसीएल स्वांग कोलियरी प्रबंधन की ओर से किया जायेगा। इस दौरान मंदिर कमेटी के पदाधिकारीए सदस्य सहित आसपास के ग्रामीण मौजुद थे। मुखिया विनोद विश्वकर्मा ने कहा कि काफी दिनों से मंदिर की मरम्मत नहीं हुआ था।

## धीरज नोनिया मौत प्रकरण में आजसू की न्याय यात्रा

**प्रबंधन की लापरवाही से मजदूरों के साथ घट रही है घटनाएं**

श्री तिवारी ने कहा कि आये दिन बीसीसीएल द्वारा संचालित विभिन्न आउटसोर्सिंग कंपनियों में प्रबंधन की लापरवाही से प्रभावित क्षेत्र एवं कार्यरत मजदूरों के साथ अप्रिय घटना घटते रहती है। जिसमें बीसीसीएल के साथ-साथ डीजीएमएस धनबाद भी दोषी है। श्री तिवारी ने कहा कि उपरोक्त मामले की निष्पक्ष जांच को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक से जल्द मुलाकात कर न्याय की मांग करेंगे। मौके पर प्रखण्ड सचिव प्रेम कुमार तिवारी, कुन्दन रजक, गौतम गोप, सुभाष बॉस, गोल्डन तिवारी, ललन रजक, शिवा प्रसाद, विकाश सरकार, अनीश सिंह, शेख बंटी, शेख संटू, किशोर कुमार, निक्की सिंह, रोहित शर्मा मौजूद थे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** आजसू पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष राकेश गयाली के नेतृत्व में लोयाबाद निवासी ₹धीरज नोनिया₹ मौत प्रकरण को लेकर प्रखण्ड कमिटी की ओर से सिनीडीह ट्रेड पॉइन्ट पर केंडल मार्च व न्याय यात्रा निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी मौजूद थे। आपको बताते चलें कि लोयाबाद थाना काण्ड संख्या 23/2022 दिनांक 2/5/2022 को सिजुआ क्षेत्र 5 के सेन्द्रा बांसजोड़ा कोलियरी परियोजना साकार मास ज्योईंट भेंचर प्राईवेट कंपनी द्वारा संचालित कोयला उत्खनन परियोजना में ₹धीरज नोनिया₹ की मौत माईंस के अंदर बाहरी जनो के प्रवेश वर्जित क्षेत्र में हो गया था। माना जाता है कि यह घटना नीजि कम्पनी एवं बी.सी.सी.एल अधिकारियों की लापरवाही या फिर मिलीभगत से हत्या से जुड़ी मामला है। घटना का प्रत्यक्ष दर्शी गवाह, विडियो फुटेज आदि गवाह सबूत होने के बाद भी अभी तक घटना में किसी पर पुलिस आरोप सिद्ध नहीं कर पा रही है। साकार मास ज्योईंट भेंचर प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी और बीसीसीएल अधिकारी, प्रशासन और जांच अधिकारी को गुमराह कर रही है। जब कि घटना प्रातः काल 8-10बजे लगभग की है। उक्त घटना की विडियो फुटेज के साथ-साथ दर्जनों गवाह, एवं सैकड़ों जन प्रत्यक्षदर्शी भी है। उसके बावजूद उक्त घटना को बीसीसीएल के अधिकारीगण एवं कम्पनी मालिक अपनी लापरवाही एवं जवाबदेही से बचने के लिए साजिश कर प्रशासन की मिली भगत से माईंस से बाहर घटना स्थल बदलकर अज्ञात वाहन द्वारा सड़क दुघर्टना में तब्दील करना चाहते हैं।

## गोपाष्टमी मेला को लेकर गंगा गौशाला ने निकाली शोभायात्रा

**गोपाष्टमी महोत्सव**

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** गंगा गौशाला गोपाष्टमी महोत्सव का कार्यक्रम शुरू हो गया है। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए मंगलवार को कतरास सूर्य मंदिर से भव्य शोभा कलश यात्रा निकल गई। हजारों की संख्या में भक्तजन उपस्थित होकर सूर्य मंदिर से शहर का भ्रमण करते हुए कतरास गंगा गौशाला पहुंचे। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से डॉक्टर दुर्गेश आचार्य जी महाराज बाघमारा विधायक दुलु महतो की धर्मपत्नी सावित्री देवी वार्ड नंबर 1 की भावी पार्षद प्रत्याशी डॉ मधुमाला गौशाला कमेटी के सभी पदाधिकारी सदस्य मौजूद थे। बताते चलें कि 27 नवंबर तक संध्या 3:00 बजे से डॉक्टर दुर्गेशाचार्य जी महाराज द्वारा प्रतिदिन शिव महापुराण कथा का वाचन होगा। शोभा यात्रा में रंग बिरंगी झांकियां के साथ रथ पर महाराज जी सवार होकर नगर का भ्रमण किया । इस मौके पर विधायक ढूल्लू महतो ने कहा जनमानस के सहयोग से कतरास गंगा गौशाला का 104 वां वार्षिक अधिवेशन सह गोपाष्टमी महोत्सव का शुरूआत हो गया है जो 28 नवंबर तक चलेगी। वहीं विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए पानी शरबत एवं अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी राजेंद्र क्लब के समीप दुर्गा पूजा समिति के द्वारा भी पानी एवं शरबत का स्टॉल लगाया गया।

**वन प्रमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा वन प्रमण्डल**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पी0 आर0 संख्या 310246 के माध्यम से प्रकाशित कोडरमा वन प्रमण्डल द्वारा दिनांक 23.11.2023 को आमंत्रित निविदा की तिथि में अपरिहार्य कारणवश परिवर्तन किया जाता है। उक्त निविदा दिनांक 30.11.2023 को 03:00 बजे अपराह्न तक प्रमण्डलीय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन प्रमण्डलीय कार्यालय में निविदादाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष 03:30 बजे अपराह्न में खोली जायेगी। निविदा में उल्लेखित वाहनों पर कोई दावा दिनांक 29.11.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक समर्पित किया जा सकता है। निविदा में उल्लेखित वाहनों की सूची एवं अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

PR 311698 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
कोडरमा वन प्रमण्डल

# बेहतर विकास दर

मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने 2023 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.7 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। मूडीज का मानना है कि देश में मजबूत घरेलू मांग की वजह से निकट भविष्य में वृद्धि की रफ्तार कायम रहेगी।प्रतिकूल वैश्विक आर्थिक पृष्ठभूमि के कारण निर्यात कमजोर रहने से मूडीज ने अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024-25ह्ल में कहा कि घरेलू मांग में सतत बढ़ोतरी भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही है। मूडीज ने कहा, ह्यह्यहमें उम्मीद है कि भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 2023 में करीब 6.7 प्रतिशत, 2024 में 6.1 प्रतिशत और 2025 में 6.3 प्रतिशत बढ़ेगी। ह्लह्ल भारत की आर्थिक वृद्धि दर जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही है, जो मार्च तिमाही में 6.1 प्रतिशत थी।घरेलू खपत व ठोस पूंजीगत व्यय और सेवा क्षेत्र की गतिविधि में तेजी से देश की आर्थिक वृद्धि मजबूत रही है।मूडीज ने कहा, मजबूत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह, बढ़ती वाहन बिक्री, बढ़ता उपभोक्ता भरोसा तथा दोहरे अंक की ऋण वृद्धि से पता चलता है कि मौजूदा त्योहारी सीजन के बीच शहरी उपभोग मांग जुझारू बनी रहेगी। हालांकि, ग्रामीण मांग जिसमें सुधार के शुरूआती संकेत दिख रहे हैं वह असमान मानसून के कारण चिंता का विषय बनी हुई है। इससे फसल की पैदावार और कृषि आय कम हो सकती है।मूडीज ने कहा कि हालांकि मुख्य मुद्रास्फीति भी अगस्त में 4.8 प्रतिशत से कम होकर 4.5 प्रतिशत हो गई, लेकिन असमान मौसम व भूराजनीतिक अनिश्चितता के बीच खाद्य व ऊर्जा की कीमतों में संभावित बढ़ोतरी से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के ऊपर की ओर जाने के जोखिम को लेकर रिजर्व बैंक सतर्क रुख अपनाएगा। देश के आर्थिक जगत के लिये यह अच्छी बात है।

# क्रिप्टो में निवेश से बचें

क्रिप्टो करेंसी के बाद फोरेक्स ट्रेडिंग के जरिए हो रही करोड़ों की ठगी, पंजाब से गोवा तक लोगों को शिकार बनाया जा रहा है।

हिमाचल प्रदेश में क्रिप्टो करेंसी के नाम पर एक लाख लोगों को लूटा जा चुका है। इसी तरह की ठगी का एक अन्य मामला सामने आया है जिसे फोरेक्स ट्रेडिंग के जरिये अंजाम दिया गया। हिमाचल प्रदेश में क्रिप्टो करेंसी के नाम पर एक लाख लोगों को लूटा जा चुका है। जिसमें निवेशकों से 2,500 करोड़ से ज्यादा की ठगी हो चुकी है। मामला विधानसभा में उठने के बाद एसआईटी अभी तक इस मामले में चार मुख्य सरगनों सहित दो दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पूरा हिमाचल इसमें खुद को ठगा महसूस कर रहा है क्योंकि प्रदेशवासियों के खून पसीने की गाढ़ी कमाई ठगों ने उड़ा ली। अभी यह मामला सुर्खियां में है। इसी तरह की ठगी का एक अन्य मामला सामने आया है जिसे फोरेक्स ट्रेडिंग के जरिये अंजाम दिया गया। इस फजीर्वाड़े में क्यूएफएक्स के मंडी में नागचला और पंजाब में जीरकपुर सहित दो कार्यालयों को सील कर दिया गया है। जांच में पाया गया कि यह कार्यालय बिना लाइसेंस संचालित किए जा रहे थे।

धोखाधड़ी का यह एक अलग जाल है जिसके तार पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली के अलावा गुजरात व गोवा से लेकर पूरे देश में फैले हुए हैं। इसमें भी लाखों लोगों लोगों से ठगी हुई। शिकायतों के आधार पर जब पुलिस ने जांच शुरू की तो दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।अभी मुख्य आरोपी हत्थे नहीं चढ़ा है। उसे दबोचने के लिए प्रयास और इसमें जांच चल रही है। क्रिप्टो करंसी की तरह फोरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर भी मोटे मुनाफे के लालच में लोगों को ठगा गया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वह मोटा मुनाफा देने का लालच देने वालों से सावधान रहें तथा इस तरह के निवेशों से बचें।

# निर्भय योग

**धर्म-प्रवाह**

**डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र**

कंस का बध करते समय वे उसके श्वसुर और सहायक महाबली जरासन्ध के आक्रमण की चिन्ता नहीं करते और निर्भय होकर निश्चिन्त भाव से मथुरा को कंस के आतंक से मुक्ति दिलाते हैं। भीरूता राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा अभिशाप है। भीरु राजा अथवा भीरू नेता अपनी प्रजा अथवा जनता की रक्षा कभी नहीं कर सकता। अतः वीरता और निर्भीकता राजनीतिक-जीवन के मूल्यवान आभरण हैं। श्रीकृष्ण का राजनीतिज्ञ रूप अपने युग की विकृत-राजनीति को पग-पग पर परिष्कृत करता है।

राजनीति से जुड़े लोग प्रायः अपनी विलास-प्रियता के कारण आर्थिक लाभ-लोभ से ग्रस्त होकर भ्रष्ट हो जाते हैं। जो आर्थिक भ्रष्टाचार के पाप-पंक में नहीं गिरते, वे यश-लोलुपता के मकड़जाल में जकड़ कर अपने उद्देश्य से भटक जाते हैं। दुर्बलताएं राजाओं, नबाबों और नेताओं सहित अधिकांश शासक वर्ग में सहज सुलभ हैं। इनके कारण सार्वजनिक जीवन की सुख-शांति बाधित होती है। श्रीकृष्ण निष्कामता के सिद्धांत से इन विष-व्याधियों का शमन करते हैं। उन्हें न धन की अपेक्षा है और न यश की चाह। कंस को मारकर वे स्वयं को मथुरा-नरेश घोषित नहीं करते। कंस पर विजय प्राप्त करने के परिणाम स्वरूप मथुरा पर उनका अधिकार स्वयं सिद्ध हो जाता है किंतु वे उस अधिकार की डोर से नहीं बंधते। मथुरा का राजमुकुट उसके पूर्व-अधिपति महाराज उग्रसेन के मस्तक पर रखकर स्वयं पूर्ववत नंदनंदन बने रहते हैं।

**कॉर्टून वर्ल्ड**

बेहाल पृथ्वी की हालत



**लेटर टू एडिटर**

## सख्त हो मुहिम

**अभिनेता** सुशांत की मौत की जांच करते-करते नशे की अंधेरी गर्त भी उजागर हो गयी। तमाम नामचीन सितारों के नाम भी इस दलदल में उजागर हो रहे हैं। यह बड़ी चौंकाने वाली बात है। युवा लड़के और लड़कियां इन सितारों को अपना रोल मॉडल मानते हैं और उनके नक्शे कदम पर चलने की कोशिश करते हैं। अब नशा के उपयोग पर कड़ें दंड का प्रावधान होना चाहिए।

–पूनम कश्यप, जमशेदपुर


## कोरोना से लड़ाई

**इस** समय कोरोना महामारी के खिलाफ पूरी दुनिया एकजुट हो गई है। बहरहाल, डब्ल्यूएचओ की पहल पर दुनिया के 156 देशों ने वैक्सीन बनाने के लिए हाथ मिला लिया है। अमेरिका और चीन, दोनों ने डब्ल्यूएचओ की इस मुहिम में साथ देने से इनकार कर दिया। उम्मीद है कि जल्द ही वैक्सीन दुनिया को मिल जाएगी और लोगों की जान बच सके।

– निधि जैन, रातू गाजियाबाद

# नियमों से मुक्त होकर कृषि लाभकारी हो सकती है





-प्रहलाद सबनानी

> केंद्र सरकार ने मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए 20,000 करोड़ रुपए खर्च किए जाने का निर्णय लिया है। इसी प्रकार, देश में डेयरी उत्पादन को बढ़ाने के लिए 15,000 करोड़ रुपए, मधु-मक्खी पालन को बढ़ाने के लिए 500 करोड़ रुपए एवं बागवानी विकास के लिए भी अलग अलग खंडो के लिए पैसा उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया है।

**केंद्र** की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा वर्ष 2014 के बाद से ही किसानों की आय को दोगुनी करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है एवं कृषि क्षेत्र में सुधार हेतु कई योजनाओं को लागू किया गया है। इसी कड़ी में, अभी हाल ही में भारतीय संसद ने कृषि क्षेत्र से सबंधित तीन कानूनों को अपनी मंजूरी दी है। यह कृषि क्षेत्र के लिए एक विशाल परिवर्तक के तौर पर सिद्ध होने जा रहा है एवं इसके कारण कृषि क्षेत्र में निजी निवेशक अपने निवेश को बहुत भारी मात्रा में बढ़ा सकेंगे।

वर्ष 1991 में आर्थिक एवं बैंकिंग सुधार कार्यक्रमों की घोषणा की गई थी, जिसमें मुख्य रूप से देश को लाइसेन्स राज से मुक्ति मिली थी एवं उद्योग एवं बैंकिंग क्षेत्र में एक बहुत बड़ी हद तक व्यापार सम्बंधी नियमों को आसान बना दिया गया था। परंतु कृषि क्षेत्र में उस समय सुधार कार्यक्रमों को लागू नहीं किया गया था। अब केंद्र में मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र में विशेष सुधार कार्यक्रमों को लागू करने का फैसला किया है, जिसे एक अत्यधिक साहस भरा फैसला कहा जाना चाहिए। यह सुधार कार्यक्रम वर्ष 1991 में लागू किए गए आर्थिक सुधार कार्यकर्मों से भी अधिक महत्वपूर्ण सिद्ध होने जा रहा है। कृषि क्षेत्र में आज समस्या उत्पादन की नहीं बल्कि विपणन की अधिक है। देश में वर्तमान में प्रचलित नियमों के अनुसार किसान अपने कृषि उत्पाद को केवल कृषि उत्पाद विपणन समिति के माध्यम से ही बेच सकता है। शायद कृषि उत्पाद ही देश में एक एसा उत्पाद है जिसे बेचने की कीमत उत्पादक तय नहीं कर पाता बल्कि इस समिति के सदस्य इसकी कीमत तय करते हैं। इसके कारण कई बार तो किसान अपने उत्पाद की उत्पादन लागत भी वसूल नहीं कर पाता है। अब इस कानून के नियमों को शिथिल बनाया गया है जिसके कारण अब किसान अपनी उपज को सीधे ही प्रसंस्करण इकाइयों को, निर्यातकों को एवं इन वस्तुओं में व्यापार कर रही संस्थाओं को बेच सकेंगे एवं उस उत्पाद की कीमत भी किसान एवं ये संस्थान आपस में मिलकर तय करेंगे। नियमों में हो रहे इस बदलाव से कृषि उत्पाद विपणन समिति को अब प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा एवं ये समितियां भी अब कृषि उत्पादों की कीमतें बाजार की कीमतों के आधार पर तय करने को बाध्य होंगी क्योंकि इन समितियों का एकाधिकार अब समाप्त हो जायेगा एवं इससे अंततः किसानों को लाभ होगा। लघु एवं सीमांत किसान भी अब आपस में मिलकर किसान उत्पाद संस्थान का निर्माण कर सकते हैं एवं इस किसान उत्पाद संस्थान के माध्यम से अपने कृषि उत्पादों को सीधे ही उक्त वर्णित संस्थाओं को बेच सकते हैं। अतः इनकी निर्भरता अब कृषि उत्पाद विपणन समितियों पर कम होगी। देश में 10,000 किसान उत्पाद संस्थानों का निर्माण, गुजरात में स्थापित की गई अमूल दुग्ध उत्पाद संस्थान की तर्ज.पर, किया जा सकता है। कृषि उत्पादों की मार्केटिंग के क्षेत्र में हो रहे उक्त परिवर्तन के कारण किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम अब बाजार में मिल सकेगा एवं अब उनका शोषण नहीं किया जा सकेगा।

परंतु आज तो परिस्थितियां ही भिन्न हैं। देश में अनाज का पर्याप्त भंडार मौजूद है तब आज इस प्रकार के नियमों की आवश्यकता ही क्यों है। अतः अब केंद्र सरकार द्वारा इस आवश्यक वस्तु अधिनियम को हटाया जा रहा है। किसानों की इस परेशानी को दूर करने के उद्देश्य से अब अनुबंध खेती प्रणाली को प्रारम्भ किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत किसान, अपनी सोसायटी के माध्यम से, भविष्य में उसके उत्पाद की कीमत आज ही तय कर सकेगा एवं जिस भी संस्थान को उसे अपनी फसल बेचना है उससे अगले वर्ष होने वाली फसल की कीमत आज ही तय कर उस संस्थान से अनुबंध करेगा और उसी उत्पाद की खेती करेगा। इस प्रकार के नियम से देश में किसानों को उसकी उपज का उचित बाजारू मूल्य प्राप्त होने लगेगा। इसी प्रकार, देश में किसानों के लिए कृषि क्षेत्र में सुधार कार्यक्रम एवं कृषि आधारिक संरचना में जिन सुधार कार्यक्रमों को लागू किए जाने सम्बंधी घोषणा केंद्र सरकार द्वारा अभी हाल ही की गई है। केंद्र सरकार ने किसानों के हितों की चिंता करते हुए पहली बार व्यापक स्तर पर कई घोषणाएँ की हैं। देश में 10 लाख हेक्टेयर भूमि पर हर्बल प्लांट की खेती होगी। साथ ही, देश के 50 जिलों में 50 बागवानी समूह प्रारम्भ किए जा रहे हैं जिस पर केंद्र सरकार द्वारा 10,000 करोड़ रुपए का खर्च निर्धारित किया गया है।

देश में विभिन्न कृषि उत्पादों का 5 से 18 प्रतिशत हिस्सा कटाई के बाद खराब हो जाता है। इसे बचाये जाने की सख़्त जरूरत है। यदि इस हिस्से को बचाया जा सके तो देश में 10 से 15 प्रतिशत कृषि उत्पादकता बढ़ सकती है। इससे किसानों की अतिरिक्त आय भी होगी। यह एकीकृत भंडारण व्यवस्था के माध्यम से सम्भव हो सकता है। एकीकृत भंडारण व्यवस्था में कटाई के समय ही फसल का कूलिंग, ड्राइंग, वॉशिंग एवं ग्रेडिंग किया जाना शामिल है। फसल को खेत से कोल्ड स्टोरेज तक भी शीघ्र ले जाने की आवश्यकता होती है ताकि खेत में लम्बे समय तक बनाए रखने के कारण होने वाले नुकसान को रोका जा सके। भारत में 3.66 करोड़ टन की भंडारण क्षमता उपलब्ध है। इसे और बढ़ाये जाने की आज आवश्यकता है। साथ ही, वर्तमान उपलब्ध क्षमता का भी अच्छे ढंग से उपयोग करने की आवश्यकता है। जितनी भी हमारी भंडारण क्षमता है अक्सर यह कहा भी जाता है कि उत्पाद बचाना भी उत्पाद की पैदावार बढ़ाने के सामान है। उक्त कारणों को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार ने देश में अतिरिक्त भंडारण क्षमता का विकास करने का निर्णय लिया है एवं कृषि आधारित संरचना के विकास हेतु 100,000 करोड़ रुपए खर्च करने का निर्णय लिया है। जिसके अंतर्गत कृषि कोल्ड स्टोरेज एवं वेयर हाउस आदि का निर्माण किया जायेगा। देश में कृषि क्षेत्र को जब तक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों से नहीं जोड़ा जाएगा तब तक किसानों की फसल का उचित मूल्य उन्हें नहीं मिल पाएगा। इसलिए अब केंद्र सरकार ने 10,000 करोड़ रुपए आवंटित करते हुए लघु एवं कुटीर उद्योग में 2 लाख खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। देश में कुल 7 लाख गांव हैं जिनमें 2 लाख खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना होगी।

**खास बात**

## भारत-अमेरिका संबंध

**भारत** और अमेरिका के बीच संबंधों की नई ऊंचाई को लगातार छुआ जा रहा है। अब भारत और अमेरिका की विदेश नीति और रक्षानीति दुनिया को एक नई दिशा देगी। इसे दोनों देशों के संबंधों का स्वर्णिम काल कहा जा सकता है। भारत अब अमेरिका का स्ट्रेटेजिक अलायंस बन चुका है। इसलिए भी दोनों देशों के रिश्तों में प्रगाढ़ता आना लाजिमी भी है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन एक व्यस्त व्यक्ति हैं। पश्चिम एशिया की तूफानी यात्रा के बाद उनका अगला पड़ाव भारत है। वह अकेले नहीं आ रहे हैं। ब्लिंकन के साथ अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन भी हैं। उनके एजेंडे में 10 नवंबर को होने वाला 2+2 मंत्रिस्तरीय संवाद है। दोनों अमेरिकी नेता अपने भारतीय समकक्षों, विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा सचिव राजनाथ सिंह से मुलाकात करेंगे। वे द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। प्रतिनिधिमंडल विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से मुलाकात कर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में द्विपक्षीय और वैश्विक चिंताओं और विकास पर चर्चा करेगा। ब्लिंकन ने आखिरी बार मार्च में जी20 विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए भारत का दौरा किया था। ऑस्टिन के साथ नवीनतम यात्रा इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद वरिष्ठ अमेरिकी नेतृत्व की पहली यात्रा है। ऐसे में आइए आपको बताते हैं कि आखिर ये टू प्लस टू वार्ता है क्या, कब हुई इसकी शुरूआत और भारत अमेरिका बैठक में क्या बात करेंगे? भारत और अमेरिका के बीच सुरक्षा, रक्षा और रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा के लिये मंच प्रदान करता है।भारत और अमेरिका के बीच आयोजित यह तीसरी टू प्लस टू वार्ता हैटू प्लस टू संवाद' टर्म दो देशों के रक्षा और बाहरी मामलों के मंत्रालयों के बीच एक संवाद तंत्र की स्थापना के लिए उपयोग किया जाता है। सरल भाषा में कहे तो टू प्लस टू वार्ता एक प्रकार की अभिव्यक्ति है जिसके अंतर्गत प्रत्येक देश के दो नियुक्त मंत्री रक्षा और विदेश दोनों देशों के रणनीतिक और सुरक्षा हितों पर चर्चा करने के लिए मिलेंगे। वर्ष 2010 में भारत और जापान के बीच भी इस तरह की वार्ता हो चुकी है।

**शिक्षा** में होंगे गुणात्मक परिवर्तन

बारेडीह हाई स्कूल में स्मार्ट क्लास की शुरूआत, शिक्षा में नई क्रांति लाने की तैयारी है

बारेडीह गांव में दो योजनाओं का किया शिलान्यास, गांव की हर जरूरत को किया जा रहा है पूरा।

**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

**आपके ट्वीट**

**पसंद'** और 'प्यार' में क्या अंतर है : जब आप एक फूल को 'पसंद' करते हैं तो आप उसे अपने लिये तोड़ लेते हैं; लेकिन जब आप एक फूल से 'प्यार' करते हैं, तो उसे प्रति दिन सींचते है पानी से !

**– अमिताभ बच्चन**





**जनजातीय** समुदाय समाज की मुख्यधारा से तभी प्रतिस्पर्द्धा कर सकता है जब इस समुदाय के बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ा जाय और इस प्रक्रिया में उनके पारंपरिक ज्ञान का सम्मान भी हो।

**–अन्नपूर्णा देवी**

# आखिर कब तक गैस चैंबर बनता रहेगा दिल्ली-एनसीआर?

**योगेश कुमार गोयल**

**पर्यावरण**

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार इस साल अक्तूबर में दिल्ली में प्रदूषण का स्तर 2020 के बाद सबसे खराब स्तर पर था लेकिन नवम्बर की शुरूआत से ही प्रदूषण के सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं और दिल्ली में एक प्रकार से सांसों का आपातकाल सा दिखाई दे रहा है, जहां चारों स्मॉग की घनी चादर छाई है। यह चादर कितनी खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सूर्य की तेज किरणें भी इस चादर को नहीं भेद पा रही हैं। करीब एक सप्ताह से देश के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की वायु गुणवत्ता सूचकांक में तेजी से गिरावट आई है। इस तरह की वायु गुणवत्ता को सेहत के लिए कई प्रकार से बेहद खतरनाक माना जाता है। दिल्ली के कई हिस्सों में तो वायु गुणवत्ता सूचकांक 800 के आंकड़े को भी पार कर चुका है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित सीमा से कई गुना ज्यादा है। विशेषज्ञों के मुताबिक अभी अगले 15-20 दिनों तक यहां ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है।

वैसे तो दिल्ली के साथ-साथ देश के कई अन्य राज्यों में भी प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है और देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई में भी वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की जा रही है लेकिन दिल्ली पिछले कई वर्षों से दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक बनी हुई है, जिसका सीधा सा अर्थ है कि करीब 3.3 करोड़ लोगों में वायु प्रदूषण के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का गंभीर जोखिम बना हुआ है। लोगों की सांसों पर वायु प्रदूषण का खतरा इतना खतरनाक होता जा रहा है कि वैज्ञानिक अब दिल्ली में साल-दर-साल बढ़ते प्रदूषण के कारण बढ़ रहे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर दुष्प्रभावों को लेकर चिंता जताने लगे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों में दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता बहुत खराब रहेगी, जिसका कारण तापमान में कमी और पराली जलाने से होने वाला उत्सर्जन है। केंद्र सरकार के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (डीएसएस) ने पराली जलाए जाने की गतिविधियों में वृद्धि की आशंका जताई है, जिससे अगले कुछ दिनों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब होने की आशंका है।

चिंता का विषय यह है कि हर साल दिल्ली सहित, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश इत्यादि राज्यों में इस सीजन में खेतों में बड़े स्तर पर पराली जलाई जाती है, जिसके चलते प्रदूषण का यही आलम देखने को मिलता है। यह बेहद चिंता की बात है कि किसानों से खेतों में पराली नहीं जलाए जाने के निरंतर अनुरोधों के बाद भी इस बार दशहरे के मौके पर तो जैसे किसानों में पराली फूंकने की होड़ सी लगी दिखी, वहीं करवा चौथ के मौके पर चांद के दीदार होते ही दिल्ली तथा पड़ोसी राज्यों में लोगों जमकर आतिशबाजी की, जिसने प्रदूषण की स्थिति को और विकराल बनाने में आग में घी का काम किया।विकास के नाम पर अनियोजित तथा अनियंत्रित निर्माण कार्यों के चलते बिगड़ते हालात, खेतों में जलती पराली, खतरों को जानते-समझते हुए भी की जाने वाली भारी आतिशबाजी तथा वाहनों और औद्योगिक इकाइयों के कारण अत्यधिक प्रदूषित हो रहे वातावरण के भयावह खतरों को हम इसी प्रकार साल-दर-साल झेलने को विवश हैं। हालांकि पर्यावरण तथा प्रदूषण नियंत्रण के मामले में देश में पहले से ही कई कानून लागू हैं लेकिन उनकी पालना कराने के मामले में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण विभाग में सदैव उदासीनता का माहौल देखा जाता रहा है। देश की राजधानी दिल्ली तो वक्त-बेवक्त ह्यस्मॉगह्ल से लोगों का हाल बेहाल करती रही है। न केवल दिल्ली-एनसीआर में बल्कि देशभर में वायु, जल तथा ध्वनि प्रदूषण का खतरा निरन्तर मंडरा रहा है।

# भरपूर जिंदगी जीने का वजह हो तो आप होंगे शतायु

**रेनू सैनी**

**समाज**

**जापान** के लोगों की औसत आयु विश्व में चौथे स्थान पर है। वहां पुरुषों की आयु अस्सी से ऊपर और महिलाओं की 85 से ऊपर मानी जाती है। जापान में एक आइलैंड है ओकीनावा। वहां के अधिकतर लोगों की अधिकतर आयु सौ वर्ष के आसपास होती है और नब्बे साल पार करने के बाद भी ये लोग अपने दैनिक कार्यों को बड़े आराम से खुद ही करते हैं। कई देशों की कम्पनियों के प्रबंधक एवं लोग ओकीनावा में विशेष रूप से यही देखने के लिए जाते हैं कि आखिर वहां ऐसा क्या है जो लोग नब्बे वर्ष की आयु में भी स्वस्थ दिखाई देते हैं और अपने अंतिम समय तक सक्रिय रहते हैं। इसका कारण है वहां के लोगों के पास इकीगाई का होना। इकीगाई जापानी शब्द है। इकी का अर्थ होता है जीना और गाई का अर्थ होता है वजह यानी कि जीने की वजह। ओकीनावा में रहने वाले सभी लोगों के पास जीने की वजह होती है। वे जानते हैं कि वे क्यों जीवित हैं और उन्हें अपने अंतिम समय तक क्या करना है। आप सोच रहे होंगे कि जीने की वजह तो दुनिया में सभी लोगों के पास होती है लेकिन फिर ओकीनावा में रहने वाले लोग ही स्वस्थ एवं शतायु क्यों होते हैं। इसलिए क्योंकि वे इकीगाई में आने वाले चार बिंदुओं के अनुसार अपना जीवनयापन करते हैं जबकि विश्व के लोग इकीगाई की केवल एक या दो बातों को ही जीवन की वजह मान लेते हैं।

इकीगाई में निम्न चार बातों का समावेश होता है : आपको किससे प्यार है, किस काम का जुनून है, उसे करने से प्राप्त क्या होता है और उससे विश्व को क्या लाभ है। ध्यान सिंह ने सोलह वर्ष की आयु में सेना ज्वॉइन कर ली थी। उन दिनों सेना में हॉकी व फुटबॉल का बहुत चलन था। ध्यान सिंह ने जब अपने साथी सैनिकों को हॉकी खेलते देखा तो उन्हें भी इसे खेलने का मन हुआ। जब उन्होंने हॉकी को हाथ में उठाकर खेला तो बस फिर तो उन्हें हॉकी का जुनून सवार हो गया। वे दिन-रात हॉकी स्टिक लेकर अकेले घंटों मैदान में अभ्यास करते रहते। रात को जब स्टिक की आवाजें आतीं तो उनके साथी समझ जाते कि ध्यान सिंह अभ्यास में लगा हुआ है। धीरे-धीरे उनका खेल इतना अधिक निखरता गया कि जब वे हॉकी खेलते तो लोगों को यह भ्रम होता कि मानो उनकी स्टिक में चुंबक लगी है जो बॉल को अपनी ओर आकर्षित कर लेती है।

उनकी हॉकी को इसी संदेह के कारण तोड़कर भी देखा गया। लेकिन जब कुछ नहीं मिला तो पूरी दुनिया ने ध्यानचंद को हॉकी का जादूगर कहना शुरू कर दिया। मेजर ध्यानचंद ने भारत को ओलंपिक में तीन स्वर्ण पदक दिलवाए। उनके जन्मदिवस पर देश में राष्ट्रीय खेल दिवस भी मनाया जाता है। इस प्रकार मेजर ध्यानचंद ने अपने इकीगाई को पहचान लिया था। उनके जीने की वजह हॉकी बन गई थी। हॉकी ने उन्हें नाम और धन दोनों ही दिया। इसके साथ ही विश्व में उन्होंने हॉकी में देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में लिखवा दिया। इस प्रकार वे इकीगाई की चारों बातों को पूरा करते थे। इसलिए उनका नाम उनके जाने के बाद भी अमर है।

इकीगाई में प्यार, काम के प्रति जुनून, पैसा और विश्व का कल्याण, सभी बातें आती हैं। जो लोग इकीगाई को पहचान लेते हैं, वे न केवल अपने लक्ष्य को पूरा करते हैं बल्कि अपनी एक अलग पहचान भी बनाते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### एस्पायर के दो छात्रों का रेलवे में चयन



भुरकुंडा (रामगढ़)। एस्पायर कोचिंग सेंटर के दो छात्र रंजन कुमार और दीपक कुमार रेलवे में हुआ चयन ।निदेशक रत्नेश कुमार ने बताया कि बीटीटीआई निवासी सहजानंद शर्मा के पुत्र सह एस्पायर कोचिंग का छात्र रंजन कुमार का आरआरसी पटना इसीआर धनबाद में ट्रैक मेनटेनर के पद पर और सौंदा बस्ती पतरातू निवासी शिवचरण प्रसाद साहु के पुत्र सह संस्था का छात्र दीपक कुमार का ईस्टन रेलवे कोलकाता के आसनसोल डिविजन में ट्रैक मेनटेनर के पद पर अंतिम रूप से चयन हुआ है जो की पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि परिश्रम की सफलता की कुंजी होती है।

### प्रकाशोत्सव पर निकली प्रभात फेरी



**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देव के 555 वें प्रकाशोत्सव पर मंगलवार को चौथे दिन प्रभात फेरी निकली । प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग हुए। फेरी में साध-संगत सबद गाते लोग चलते रहे। सरदार त्रिलोचन सिंह हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे आगे चल रहे थे। इस दौरान संगत ऐसा नाम निरंजन हाई, खुशखबरी खुशखबरी, खूब तेरी पगड़ी मीठे तेरे बोल, लख खुशियां पातशाहियां जे सतगुरु नदर करें, ऐसी प्रीत करो मन मेरे,शबदों का गायन करते बढ़ रहे थे। फेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर किला मंदिर ,लोहार टोला, चट्टी बाजार, झंडा चौक रोड से होकर अप्सरा टेक्सटाइल की गली से होते हुए पंजाबी मोहल्ला पहुंची । वहां सरदार रणजीत सिंह जस्सल , सरदार राजेंद्र सिंह जस्सल के घर पहुंची, जहां साथ संगत का स्वागत किया गया।

### महिलाओं ने की आंवला की पूजा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में मंगलवार को अक्षय नवमी के अवसर पर महिलाओं ने आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना की। अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पुरोहित बृजनंदन वैध व हरिहर दुबे ने बताया कि अक्षय नवमी के दिन आंवला वृक्ष के नीचे भगवान श्री विष्णु की पूजा की जाती है। पूजा के बाद कुष्मांडा दान करने की परंपरा है।

# पतरातू से रांची जा रही ट्रैकर पलटी, 6 घायल

**भदानीनगर के बनगड्डा के तीखी मोड़ फोरलेन पर हुआ हादसा**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ पतरातू फोरलेन सड़क पर स्थित बनगड्डा के पास मंगलवार की दोपहर यात्रियों से भरा ट्रेकर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। जानकारी के अनुसार ट्रेकर बीआर 14 पी 1974 रामगढ़ से 12 यात्रियों को लेकर पतरातू होते हुए रांची जा रही थी। इसी बीच भदानीनगर के बनगड्डा गांव के तीखी मोड़ फोरलेन में ट्रैकर का पिछला टायर फट गया। जिससे ट्रेकर अनियंत्रित होकर डिवाडर से टकराकर पलट गई।

दुर्घटना में आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही रोड एम्बुलेंस और ग्रामीणों की सहयोग से सभी घायलों को रामगढ़ केजीटी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। रजरप्पा निवासी महाबतिया देवी, भरेचनगर सांडी निवासी रेणु देवी, रामगढ़ की सोनी कुमारी, कुरुदीप सिंह और बुकरु रांची निवासी कमली देवी को चोटे लगी। इधर ट्रैकर को भदानीनगर पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर ओपी ले आई।

### चरही : सड़क हादसे में बच्चे की मौत

**चरही।** मंगलवार को चरही थाना क्षेत्र के घाटी में अहले सुबह सड़क दुर्घटना में एक दस वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। तीन लोग बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो नंबर 33ए के/1407 पर सवार होकर एक ही परिवार के चार लोग पूजा-अर्चना के लिए ओड़िशा से मथुरा जा रहे थे।इसी बीच एक अज्ञात वाहन के ओवर टेक करने के कारण एस्कॉर्पियो वाहन की बाएं ओर लग गई।अगली सीट पर बैठे दस वर्षीय बच्चे सीपुन के माथा को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिस कारण उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई।अज्ञात वाहन भागने में सफल रहा।वाहन पर सवार चालक समेत तीन लोग बाल-बाल बच गए। चरही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचहकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में लेकर मृतक बच्चे को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया।

# आतंकवाद रोकने में प्रभुख भूमिका निभा रहा बीएसएफ

**▶▶ 18 नवंबर 1966 को हजारीबाग के मेरु में सीमा सुरक्षा बल की हुयी स्थापना**




दारू। सीमा सुरक्षा बल मेरू ने मंगलवार को प्रशिक्षण एवं प्रशासनिक उपलब्धियों की दी जानकारी दी। बताया कि सीमा सुरक्षा बल की स्थापना 01 दिसंबर 1965 को के. एफ. रूस्तम जी, डायरेक्टर जनरल, सीमा सुरक्षा बल की अगुवाई में की गई थी। भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति होने के नाते इस समय सीमा सुरक्षा बल की 192 बटालियन विभिन्न अर्न्तराष्ट्रीय सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ आतंरिक सुरक्षा कर्तव्यों, कानुन व्यवस्था, चुनावी कर्तव्यों, ओड़िशा और छत्तीसगढ के घने जंगलों, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड जैसे राज्यों की दुर्गम पहाड़ियों व जम्मू कश्मीर राज्य के बर्फीले इलाकों में आतंकवाद, नक्सलवाद को रोकने के लिए यह बल अपना प्रमुख योगदान दे रहा है। बल की स्थापना उपरांत कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय मेरू कैंप की स्थापना 18 नवम्बर 1966 को लेफ्टिनेंट आर. पी. मैकेलिफ के ओजस्वी नेतृत्व में पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र हजारीबाग में हुई जिसे 25 मार्च 1967 को मेरू में स्थानांतरित किया गया। शुरूआत में इस प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना बी.एस.एफ की 25 वाहनियों को बुनियादी ट्रेनिंग देने के लिए की गई थी। अब ये संस्थान बी.एस.एफ की 192 वाहनियों की ट्रेनिंग से संबधित जरूरतों को पूर्ण करने के साथ-साथ बाकी केन्द्रीय पुलिस बलों, राज्य पुलिस बलों व मित्र राष्ट्रो के सशस्त्र बलों की प्रशिक्षण से संबधित जरूरतों को भी पूरा कर रहा है। वर्तमान में बीएएफ मेरू कैंप में सहायक प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय कार्य कर रहे है और दोनों ही संस्थानों की जिम्मेवारी महानिरीक्षक संभाल रहे हैं। इस संस्थान को 2002 में उग्रवाद का मुकाबला और कमांडो एवं विस्फोटक जांच और हैंडलिंग मे प्रशिक्षण देने के लिए राष्ट्रीय स्तर का भारत सरकार का उत्कृष्टता का केंद्र घोषित किया गया। अभी तक प्रशिक्षु प्रशिक्षित - 61,000, 2023 में प्रशिक्षु 1,583 वर्तमान में प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय सीमा सुरक्षा बल हजारीबाग सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यो में बढ-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है।

## एक नजर में

### दारू में महिलाओं ने की आंवला की पूजा



**दारू।** कई जगहों पर महिलाओं ने अक्षय नवमी पर आवंला पेड़ के नीचे बैठकर लक्ष्मी नारायण की पूजा की। दारू बक्शीडीह, पाण्डेयटोला, हरली, पुनाई आदि जगहों पर आसपास की महिलाओं ने आवंला पेड़ के नीचे एक जगह एकत्र होकर सामूहिक रूप से पूजा पेड़ की परिक्रमा कर उसमें रक्षा सूत्र बांधा । पौराणिक मान्यता के अनुसार कुष्मांडा (भुवा कोहड़ा ) के साथ गुप्त दान किया गया। बक्शीडीह में पंडित अनिरुद्ध शर्मा ने विधिवत रूप से पूजा कराई। पूजा में शामिल सभी महिलाओं ने पूजा के दौरान लक्ष्मी नारायण की कथा का श्रवण किया। पूजा के बाद महिलाओं ने पेड़ के नीचे बैठकर खिचड़ी पकाया और सामूहिक रूप में बैठकर सभी ने साथ खाना खाया। पूजा करने वालो में उषा सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, गीता देवी, मंजू सहाय, शीला देवी, सुषमा सिन्हा, अंजू सिन्हा, एकता सिन्हा, सबिता सिन्हा, रंजू सिन्हा, स्मिता सिन्हा, ब्राह्मणी नमन, दीप्ति सिन्हा आदि शामिल थी।

### चरही : कजरी में फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

**चरही।** चुरचू प्रखंड बहेरा पंचायत के ग्राम कजरी सोनरा टोला में फुटबॉल ग्राउंड में मंगलवार को कजरी फुटबॉल क्लब के तत्वधान में पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू हुआ। बीस सूत्री उपाध्यक्ष लखीराम मांझी और मुखिया प्रत्याशी संजय मुर्मू,जेएमएम नेता प्रभू मुर्मू,श्याम मरांडी प्रमोद सिंह और शंकर सिंह भोक्ता ने संयुक्त रूप से किक मारकर मैच की शुरूआत की। पहला मैच एफसी ज्योति क्लब तापिन बनाम एफसी केदला के बीच खेला गया। जिसमें ज्योति क्लब तापिन ने केदला को 2 -0 से पराजित किया। वही दूसरी मैच एफसी मकुंदाबेड़ा बनाम एफसी हजारीबाग आकाकुंमबां के बीच खेला गया। जिसमें मकुंदाबेड़ा ने आकाकुंमबां को 2 - 0 से पराजित किया। इस अवसर पर कमेटी के सुरेश मुर्मू, सुरेश कुमार, जियाउल अंसारी, जीबलाल मुर्मू, रेफरी नरेश मुर्मू, विकाश सिंह राठौर, सहित आस पास के कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने मवेशी लदा पिकअप वैन पकड़ा

**कटकमसांडी।** सोमवार देर रात ग्रामीणों ने कटकमसांडी में सात मवेशी लदे पिकअप वैन (बीआर-46 जीए 0232) पकड़कर पुलिस के हवाले किया। चतरा से हजारीबाग की ओर जा रहे ऊपर टमाटर से लदे पिकअप वाहन को शक के आधार पर ग्रामीणो द्वारा रोका गया। वाहन रुकते ही चालक समेत तीनों मवेशी तस्कर फरार हो गए। हालाकि ग्रामीणो द्वारा तस्करों को दूर तक पकड़ने की कोशिश की गई। मगर तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकले। जब ग्रामीणो ने वापस लौट पिकअप वैन को चेक किया, तो देखा अच्छी नस्ल के सात मवेशियों के रस्सी से पैर बंधे पड़े हैं। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर पिकअप वैन समेत गायों को जब्त कर थाने लाया गया। पुलिस तस्करों को चिन्हित कर कार्रवाई करने मे जुटी है।


## समाहारणालय कोडरमा, (विशेष भू-अर्जन शाखा)
### प्रपत्र-VI 'क' झारखण्ड सरकार
### समहार्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना।
( अधिनियम-30/2013 धारा-11 (1) के अधीन)।

अधिसूचना संख्या 282/ भू-अर्जन दिनांक :- 21/11/2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-ललकापानी उर्फ गोन्दरडीह, थाना मरकच्चो, थाना नं०-144, अंचल मरकच्चो, जिला कोडरमा में सार्वजनिक परियोजनार्थ यथा पंचखेरो जलाशय योजना अन्तर्गत, (सिंचाई योजना) चानोशाखा नहर के लिए भूमि ली जानी अपेक्षित है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 376/नि०/दिनांक 06.07.2018 में संलग्न विधि (विधान) विभाग के गजट संख्या-628, दिनांक 26.06.2018 में प्रकाशित अभिसूचना के द्वारा भू-अर्जन पुनर्वासन और पूर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार (झारखण्ड संशोधन) अधिनियम-2017 के अनुसार सिंचाई परियोजना अन्तर्गत सामाजिक समाघात मूल्यांकन अध्ययन S. I. A. की कार्यवाई से छूट प्रदान की गयी है। फलस्वरूप वर्तमान अर्जन S. I. A. से प्रभावित नहीं होगा। प्रभावित परिवारो पूनर्वासन एवं पूर्नव्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-ललकापानी उर्फ गोन्दरडीह, थाना मरकच्चो, थाना नं०-144, अंचल मरकच्चो, जिला कोडरमा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 3.40 एकड़ मानक माप का भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है अर्जनाधीन है:-

| क्रमांक | खाता सं0 | खेसरा सं0 | अर्जनाधिन रकवा एकड़ | भूमि का प्रकार | स्वामित्व का प्रकार | रैयत का नाम | सीमा भूखण्ड उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33 | 380 | 0.50 | टॉड तीन | रैयती | 01, चन्द्रिका राणा बलदेव राणा, गिरधारी राणा पिता स्व. लच्छु राणा 02, बैजनाथ राणा भुवनेश्वर राणा सुरेन्द्र राणा पिता चेतो राणा, जगदीश राणा मो0 सोनिया देवी पति प्रकाश राणा लालजीत राणा गोविन्द राणा कैलाश राणा पिता स्व0 इश्वर राणा सुखदेव राणा किशुन राणा रितलाल राणा पिता स्व0 बासुदेव राणा 03, नारायण राणा दामोदर राणा अशोक राणा पिता स्व0 मेघन राणा मो0 तारा देवी पति बन्धन राणा 04 दामोदर राणा मुकेश राणा पिता स्व0 घनश्याम राणा अजित राणा मिथुन राणा पिता स्व0 सहदेव राणा जा.बढ़ी नि .बोदगो। | 379 | 382 | 380 अंश एवं 381 | 380 अंश |
| 2 | 3 | 382 | 0.65 | टॉड तीन | रैयती | बसुदेव मोदी मथुरा मोदी पिता स्व0 वजीर मोदी वो मो0 सकुना पति स्व0 जगदीश मोदी वो महरू मोदी पिता स्व0 पोखन मोदी वो सुखदेव मोदी केदार मोदी उमेश मोदी पिता स्व0 रामचन्द मोदी वो मो0 सावित्री देवी पति स्व0 बंशी मोदी वो लक्ष्मण मोदी सुधीर त्रिवेनी पिता स्व0 बैजनाथ मोदी गोपी मोदी किशोर मोदी पिता स्व0 जगदीश मोदी वो मो0 द्रौपदी देवी पति स्व0 इन्द्रदेव मोदी वो अशोक मोदी श्याम मोदी सुन्दर मोदी मनोज मोदी संजय मोदी पिता स्व0 भुवनेश्वर मोदी वो ब्रहम्देव मोदी बालेश्वर मोदी बिरेन्द्र मोदी पिता महावीर मोदी जा. बनिया नि. बोदगो। | 380 | 382 अंश | 382 अंश | 382 अंश |
| 3. | 3 | 382 | 0.21 | टॉड तीन | रैयती | श्रीमत बजन्ति देवी पति विजय मोदी वो श्रीमति तारा देवी पति सुरेन्द्र प्रसाद वर्णवाल वो मो0 कौशल्या देवी पति स्व0 सहदेव मोदी वो दीपक कुमार मोदी पिता स्व0 बाबूलाल मोदी वो बीकू कुमार वर्णवाल पिता स्व0 अर्जून मोदी वो किशोर मोदी पिता स्व0 बोदो मोदी जा. बनिया नि.बोदगो। | 382 अंश | 382 अंश एवं 607 | 382 अंश | 382 अंश |
| 4 | 3 | 382 | 0.18 | टॉड तीन | रैयती | परमेश्वर मोदी वो अर्जुन मोदी पिता स्व. खुबलाल मोदी वो मो0 वीमला देवी पतत्रति स्व0 शंकर मोदी वो नूनमान मोदी सुरेश मोदी प्रदीप मोदी पिता स्व0 बद्री मोदी जा. बनिया नि.बोदगो। | 382 अंश | 604 एवं 605 | 607 | 382 अंश |
| 5 | 3 | 607 | 0.06 | टॉड एक | रैयती | परमेश्वर मोदी वो अर्जुन मोदी पिता स्व. खुबलाल मोदी वो मो0 वीमला देवी पतत्रति स्व0 शंकर मोदी वो नूनमान मोदी सुरेश मोदी प्रदीप मोदी पिता स्व0 बद्री मोदी जा. बनिया नि.बोदगो। | 382 | 606 | 607 अंश | 382 |
| 6 | 34 | 606 | 0.025 | टॉड तीन | रैयती | सुखदेव राणा किशुन राणा रितलाल राणा पिता स्व. बासुदेव राणा, नि0 नि0 ग्राम। | 607 | 612 | 606 अंश | 605 |
| 7 | 34 | 605 | 0.04 | टॉड तीन | रैयती | मे0 तारा देवी पति स्व0 बन्धन राणा नि0 नि0 ग्राम। | 382 | 613 | 606 | 604 |
| 8 | 34 | 604 | 0.06 | टॉड तीन | रैयती | सुखदेव राणा किशुन राणा रितलाल राणा पिता स्व. बासुदेव राणा, नि0 नि0 ग्राम। | 382 | 602 | 605 एवं 613 | 604 अंश |
| 9 | 34 | 602 | 0.02 | टॉड तीन | रैयती | मे0 तारा देवी पति स्व0 बन्धन राणा नारायण राणा दामोदर राणा अशोक राणा पिता स्व0 मेघन राणा नि0 नि0 ग्राम। | 604 | 601 | 613 | 602 अंश |
| 10. | 34 | 601 | 0.02 | धान तीन | रैयती | सुखदेव राणा किशुन राणा रितलाल राणा पिता स्व. बासुदेव राणा, नि0 नि0 ग्राम। | 602 | 600 | 614 | 601 अंश |
| 11 | 34 | 613 | 0.05 | धान तीन | रैयती | अजित राणा मिथुन राणा पिता स्व0 सहदेव राणा वो पोखन राणा झरी राणा विशुन राणा पिता स्व0 चमन राणा वो दामोदर राणा मुकेश राणा पिता स्व0 घनश्याम राणा नि0 नि0 ग्राम। | 605 | 614 | 612 | 601 एवं 604 |
| 12 | 34 | 612 | 0.025 | टॉड दो | रैयती | जगदीश राणा लालजी राणा गोविन्द राणा पिता स्व0 गुल्ली राणा वो मो0 बैजन्ती देवी पति स्व0 प्रकाश राणा नि0 नि0 ग्राम। | 606 | 614 | 612 अंश | 613 |
| 13 | 34 | 614 | 0.08 | टॉड दो | रैयती | नारायण राणा दामोदर राणा, अशोक राणा पिता स्व. मेघन राणा नि0 नि0 ग्राम। | 613 एवं 612 | 615 एवं 616 | 614 अंश | 602 एवं 601 |
| 14 | 33 | 600 | 0.05 | टॉड तीन | रैयती | पोखन राणा झरी राणा विशुन राणा पिता स्व0 चमन राणा वो दामोदर राणा मुकेश राणा पिता घनश्याम राणा वो अजित राणा मिथुन राणा पिता स्व0 सहदेव राणा नि0 नि0 ग्राम। | 601 | 620 | 615 | 600 अंश |
| 15 | 34 | 615 | 0.04 | धान तीन | रैयती | अजित राणा मिथुन राणा पिता स्व0 सहदेव राणा वो पोखन राणा झरी राणा विशुन राणा पिता स्व0 चमन राणा वो दामोदर राणा मुकेश राणा पिता स्व0 घनश्याम राणा नि0 नि0 ग्राम। | 614 | 620 | 616 | 600 |
| 16 | 34 | 616 | 0.04 | टॉड दो | रैयती | पोखन राणा झरी राणा विशुन राणा पिता स्व0 चमन राणा वो दामोदर राणा मुकेश राणा पिता घनश्याम राणा वो अजित राणा मिथुन राणा पिता स्व0 सहदेव राणा नि0 नि0 ग्राम। | 614 | 619 | 616 अंश | 615 |
| 17 | 34 | 619 | 0.04 | टॉड दो | रैयती | बैजनाथ राणा भुवनेश्वर राणा सुरेन्द्र राणा पिता चेतो राणा नि0 नि0 ग्राम। | 616 | 622 | 619 अंश | 620 |
| 18 | 34 | 620 | 0.04 | धान तीन | रैयती | जगदीश राणा लालजी राणा गोविन्द राणा पिता स्व0 गुल्ली राणा वो मो0 बैजन्ती देवी पति स्व0 प्रकाश राणा नि0 नि0 ग्राम। | 615 | 621 | 619 | 619 |
| 19 | 33 | 599 | 0.06 | टॉड तीन | रैयती | 01,जगदीश राणा लालजी राणा गोविन्द राणा पिता स्व0 गुल्ली राणा वो चन्द्रिका राणा वो बालदेव राणा वो गरिधारी राणा पिता स्व0 लच्छु राणा 02 अजित राणा मिथुन राणा पिता स्व0 सहदेव राणा वो पोखन राणा झरी राणा विशुन राणा पिता स्व0 चमन राणा वो दामोदर राणा मुकेश राणा पिता स्व0 घनश्याम राणा 03 बैजनाथ राणा भुवनेश्वर राणा सुरेन्द्र राणा पिता स्व0 चेतो राणा 04 कैलाश राणा पिता स्व0 इश्वर राणा नि0 नि0 ग्राम। | 600 | 598 | 620 एवं 621 | 599 अंश |
| 20 | 34 | 621 | 0.07 | धान तीन | रैयती | सुखदेव राणा किशुन राणा रितलाल राणा पिता स्व. बासुदेव राणा, नि0 नि0 ग्राम। | 620 | 628 | 622 एवं 623 | 599 एवं 598 |
| 21 | 34 | 622 | 0.07 | टांड दो | रैयती | सुखदेव राणा किशुन राणा रितलाल राणा पिता स्व. बासुदेव राणा, नि0 नि0 ग्राम। | 619 | 623 | 625 | 621 |
| 22 | 34 | 623 | 0.07 | टॉड दो | रैयती | बैजनाथ राणा भुवनेश्वर राणा सुरेन्द्र राणा पिता स्व0 चेतो राणा 04 कैलाश राणा पिता स्व0 इश्वर राणा नि0 नि0 ग्राम। | 622 | 628 एवं 627 | 623 अंश | 621 |
| 23 | 3 | 627 | 0.02 | टॉड दो | रैयती | सुखदेव मोदी केदार मोदी उमेश मोदी पिता स्व0 रामचन्द्र मोदी वो मो0 सावित्री देवी पति स्व0 बंशी मोदी वो लक्ष्मण मोदी सुधीर मोदी त्रिवेणी मोदी पिता स्व0 बैजनाथ मोदी नि0 नि0 ग्राम। | 623 | 630 | 627 अंश | 628 |
| 24 | 3 | 628 | 0.08 | धान तीन | रैयती | सुखदेव मोदी केदार मोदी उमेश मोदी पिता स्व0 रामचन्द्र मोदी वो मो0 सावित्री देवी पति स्व0 बंशी मोदी वो लक्ष्मण मोदी सुधीर मोदी त्रिवेणी मोदी पिता स्व0 बैजनाथ मोदी वो ोपी मोदी किशोर मोदी पिता स्व0 जगदीश मोदी मो0 द्रौपदी देवी पति स्व0 इन्द्रदेव मोदी वो अशोक मोदी श्याम सन्दर मोदी मनोज मोदी संजय मोदी पिता स्व0 भुवनेश्वर मोदी वा ब्रहम्देव मोदी बालेश्वर मोदी विरेन्द्र मोदी पिता स्व0 महावीर मोदी नि0 नि0 ग्राम। | 621 एवं 623 | 629 | 627 | 598 |
| 25 | 33 | 598 | 0.07 | धान तीन | रैयती | अजित राणा मिथुन राणा पिता स्व0 सहदेव राणा वो पोखन राणा झरी राणा विशुन राणा पिता स्व0 चमन राणा वो दामोदर राणा मुकेश राणा पिता स्व0 घनश्याम राणा नि0 नि0 ग्राम। | 598 | 534 | 629 एवं 632 | 633 अंश |
| 26 | 35 | 633 | 0.04 | धान तीन | रैयती | विजय मोदी पिता स्व0 जगदीश मोदी नि0 नि0 ग्राम। | 599 | 633 | 628 एवं 621 | 698 अंश |
| 27 | 3 | 629 | 0.10 | धान तीन | रैयती | विजय मोदी पिता स्व0 जगदीश मोदी नि0 नि0 ग्राम। | 628 | 632 | 630 | 633 |
| 28 | 3 | 630 | 0.002 | टॉड तीन | रैयती | विजय मोदी पिता स्व0 जगदीश मोदी नि0 नि0 ग्राम। | 627 | 631 | 630 | 629 |
| 29 | 3 | 631 | 0.02 | टॉड दो | रैयती | सुशिला देवी पति सुखदेव मोदी नि0 नि0 ग्राम। | 630 | 636 | 631 अंश | 632 |
| 30 | 35 | 634 | 0.03 | धान तीन | रैयती | मे0 तारा देवी पति स्व0 बन्धन राणा नारायण राणा दामोदर राणा अशोक राणा पिता स्व0 मेघन राणा नि0 नि0 ग्राम। | 633 | 639 | 632 | 593 |
| 31 | 35 | 639 | 0.04 | धान तीन | रैयती | नारायण राणा अशोक राणा दोमोदर राणा पिता स्व. मेघन राणा नि0 नि0 ग्राम। | 633 | 640 | 632 | 639 अंश |
| 32 | 3 | 635 | 0.10 | धान तीन | रैयती | सुखदेव मोदी केदार मोदी उमेश मोदी पिता स्व0 रामचन्द्र मोदी वो मो0 सावित्री देवी पति स्व0 बंशी मोदी वो लक्ष्मण मोदी सुधीर मोदी त्रिवेणी मोदी पिता स्व0 बैजनाथ मोदी नि0 नि0 ग्राम। | 632 | 638 | 636 | 639 |
| 33 | 3 | 636 | 0.01 | टॉड दो | रैयती | सुखदेव मोदी केदार मोदी उमेश मोदी पिता स्व0 रामचन्द्र मोदी वो मो0 सावित्री देवी पति स्व0 बंशी मोदी वो लक्ष्मण मोदी सुधीर मोदी त्रिवेणी मोदी पिता स्व0 बैजनाथ मोदी नि0 नि0 ग्राम। | 631 | 637 | 636 अंश | 635 |
| 34 | 3 | 637 | 0.005 | धान तीन | रैयती | सुखदेव मोदी केदार मोदी उमेश मोदी पिता स्व0 रामचन्द्र मोदी वो मो0 सावित्री देवी पति स्व0 बंशी मोदी वो लक्ष्मण मोदी सुधीर मोदी त्रिवेणी मोदी पिता स्व0 बैजनाथ मोदी नि0 नि0 ग्राम। | 636 | 643,644 | 637 अंश | 638 |
| 35 | 3 | 638 | 0.12 | धान तीन | रैयती | लक्ष्मण मोदी, सुधीर मोदी, त्रिवेणी मोदी पिता स्व. वैजनाथ मोदी | 635 | 643,644, 641 | 637 | 639 |
| 36 | 35 | 640 | 0.04 | धान तीन | रैयती | अजित राणा मिथुन राणा पिता स्व0 सहदेव राणा वो पोखन राणा झरी राणा विशुन राणा पिता स्व0 चमन राणा वो दामोदर राणा मुकेश राणा पिता स्व0 घनश्याम राणा नि0 नि0 ग्राम। | 639 | सीमा रेखा ग्राम अम्बाडीह | 641 | 640 अंश |
| 37 | 34 | 641 | 0.06 | धान तीन | रैयती | अजित राणा मिथुन राणा पिता स्व0 सहदेव राणा वो पोखन राणा झरी राणा विशुन राणा पिता स्व0 चमन राणा वो दामोदर राणा मुकेश राणा पिता स्व0 घनश्याम राणा नि0 नि0 ग्राम। | 638 | सीमा रेखा ग्राम अम्बाडीह | 642 | 640 |
| 38 | 34 | 642 | 0.08 | धान तीन | रैयती | पोखन राणा झरी राणा विशुन राणा पिता स्व0 चमन राणा वो दामोदर राणा मुकेश राणा पिता घनश्याम राणा वो अजित राणा मिथुन राणा पिता स्व0 सहदेव राणा नि0 नि0 ग्राम। | 638 | सीमा रेखा ग्राम अम्बाडीह | 643 | 641 |
| 39 | 34 | 643 | 0.055 | धान तीन | रैयती | कैलाश राणा पिता स्व. ईश्वर राणा नि0 नि0 ग्राम। | 638 एवं 637 | सीमा रेखा ग्राम अम्बाडीह | 644 | 642 |
| कुल रकबा | | | 3.40 एकड़ | | | | | | | |

यह अधिसूचना भू- अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 ( अधिनियम सं० 30/2013) की धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी सम्बंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

योजना से सम्बंधित अर्जनाधीन भूमि का निरीक्षण विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/ समाहर्ता सह समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु उपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उनकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मपने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला- समाहर्ता के प्रविक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवायेगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 (साठ) दिनों के अन्तर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकती है।

PR 311683 Water Resource(23-24)D

विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी, तेनुघाट परियोजना, हजारीबाग

अपर समाहर्ता कोड़रमा।

उपायुक्त, कोड़रमा सह समुचित सरकार, झारखण्ड।

# 50 से अधिक नागरिकों ने की उपायुक्त से मुलाकात

- साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का हुआ आयोजन, उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। जहां दूर दराज से आए 50 से अधिक नागरिकों ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को बताया। पालकोट निवासी सुदेखर केरकेट्टा ने उपायुक्त को अबुआ आवास योजना से जुड़ने हेतु अपना आवेदन समर्पित किया।

उन्होंने अपने वर्तमान घर की जर्जर अवस्था से उपायुक्त को अवगत करवाया एवं अबूआ आवास योजना के लिए आवेदन समर्पित किया। जिसके तहत उपायुक्त ने उक्त आवेदन को प्रखंड विकास पदाधिकारी को भेजा एवं आवश्यक सहायता करने हेतु निर्देशित किया। चैनपुर निवासी विशाल आनंद ने अपने आवेदन में राशन कार्ड में अपना एवं अपने परिवार का नाम जोड़ने हेतु उपायुक्त से आग्रह किया। जिसपर उपायुक्त ने प्राप्त आवेदन को जिला आपूर्ति पदाधिकारी को अग्रसारित कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। सिसई में रहने वाली सुरपति साहू ने अपने पारिवारिक विवाद के मामले से उपायुक्त को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि केवल उनके तीन पुत्री होने के कारण उनके पति ने उन्हें छोड़ कर दूसरी शादी कर ली।

उन्होंने पति को मिल रहे पेंशन से आधी राशि की मांग की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को पत्र अग्रसारित करते हुए अविलंब कार्रवाई कर महिला की सहायता करने का निर्देश दिया गया । इस दौरान पालकोट निवासी टोहन बड़ाइक ने अपने आवेदन में जमीन विवाद के मामले से उपायुक्त को अवगत कराया।


जन शिकायत निवारण दिवस पर समस्या सुनते उपायुक्त।

## घरेलू हिंसा पीड़िता ने मांगी मदद

करौंदी निवासी रानी देवी ने घरेलू हिंसा के मामले से उपायुक्त को अवगत कराया। वे बताती हैं कि उनके पति उन्हें मारपीट करते हैं जिस कारण उन्हें अपने माइके में रहना पड़ता है। नियमित खर्चा नहीं होने के कारण उन्होंने उपायुक्त से पति से रहने एवं नियमित खर्चे प्राप्त करने के लिए उपायुक्त से सहायता की मांग की। जिसपर उपायुक्त ने एसडीओ सदर को इसकी जिम्मेदारी सौंपते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु पत्र अग्रसारित किया। इसके अलावा जन शिकायत निवारण दिवस में जमीन विवाद, राशन, पेंशन, आवास आदि के संबंध में भी कई आवेदन देखने को मिले। सभी आवेदकों ने एक एक कर उपायुक्त से मुलाकात की। उपायुक्त ने नागरिकों की समस्याओं को सुना एवं समस्याओं के निवारण हेतु संबंधित विभागों को पत्र अग्रसारित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा जिले के नागरिकों से मिलने के पश्चात जन शिकायत निवारण दिवस पर मौजूद विभिन्न विभागों के कर्मियों को आज के दिन प्राप्त सभी आवेदनों पर त्वरित कारवाई करने को कहा।

## स्पीड न्यूज

### झानद की बैठक 26 को

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल (झानद) गुमला इकाई संविधान दिवस (26 नवंबर) पर गुमला में जेनरल बैठक करेगा। जिसमें झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र के दौरान होने वाली विधानसभा मार्च की तैयारी, मार्च के दौरान उठायी जाने वाली मांग जैसे- सर्वमान्य स्थानीय व नियोजन नीति शीघ्र बनाने, ननबैंकिंग कंपनियों में जमा खून पसीने की लोगों की गाढ़ी कमाई को सूद समेत शीघ्र भुगतान, दल द्वारा राज्य सरकार के पास जनहित की लंबित मांगें व महिला मंडल की लंबित मांग तथा राज्यहित की मांग को लेकर विशेष चर्चा होगी। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी एवं गुमला को रेल लाइन से जोड़ने तथा गुमला-लोहरदगा के सीमांत पर अल्युमिनियम कारखाना का निर्माण जैसे सवालों पर भी गंभीरतापूर्वक चर्चा और आगामी आंदोलनात्मक रूपरेखा तैयार की जायेगी। यह जानकारी शंकर उरांव ने दी है।

### आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को मिले स्वेटर



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में बीडीओ सह सीडीपीओ अशोक कुमार चोपड़ा की उपस्थिति में बच्चों को स्वेटर दिया गया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में नामांकित बच्चों के बीच ठंड से बचने के लिए स्वेटर बांटा जा रहा है। अभिभावक अपने बच्चों को प्रत्येक दिन आंगनबाड़ी केंद्र भेजें और केंद्र में मिलने वाले लाभ लें। बच्चों को प्रथम शिक्षा देने में सहयोग करें। बच्चों की शारीरिक मानसिक वृद्धि के लिए केंद्र में सूजी, हलवा, बादाम चना दिया जाता है तथा दोपहर में भोजन दिया जाता है। बच्चों का समय-समय पर कुपोषण जांच और टीकाकरण होता है। सेविका सहियका को निर्देश दिया कि बच्चों की साफ सफाई पर ध्यान दें और सप्ताह में एक दिन नाखून चेक कर काटने का प्रयास करें तथा ठंड में अभिभावकों से बच्चों के शरीर में नारियल तेल का उपयोग करायें। मौके पर महिला सुपरवाइजर परमुनी देवी, सेविका शहनाज खातून, सहायिका सायरा खातून थे।

### हरिहरपुर में बाल विवाह नहीं होने देंगे ग्रामीण




**जारी।** प्रखंड के हरिहरपुर राजस्व ग्राम में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन ने बाल विवाह मुक्त ग्राम सभा की। मौके पर बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि आपकी पहल काबिले तारीफ है। बाल विवाह से कई कठिनाइयां आती है। वहीं ग्रामीणों ने गांव में पोस्टर चिपका कर बाल विवाह का विरोध किया। लोगों ने बाल विवाह नहीं करने की शपथ भी ली। वहीं उपस्थित ग्राम वासियों ने शपथ लेते हुए कहा गांव में बाल विवाह रोकथाम के लिए प्रचार प्रसार करेंगे।

### नप के कार्यों की हुई समीक्षा बैठक



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर परिषद अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने बिंदुवार सभी विषयों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने शहरी क्षेत्रों में साफ सफाई करवाने की बात कही। उन्होंने कूड़े फेंकने वाले स्थानों पर विशेष फोकस करते हुए वहां भी नियमित साफ सफाई कराने का निर्देश दिया। साथ ही नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत बचे हुए दुकानों का भी सैराती दर को निर्धारित करते हुए दुकानों का एलॉटमेंट करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान प्रशासक नगर परिषद, सिटी मैनेजर समेत नप के अन्य कर्मी मौजूद थे।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एसडीओ



**जारी।** प्रखंड सभागार में एसडीओ राजीव नीरज ने प्रखंड के बीएलओ एवं सुपरवाईजर के साथ निर्वाचन संबंधी समीक्षा बैठक किया। समीक्षा में सबसे पहले एसडीओ राजीव नीरज ने प्रखंड के एक एक बूथ के बीएलओ से आवश्यक जानकारी ली। जिसमें बूथ में पानी, बिजली, रैंप, कुर्सी टेबल आदि की व्यवस्था का हाल जाना और जो कमी पायी गयी उसे बीडीओ रेशमा रेखा मिंज को पूर्ण करने को कहा। निर्वाचन संबंधी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगा अन्यथा आप पर कार्रवाई होगी। एसडीओ राजीव नीरज ने सुपरवाइजर आयता मिंज का वेतन रोकने का आदेश बीडीओ को दिया और फटकार लगाते हुए कहा कि काम करना है तो ईमानदारी से काम करें अन्यथा नौकरी छोड़ दें। बीडीओ रेशमा रेखा मिंज को कहा कि जो बीएलओ एवं सुपरवाइजर अनुपस्थित हैं उन्हें स्पष्टीकरण की मांग कर हमें सूचित करें। मौके पर अजय काश्मीर टोप्पो, परशुराम उरांव, रंजीत उरांव, महिंद्र उरांव, आयता मिंज, पुरुषोत्तम कुमार, नेहा कुमारी आदि थे।

### शिविर में आकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठायें ग्रामीण: अपर समाहर्ता



**घाघरा।** प्रखंड के देवाकी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को शिविर लगा। जिसका शुभारंभ अपर समाहार्ता सुधीर गुप्ता, प्रखंड प्रमुख सविता देवी और बीडीओ दिनेश कुमार ने किया। शिविर में प्रखंड सह अंचल में चल रहे कई योजना से संबंधित स्टॉल लगे। जिसमें प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, चिकित्सा जांच नि:शुल्क दवा वितरण, बाल विकास परियोजना विभाग, मनरेगा, कल्याण विभाग, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग सहित कई अन्य विभाग के भी स्टाल लगे।

## आइइडी ब्लास्ट में शहीद जवान संतोष के घर हुई श्रद्धांजलि सभा

# अति उग्रवाद प्रभावित गांव से निकला था संतोष: शिव कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** तुरियडीह गांव में चाईबासा में शहीद हुए जवान संतोष उरांव के घर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मंगलवार को किया गया। जहां कई जनप्रतिनिधि व राजनीतिक पार्टी के नेता पहुंचे। इस दौरान शहीद संतोष उरांव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी।

वरिष्ठ कांग्रेसी शिवकुमार भगत ने कहा कि अति उग्रवाद प्रभावित सुदूरवर्ती इलाका तुरियाडीह जैसे गांव से सीमित सुविधाओं में पढ़ाई व ईमानदारी पूर्वक मेहनत कर संतोष ने सीआरपीएफ में सिलेक्शन लिया और देश, राज्य व समाज की रक्षा करते हुए उन्होंने अपने प्राण न्यौछावर कर शहीद हो गये। संतोष का नाम इतिहास के सुनहरे अक्षरों में लिखा जायेगा। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि देश की रक्षा के लिए हमेशा आगे बढ़े। प्रदेश महिला उपाध्यक्ष बॉबी भगत ने कहा कि बहुत कम उम्र में संतोष वीरगति को प्राप्त हुए हैं। दुख तो है पर गर्व भी है कि इस सुदरवर्ती इलाका जहां के लोग संसाधन से कोसों दूर है वैसे जगह से संतोष ने कड़ी मेहनत कर सफलता हासिल की और आज शहीद हो गये। संतोष हमेशा हमारे दिलों में वास करेंगे। उन्होंने हर संभव मदद करने की बात कही। किसी भी समस्याओं या मदद की जरूरत हो तो बेहिचक मुझसे संपर्क करें मैं हमेशा शहीद के परिवार के लिए खड़ी रहूंगी। मौके पर शिवकुमार भगत, बॉबी भगत, अनिरुद्ध चौबे, तेंबू उरांव, नीलमणि सिंह, राजेश पांडे, रमेश जायसवाल, संदीप कुमार, अमित साहू, इमरान आजाद, सौरभ भगत, पवन पासवान, श्याम बेक, सतीश उरांव, दीपक उरांव व राहुल उरांव समेत कई लोग थे।


शहीद जवान को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी नेता।

# अबुआ आवास योजना प्रचार-प्रसार रथ को डीडीसी ने दिखायी हरी झंडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना का आम जनों के बीच जानकारी व प्रचार-प्रसार के लिए मंगलवार को उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता द्वारा तीन जनजागरूकता रथों को सभी प्रखंडों के लिए समाहरणालय परिसर लोहरदगा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। आज पहले दिन यह रथ भंडरा, कुडू और सेन्हा प्रखंड के लिए भेजा गया। यह रथ विभिन्न प्रखंडों में दिनांक 04 दिसंबर तक घूमेगा।

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब गृहविहीन लोगों को पक्का घर उपलब्ध कराने हेतु राज्य संपोषित योजना के रूप में अबुआ आवास योजना लायी गयी है। दिनांक 24.11.2023 से 26.12.2023 तक आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित की जानेवाली पंचायत स्तरीय शिविरों में मुख्य प्रक्षेत्र के अंतर्गत अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किए जायेंगे, जिसकी ऑनलाईन प्रविष्टि पोर्टल में की जानी है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर जांच टीम द्वारा प्रखण्डों में सत्यापन / सर्वेक्षण / जांच का कार्य अभियान अवधि में ही करते हुए तदोपरांत प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी। निर्धारित पात्रता एवं मापदंड के अनुसार लाभार्थी की स्थायी प्रतीक्षा सूची ग्राम सभा में तैयार की जानी है। आवास निर्माण हेतु कुल सहायता राशि 2 लाख रुपया प्रति ईकाई हैं। आवास का निर्माण तीन कमरे के साथ 31 वर्ग मीटर में किया जाएगा। जिसमें स्वच्छ रसोईघर भी शामिल हैं।


झंडी दिखाते अधिकारी।

# जिले में आंवला नवमी की पूजा के साथ किया गया व्रत

- अक्षय नवमी पर अरु गांव के साथ कई जगहों पर आंवला पेड़ के नीचे हुआ व्रत
- धार्मिक मान्यता के अुनसार आंवला नवमी स्वयं सिद्ध मुहूर्त भी है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी पर आंवले के पेड़ की पूजा के साथ व्रत किया गया। इसे आंवला नवमी कहते हैं। कहा जाता है ऐसा करने से मिलने वाला पुण्य कभी खत्म नहीं होता है इसलिए इसे अक्षय नवमी भी कहते हैं।

जिले के अरु गांव के साथ साथ अक्षय नवमी पर कई जगहों पर आंवला पेड़ के नीचे यह व्रत किया गया। इस दिन आंवले के पेड़ का पूजन कर परिवार के लिए आरोग्यता व सुख -समृद्धि की कामना की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि आंवला नवमी स्वयं सिद्ध मुहूर्त भी है। इस दिन दान, जप व तप सभी अक्षय होकर मिलते हैं अर्थात इनका कभी क्षय नहीं होता हैं।

भविष्य, स्कंद, पद्म और विष्णु पुराण के मुताबिक इस दिन भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है। पूजा के बाद इस पेड़ की छाया में बैठकर खाना खाया जाता है। ऐसा करने से हर तरह के पाप और बीमारियां दूर होती हैं।

आंवला नवमी पर आंवले के वृक्ष की पूजा और इसके वृक्ष के नीचे भोजन करने की प्रथा की शुरूआत करने वाली माता लक्ष्मी मानी जाती हैं। प्रचलित कथा के अनुसार एक बार माता लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करने आईं। रास्ते में भगवान विष्णु और शिव की पूजा एक साथ करने की उनकी इच्छा हुई। लक्ष्मी मां ने विचार किया कि एक साथ विष्णु और शिव की पूजा कैसे हो सकती है। तभी उन्हें ख्याल आया कि तुलसी और बेल के गुण एक साथ आंवले में पाया जाता है। तुलसी भगवान विष्णु को प्रिय है और बेल शिव को। आंवले के वृक्ष को विष्णु और शिव का प्रतीक चिह्न मानकर मां लक्ष्मी ने आंवले के वृक्ष की पूजा की।


अक्षय नवमी को लेकर व्रत करते लोग।

### अक्षय नवमी पर महिलाओं ने की आंवला पूजा



**गुमला।** अक्षय नवमी पर मंगलवार को आंवला वृक्ष की महिलाओं ने विधि विधान से पूजा की। शहर के बड़ाईक मंदिर व रौनियार बाल मंदिर में आचार्यों ने आंवला पूजा कराया। जहां महिलाएं आवला पौधे पर कच्चा धागा बांधकर उसकी परिक्रमा की और अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। अक्षय नवमी पर महिलाएं पूजा के बाद आवला का सेवन कर पूजा की विधि संपन्न की। इस दौरान पूजा अर्चना के लिए महिहलाओं की भीड़ लगी रही।

### चोरी हुए ट्रांसफार्मर की जगह नया लगाने और चोरी रोकने को लेकर महामंत्री ने की शिकायत



**लोहरदगा।** भाजपा के लोहरदगा ग्रामीण मंडल के महामंत्री विवेक चौहान ने ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रहे ट्रांसफार्मर चोरी को लेकर ग्रामीणों को साथ लेकर विद्युत विभाग जाकर एक ज्ञापन सौंपा और इस विषय में तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई का अनुरोध किया है। विगत दिनों बाघा, सिंगपुर इत्यादि गांवों में कई ट्रांसफार्मर चुरा लिया गया है, जिससे वहां के लोगों के घरों में अंधेरा हो गया है। जिस तरह से आजकल ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार ट्रांसफार्मर की चोरी हो रही है उसे देखकर लगता है कि इस सरकार में चोरों का मनोबल बहुत बढ़ गया है और उनको प्रशासन का कोई डर भय नहीं रह गया है। जहां एक ओर रघुवर दास की सरकार में गांव-गांव तक बिजली पहुंचायी गयी थी, वहीं दूसरी ओर वर्तमान की हेमंत सोरेन की सरकार लगे हुए विद्युत उपकरणों को चोरी करवाकर झारखण्ड को अंधेरे में धकेल रही है। इससे प्रमाणित होता है कि यह सरकार गरीबों को अंधेरे में रख अपने घर में रोशनी करने पर विश्वास करती है। यदि शीघ्र चोरों को पकड़ कर कार्रवाई नहीं करती है और चुराये गये ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जाता है, तो एक वृहद आंदोलन किया जायेगा।

## समाज में सद्भाव व आपसी एकता को लेकर पूर्वजों ने आरंभ किया था जतरा

>> छठ पर सिसई प्रखंड के पहामू हेसागुटु में जतरा सह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम को चैतु उरांव ने किया संबोधित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** छठ महापर्व के अवसर पर सिसई प्रखंड के पहामु हेसागुटू कल्लुटोली में जतरा सह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष चैतु उरांव, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य विजयलक्ष्मी उरांव, सिसई प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष बैबुल अंसारी, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जिला अध्यक्ष लोहरा उरांव,सिसई अल्पसंख्यक अध्यक्ष हुसैन खान ने फीता काटकर उदघाटन किया। मौके पर चैतु उरांव ने कहा कि आज सभी जगहों में छठ महापर्व धूमधाम के साथ मनाया जाता है। सभी लोगों ने सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर भगवान भास्कर को समर्पित लोक आस्था और उपासना के महापर्व छठ की महिमा की श्रद्धा और भक्ति भाव में समाहित हो जाते हैं।

## पति ने थाने पहुंच लिखायी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के पलमी गांव निवासी अर्जुन उरांव पिता सुकरा उरांव ने अपनी पत्नी के गुमशुदगी को लेकर भंडरा थाने मे लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगायी है। अर्जुन ने बताया की पत्नी के बिना बताए घर से चले जाने के बाद उसका पता- नहीं चलने और भरपूर खोजबीन के बावजूद उसकी जानकारी नहीं मिलने पर परेशान पति ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस थाने में दर्ज करायी है। प्रखंड मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर ग्राम पलमी के अर्जुन उरांव (35) ने पुलिस थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 नवम्बर की शाम अर्जुन अपने पत्नी दीपिका तिग्गा के साथ भंडरा आ रहा था इस बीच उसकी पत्नी मौसी से मिलने की बात कह कर नवडीहा मे अपने एक साल की पुत्री के साथ उतर गई । भंडरा मे काफी देर इंतजार करने के बाद अर्जुन ने नवडीहा एव आसपास अपनी पत्नी के संबंध में पूछताछ की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद अर्जुन ने अपने रिश्तेदारों के यहां भी अपनी पत्नी की पता तलाश की।



# छठ के दौरान समाजसेवा को लेकर बसिया के पंकज की चहुंओर है चर्चा

## छठ महापर्व पर सैकड़ों लोगों के बीच बांटी थी पूजन सामग्री

- धार्मिक कार्य में बासिया निवासी पंकज कुमार ने निभायी अहम भूमिका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** छठ पर्व पर समाज सेवी बसिया निवासी पंकज कुमार ने सैकडों लोगों के बीच पूजा सामग्री का वितरण किया था। पंकज कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बसिया, कामडारा व गुमला प्रखंड के सैकड़ों छठव्रतियों के बीच उनके द्वारा फल सहित अन्य पूजन सामग्री का वितरण किया जाता है।

उन्होंने कहा कि छठ पर्व के प्रति श्रद्धा व भक्ति ही उन्हें इस कार्य के लिए प्रेरित करता है। हालांकि संवेदक होने के नाते इस वर्ष उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रही। क्योंकि किये गये कार्यों में भुगतान लंबित होने के कारण वे परेशानी से गुजर रहे थे फिर भी लोक आस्था के म हापर्व में उन्होंने आर्थिक हालात को दरकिनार करते हुए छठव्रतियों की जो सेवा की उसकी प्रशंसा लोग कर रहे हैं।

पंकज धार्मिक कार्यों और जन सेवा के कार्यों में हमेशा आगे बढ़कर अपनी भूमिका निभाते हैं। जिसके कारण उनकी समाज सेवा के क्षेत्र में अच्छी पहचान बन गई है। आने वाले वर्षों में छठ में और वृहत पैमाने पर व्रतियों के बीच छठ सामग्री वितरण की बात पंकज ने कही है।



पूजन सामग्री वितरण करते समाजसेवी पंकज व अन्य।

# सरकार-आपके द्वार की सफलता को ले पंडरा बीडीओ ने बनायी रणनीति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के सफल आयोजन हेतु मंगलवार को प्रखंड सभागार में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, मुखिया, पंसस एवं प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी, पंचायत सचिव, जेई, कंप्यूटर ऑपरेटर की बैठक हुई। जिसमें बीडीओ ने सभी मुखिया से पंचायत क्षेत्र में कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार करने का अनुरोध किया।

जानकारी दी गयी कि राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार एव मेरा अभियान विकसित भारत कार्यक्रम का शुभारंभ 24 नवंबर से होगा। कार्यक्रम 28 दिसंबर तक। 24 नवंबर को प्रखंड के भिठा पंचायत में 11 से 3 बजे तक सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन होगा इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में उपायुक्त उपस्थित रहेंगे। बताया गया की कार्यक्रम अन्तर्गत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयेजन कर राज्य सरकार के लोक-कल्याणकारी योजनाओं का आम जनों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार होगा एवं शिविर में ही योजनाओं का अधिकाधिक लाभ आमजनों को दिया जायेगा। ताकि कोई भी अहर्त्ता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। शिविर में अबुवा आवास, राशन कार्ड, धोती, साड़ी, लुंगी और कंबल बांटा जायेगा।


बैठक करते बीडीओ उपस्थित अन्य।

## स्पीड न्यूज

### मेरे पति पुलिस की नजर में नक्सली है तो पुलिस न्यायालय में कराए सुपुर्द

**चतरा।** पूर्वी जोन के जोनल कमांडर रोशन उर्फ रंजन उर्फ सहदेव गंझू अपने पिता जागेश्वर गंझु की मौत की खबर सुनकर बालू भांग पंचायत के श्री समात गांव पहुंचे थे, इसी बीच पुलिस ने मध्य रात्रि को मेरे घर से गिरफ्तार कर लिए। उनकी पत्नी शकुंती ने बताई कि मैं अपने पति के साथ घर में थी इसी बीच पुलिस मेरे घर को घेर कर रात्रि में ही अपने साथ लेते गए मैं सुबह बालूमाथ और बरछिया थाना में कई बार संपर्क किया। मुझे पुलिस अपने पति से नहीं मिलने दिए आगे उन्होंने बोली कि मुझे न्यायालय पर भरोसा है अगर मेरे पति नक्सली हैं तो उसे जेल भेजें प्रताड़ित न करें। चतरा जिला के लावालौंग थाना क्षेत्र के जेलमा गांव निवासी सकुंती देवी बताई की मेरे चार बच्चे है अगर कोई अनहोनी हो गया तो मेरे बच्चो को गुजारा कैसे होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजेंद्र डॉन की हत्या की जिमेवारी इन्होंने ने ही लिया था।फिलहाल चतरा और पलामू में अभिषेक के नाम पर ठेकेदारों को फोन कर आतंक का पर्याय बना हुआ था। उसके खिलाफ चतरा जिला में भी लगभग एक दर्जन मामला दर्ज है।

### करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत

**हंटरगंज।** हंटरगंज प्रखंड के गोसाई डीह पंचायत के पिंडरी गांव में मंगलवार को करंट के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है मृतक युवक गुलाम अंसारी का 25 वर्ष यह पुत्र रुस्तम अंसारी है वह अपने घर में लोहे के चारपाई पर सोया हुआ था इसी दौरान तार काटकर लोहे के चारपाई पर गिर गया और लोहे की चारपाई में पूरा करंट फैल गया और उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई परिजनों के द्वारा उसे जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया उसके मौत हो जाने से घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है वह अपने पीछे पत्नी एवं दो पुत्र में एक पुत्री को छोड़ गया उसकी मौत की खबर सुनकर भी सूत्री उपाध्यक्ष वकील खान ऊप प्रमुख राहुल गुप्ता पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार मो इदरीश अंसारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घटना की जानकारी ली मृतक युवक मोमिन कॉन्फ्रेंस प्रखंड अध्यक्ष हाजी मो सेराज अंसारी के दामाद थे।

### चलती गाड़ी में अचानक शॉर्ट सर्किट से लगी आग, गाड़ी खाक में हुई तब्दील



**चतरा।** चतरा के संघरी घाटी में एक चार पहिया वाहन में अचानक आग लग गई है। चार पहिया वाहन जोरी से चतरा की ओर आ रही थी। बताया जाता जा रहा है कि चलती गाड़ी में अचानक में शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। हालांकि इस पूरे मामले की जानकारी सदर थाना पुलिस को जैसे ही मिली जिसके बाद पुलिस अपने दल बाल के साथ मौके पर पहुंच कर जायजा ले रही है।

### चोरी के मोटरसाइकिल के साथ एक अपराधी गिरफ्तार



**चतरा।** हजारीबाग के वांछित अपराधी को शहर से एक मोटरसाइकिल चोरी करनें की शिकायत पुलिस कप्तान राकेश रंजन को मिली, त्वरित कारवाई के लिए एक टीम का गठन किया गया। जिसमे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में पोस्ट ऑफिस के पास चतरा नगवा मोहल्ला निवासी दीपक कुमार दास ,उर्फ राहुल दास को एक चोरी के मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही इस घटना में शामिल दो अन्य लोग पुलिस गिरफ्त से बाहर है।दोनो के गिरफ्तारी के लिए पुलिस अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार युवक के खिलाफ सदर थाना में तीन मामला दर्ज है और एक हजारीबाग जिला के कटकमसाडी थाना के केस में जेल भी जा चुका है राहुल रविदास। छापामारी दल में पु नि सह थाना प्रभारी शिव प्रकाश कुमार पु अ नि श्रीराम पंडित सदर थाना स अनी प्रवीण कुमार सदर थाना सहित अन्य पुलिस के जवान शामिल थे।

### पिता के श्राद्ध के दसवें दिन पुत्र की मौत



मुखाग्नि देता पुत्र अरविंद

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर नौ स्थित आमर गांव के पश्चिम टोला निवासी स्व. फौदर राम चंद्रवशी के 45 वर्षीय पुत्र अजय कुमार चंद्रवंशी की बीती रात्रि मौत हो गई। इनकी निधन से पूरे परिजन विहुवल व आहत है। मौत की खबर सुनते ही उनके पैतृक आवास पर आसपास के लोगों का तांता लग रहा। मृतक घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। वे अपने पीछे पत्नी कुंती देवी, पुत्र अरविंद कुमार चंद्रवंशी, दो पुत्री में प्रियंका कुमारी एवं संगीता कुमारी को छोड़ गए। ज्ञात हो कि मृतक अजय कुमार चंद्रवंशी के पिता फौदार राम चंद्रवंशी का निधन दीपावली से कुछ दिन पूर्व हो गया था। उनका श्राद्ध कार्यक्रम महज 10 दिन पहले ही समाप्त हुआ था। मृतक के अंतिम दाह संस्कार में युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी, अजय कुमार वर्मा, संजीव कुमार चंद्रवंशी, शंभू चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी, रंजीत चंद्रवंशी, प्रेमन राम चंद्रवंशी एवं शंकर राम चंद्रवंशी आदि शामिल हुए।

# केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव ने चतरा में संचालित योजनाओं की समीक्षा की, दिए निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**चतरा।** संयुक्त सचिव एवं महानिदेशक श्रम कल्याण भारत सरकार सह जिला प्रभारी पदाधिकारी चतरा रूपेश कुमार ठाकुर, भारत संकल्प यात्रा व आकांक्षी जिला तथा आकांक्षी प्रखण्ड का समीक्षा करने पहुंचे चतरा। सर्वप्रथम रूपेश कुमार ठाकुर के चतरा आगमन पर उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात जिला में होने वाली विकास भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। यह यात्रा देश भर में विकास और प्रगति को गति देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से विकास भारत संकल्प यात्रा शुरू की जा रही है। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जानकारी दिया कि जिले में मोबाइल वैन के संचालन के लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। इस संदर्भ में किए गए तैयारियों की सराहना करते हुए कहा ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को चिह्नित करें और मौके पर ही पंजीकरण के साथ उनकों लाभान्वित किया जाए। इस अभियान के सफल संचालन एवं नियमित मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक स्तर पर समिति गठित की जाए. प्रत्येक स्तर पर आयोजित कार्यक्रम की फोटो, वीडियो के साथ इसकी पूरी रिपोर्ट पोर्टल पर भी अपलोड की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा अनेक स्तर पर प्रयास किए जा रहे है। आयुष्मान भारत योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अंतोदय योजना, पेंशन योजना, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, उज्जवला योजना, हर घर जल योजना, अटल पेंशन आदि की विस्तृत समीक्षा की गई।आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत कार्य कर रहे पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा समेत सभी पांच क्षेत्रों के विभिन्न सूचकांकों की जानकारियों को क्षेत्रानुसार विस्तृत रूप से बताया गया। साथ ही बेस लाईन डाटा में किए गए सुधार और कार्यक्रम से जुड़े अन्य गतिविधियों के बारे में भी बताया। चतरा जिला का डेल्टा रैंक 90, शिक्षा में 7, स्वास्थ्य और पोषण में 97, कृषि और जल संसाधान में 41 है, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास में 72, बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर में 92 रैंक रहा। इस पर उन्होने रैंकिंग में सुधार हेतु सुझाव दिए। आकांक्षी प्रखण्ड की समीक्षा के क्रम में उपस्थित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मयुरहंड से शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी लिया और कहा कि आकांक्षी प्रखण्ड कि विकास में आपकी भुमिका महत्वपूर्ण है। उक्त मौके पर उन्होने कहा सभी पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए आकांक्षी प्रखण्ड के विकास में संचालित योजनाओं को ससमय दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करें, जिससे जिले का बेहतर विकास हो सके। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त अबु इमरान, उप विकास आयुक्त श्री उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रण्मडल पदाधिकारी उत्तरी वन प्रमण्डल राहुल मीणा, निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनीन्द्र भगत, सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि गरिमा सिंह, अमित भारती, दीपांशी निगम समेत सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सीएम ने झामुमो नेताओं संग की ऑनलाइन बैठक, कहा

# सरकार की योजनाओं का करें प्रचार प्रसार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** राज्य के मुखिया सीएम हेमंत सोरेन मंगलवार को जिले के झामुमो नेताओं के संग ऑनलाइन बैठक की। इस दौरान उन्होंने नेताओं को कई चुनावी टिप्स दिए और कहा कि राज्य सरकार आम जनता के हर सुख दुःख में हमेशा साथ रही है, जिसका भाजपा को रास नहीं आ रहा, जिस कारण कभी ईडी तो कभी कुछ का बहाना बना राज्य सरकार को बदनाम करने कोई भी कसर नहीं छोड़ रही, जिसका हम सब को कड़ाई से विरोध करना होगा। वहीं बैठक के बाबत जिलाध्यक्ष बीरेंद्र पांडये व जिला प्रवक्ता संजय साजन ने कहा कि आज आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती, लोकसभा व विधान सभा चुनाव की तैयारी, सरकार के द्वारा चलाये जा रही योजनाओं के प्रचार प्रसार ज्यादा से ज्यादा करने, जिले के बेलगाम अधिकारी व पुलिस प्रशासन को सुधरने की नसीहत दी गई तथा आगामी 4 दिसम्बर को आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने समेत सदस्यता अभियान, सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में पार्टी से जुड़े लोगों की भूमिका भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। वहीं नेताओं ने कहा कि आज मुख्यमंत्री हेनत सोरेन के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजना को विरोधी अपना बता रहे हैं, जिसे रोकने के लिए कार्यकर्त्ता को बताने की जरूरत है। इसके पूर्व पार्टी के महासचिव बिनोद पाण्डेय ने भी बैठक की समीक्षा की। मौके पर गंगा यादव, संजय पाण्डेय, गोपाल यादव, इश्लाम अंसारी, बैजनाथ मेहता, अशोक कुमार, पवन मइकल कुजूर, शेषांक कुमार सिंह, श्याम यादव, निर्मला तिवारी, बेबी देवी, राखी देवी, मंजू देवी, बसंती देवी, संदीप पाण्डेय, सुधाकर यादव, गणेश राय, अशोक सिंह, रामप्रसाद सिंह, नौशाद आलम, दीपक विश्वकर्मा, मो जावेद, दिलीप साव, बीरेंद्र मिश्रा, छोटू यादव, कामेश्वर भारती, शलेन्द्र सिंह, असरफ अंसारी, चन्द्रदेव यादव, उमेश यादव, रामेश्वर यादव, मो. अनामूल, अखलेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार प्रदीप कुमार, सोनी, दुलारी देवी, सुरेंद्र यादव, बीरेंद्र यादव समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### गढ़वा के पवल ने जीता कांस्य पदक




पवल किशोर विश्वकर्मा

**गढ़वा।** 17 से 19 नवंबर तक महेंद्रगढ़ हरियाणा में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में गढ़वा के मुक्केबाज पवल किशोर पासवान ने कांस्य पदक जीता। पवल ने अंडर 17 वर्ग में 38-42 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर राज्य और जिले का नाम रौषन किया। पवल के इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेष कुमार ठाकुर ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद निदेशालय के उप सचिव राज महेश्वरम, गढ़वा जिला बॉक्सिग संघ के संरक्षक मुमताज राही, अध्यक्ष शिव शंकर पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष हरिनंद पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष लव कुमार दुबे, सचिव रामप्रवेश तिवारी, कोषाध्यक्ष नितिन तिवारी, सह सचिव पुनीत जायसवाल, जीएन कॉन्वेंट स्कूल के प्राचार्य मदन प्रसाद केशरी, गढ़वा जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, गढ़वा जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, संरक्षक राकेश पाल, रेखा चौबे, अनिता दत्त, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, खेलकूद विभाग के विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, धीरज दुबे, ओमप्रकाश तिवारी, अरविंद दुबे, प्रभात तिवारी, रमाशंकर सिंह, चंद्र बहादुर सिंह, किशोर कुणाल, राजेश चंद्रवंशी, राजन कुमार आदि का नाम शामिल है।

### महापर्व छठ की समाप्ति पर गंगा तालाब छठ घाट की सफाई




सफाई करते लोग

**रमना।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के समाप्ति के बाद मंगलवार को गंगा तालाब छठ घाट की सफाई की गई। पूजा समिति के सदस्यों ने प्रातः घाट पर उपस्थित होकर इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। गंगा तालाब छठ पूजा घाट पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा घाट की सफाई की गई। सफाई करने वालों में सोमारु बियार, कमलेश बियार, जयप्रकाश बैठा, शंकर बैठा सिपाही, रामदेव प्रजापति, रामनाथ बियार, संजय प्रजापति, उपेन्द्र बियार, युगुल साह, रबिंद्र बियार, अशोक बियार, मनोज साह, कुलदीप प्रजापति, अशोक साह, पापू बियार, मनोज प्रजापति, मुकेश बियार, राजेन्द्र बियार, अवधेश बियार, भरदुल साह, ललु प्रजापति, धर्मजीत बियार, उकेश गुप्ता, मनोहर बियार, जयराम बियार, बिन्दु बियार, राजू बियार, मोती बियार, राजेश्वर बियार, जितेन्द्र बैठा, रामलाल बियार, सुनील प्रजापति, नरेश साह, सुदर्शन बियार, महेन्द्र प्रसाद गुप्ता आदि का नाम शामिल है।

### पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाया छापामारी अभियान

## राशन दुकान से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**कोडरमा (कोडरमा)।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बेकोबर में अवैध शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम कर रहे थे, इस दौरान एक राशन दुकान में छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध रूप से रखे अंग्रेजी शराब को बरामद किया गया। जप्त शराब में विभिन्न ब्रांड के 16 बोतल अंग्रेजी शराब, 9 नीब और 99 बोतल बियर शामिल है। वहीं महुआ शराब की कई भट्टियों को ध्वस्त किया गया। साथ 5 क्विंटल जावा महुआ और शराब बनाने के उपकरण को नष्ट किया गया। वहीं थाना प्रभारी श्री राम ने बताया कि अंग्रेजी शराब बरामदगी मामले में दोगोंपहरी निवासी विकास प्रसाद पिता लक्ष्मण मण्डल को गिरफ्तार किया गया है। अभियान में एसआई इकबाल हुसैन, कुंदन कुमार और जिला बल के जवान शामिल थे।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कोडरमा टीम लेगी भाग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** गढ़वा में होने वाली राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कोडरमा की टीम भाग लेने जा रही है। जिसे लेकर खिलाड़ियों का चयन जे.जे. कॉलेज में किया गया, जहां चयन ट्रायल कुमार अभिषेक व रौनक कुमार के द्वारा किया गया। जिसमें आदित्य कुमार, सन्नी कुमार, दीपक, साहिल, धीरज, भोला व अन्य खिलाडियों का चयन किया गया। चयन प्रतिभागियों को बुधवार को गढ़वा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम कोच कुमार अभिषेक, टीम मैनेजर रौनक कुमार, विनोद कुमार टीम संरक्षक अनमोल कुमार के साथ रवाना किया जायेगा। इस अवसर पर वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव राकेश पांडेय ने हर्ष जताते हुए बधाई दिया और कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है, खेल लोगों के लिए बहुत जरूरी हैं। वहीं एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, अब्दुल गफ्फार, बिनोद कुमार, अनमोल कुमार, प्रिंस मिश्रा, अभिषेक कुमार, समुना यादव, उपेन्द्र सिंह, कुन्दन राणा ने हर्ष जताते हुए खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अबुआ आवास योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर जागरुकता रथ रवाना

**मरकच्चो (कोडरमा)।** कच्चे मकान में रह रहे परिवार एवं अब तक आवास से वंचित परिवारों को पक्का मकान का लाभ देने के लिए झारखंड सरकार के द्वारा अबुआ आवास योजना का शुभारंभ किया गया है। जिसे लेकर मंगलवार को प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, बीडीओ पप्पु रजक, बीपीओ राकेश रंजन एवं उतरी पंचायत मुखिया रंजीत सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ को प्रखंड मुख्यालय से रवाना किया। इस दौरान बीडीओ ने बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत 24 नवम्बर से 26 दिसम्बर तक प्रत्येक पंचायत में लगने वाले शिविर में योग्य परिवारों से अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन लिए जायेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत शिविर में योग्य लाभुक आवेदन लेकर आ सके, इसके लिए जागरुकता रथ से व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

### महिलाओं ने श्रद्धा भक्ति भाव से मनायी अक्षय नवमी का त्यौहार



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण इलाकों में अक्षय नवमी का त्यौहार श्रद्धा भक्ति भाव के साथ मंगलवार को महिलाओं के द्वारा मनाई गई। अक्षय नवमी के अवसर पर प्रखंड के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और अपनी तथा अपने परिजनों के लिए सुख समृद्धि व मंगल कामना की। अक्षय नवमी के अवसर पर मंगलवार को क्षेत्र की महिलाओं ने आंवला वृक्ष के नीचे खिचड़ी समेत अन्य शाकाहारी भोजन बनायी एवं ग्रहण की। इस अवसर पर महिलाओं ने भुआ, कोहड़ा व श्रृंगार के सामान के साथ कपड़े आदि भी ब्राह्मणों को दान किये। ऐसी मान्यता है कि आज के दिन भुआ, कोहड़ा के साथ की गई दान काफी फलदाई होती है तथा दान का क्षय नहीं होता। वहीं दूसरी ओर ज्योतिष एवं खगोलीय दृष्टिकोण से भी इसकी महत्ता है। आंवला वृक्ष के नीचे सामूहिक भोजन करने से मन में बास कर रहे गलत प्रवृत्तियों का नाश होता है एवं लोगों के मन में अच्छे विचार उत्पन्न होते हैं।

### बलरोटांड में हरिकीर्तन का आयोजन

कोडरमा। प्रखंड अंतर्गत लोकाई पंचायत के बलरोटांड में 48 घंटे का अखण्ड हरि कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। जहां दो दिवसीय हरिकीर्तन का उद्घाटन ध्वजाधारी धाम के महंत महामंडलेश्वर श्री श्री 108 श्री सुखदेव दास जी महराज के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरिकीर्तन होने से क्षेत्र में शांति स्थापित होती है व मन की शुद्धि होती है। मौके पर पूजा कमिटी के अध्यक्ष बाबूलाल यादव, उपाध्यक्ष प्रकाश साव, सचिव रामदेव यादव, उपसचिव सुरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष रोहित यादव, गोपाल यादव, व्यवस्थापक सुमेश साव समेत कई लोग मौजूद थे।

### इंदिरा गांधी की मनायी गई 106वीं जयंती



श्रद्धांजलि देते कार्यकर्ता

**डंडई।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय भवन में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 106वीं जयंती मनाई गई। कार्यालय भवन में आयोजित समारोह में कार्यकताओं ने स्व. इंदिरा गांधी कि चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह बीस सूत्री अध्यक्ष मो. कयामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आयरन लेडी के नाम से मशहूर स्व. इंदिरा गांधी ने देश के विकास में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने पाकिस्तान जैसे देश को दो टुकड़ों में बांटने का साहसिक कार्य किया था। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जफर इकबाल ने कहा कि स्व. इंदिरा गांधी द्वारा देश के विकास में योगदान और उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। हम सभी लोगों को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने कि जरूरत है।

### नवजात शिशु का शव बरामद

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के नामधारी कॉलेज के सामने एक नवजात शिशु का शव बरामद किया गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शिशु के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोग सुबह घूमने के लिए खेत की तरफ गए हुए थे। जहां नामधारी कॉलेज के सामने एक बच्चे को शव देखा। उसके बाद बच्चा फेके जाने की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई।

### छपरदागा में एक सौ से अधिक लोग भाजपा में शामिल

**गढ़वा।** गढ़वा जिला भाजपा के तत्वावधान में मंगलवार को डंडा प्रखंड के छपरादागा गांव स्थित महुराम टोला में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 100 से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि कहा कि मंत्री और झामुमो सरकार की कार्यप्रणाली को जनता पूरी तरह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय भाजपा का है। यही कारण है कि लोग लगातार भाजपा से जुड़ रहे है। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में चंद्रशेखर शर्मा, अभिषेक कुमार शर्मा, राजा शर्मा, पप्पू शर्मा, कंचन पासवान, हर्षवर्धन शर्मा, रामजीत कुमार, सुजीत कुमार, अविनाश कुमार सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मुखिया जदू चौधरी, मंडल अध्यक्ष लखन चौधरी आदि लोग उपस्थित थे।

# सरकारी स्कूलों में तैयार हो रही 'रानी लक्ष्मीबाई, अब चोर-उचक्कों की खैर नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** स्कूल-कॉलेज जाने वाली छात्राओं के साथ मनचले के द्वारा होने वाली छेड़खानी से आत्मरक्षा के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना के निर्देश पर छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा योजना के तहत ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें जिले के 5 प्रखंडों में कक्षा 6 से 8 तक के 15 और कक्षा 9 से 12 तक के 15 विद्यालय का चयन इस प्रशिक्षण के लिए किया गया है। वहीं सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय में छात्राओं को प्रशिक्षण दे रहे ताइक्वांडो कोच अशोक कुमार ने कहा कि इस 24 सप्ताह के प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को आत्मरक्षा को लेकर कई प्रकार के टेक्निक सिखाए जा रहे हैं। जिसमें जब कोई पीछे से हमला करे तो कैसे बचा जा सके और हमलावर को कैसे इसका जवाब दिया जा सके। छात्राओं के साथ बैड टच होने पर उन्हें कैसे इसका जवाब दें, इसकी भी ट्रेनिंग दी जा रही है।

**सुरक्षा को लेकर परिजन रहते थे चिंतितः शिल्पी :** ताइक्वांडो की प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्रा शिल्पी कुमारी ने बताया कि लड़कियों की सुरक्षा को लेकर परिजन हमेशा चिंतित रहते हैं, कई बार उन्हें घर से बाहर भी नहीं निकलने दिया जाता है। वहीं उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो का प्रशिक्षण प्राप्त करने से किसी भी विपरीत परिस्थिति में अब छात्राएं उसका डटकर मुकाबला कर सकेंगी।

### ताइक्वांडो सीखने से आत्मविश्वास में हुई बढ़ोत्तरी: प्राचार्य

प्राचार्य मनोज कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में झारखण्ड सरकार छात्राओं की सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर है। ताइक्वांडो का प्रशिक्षण प्राप्त करने से छात्राओं में आत्मविश्वास की बढ़ोत्तरी हुई है, छात्राओं के मन से डर दूर हुआ है। स्कूली शिक्षा के बाद भी ताइक्वांडो की ट्रेनिंग छात्राओं के जीवन में काफी उपयोगी साबित होगा।

स्पीड न्यूज

## देवनद छठ घाट की सफाई में जुटा युवा भारत


छठ घाट की सफाई करते युवा।

**चंदवा।** छठ महापर्व समाप्त होने के बाद मंगलवार को देवनद तट पर फैली गंदगी को युवा भारत के सदस्यों ने साफ करना शुरू कर दिया। युवा भारत की पहल पर छठ घाट पर सफाई शुरू हो गयी। युवा भारत के पवन गुप्ता ने कहा कि देवनद की पवित्रता बनी रहे इसके लिए सफाई जरूरी है। पवन ने बताया कि दो दिनों में पूरे घाट को साफ कर दिया जाएगा। नदी के दक्षिणी छोर पर बैरिकेडिंग कर बड़े वाहनों को नदी पर उतरने से रोका जाएगा। सफाई अभियान में उप प्रमुख अश्वनी मिश्रा, रविराज, अंकित कुमार, गौरव दुबे, दीपक भगत, मुकेश साहू समेत कई लोग शामिल थे।

## महुआडांड़ प्रखंड कार्यालय सभागार में समीक्षात्मक बैठक का किया गया आयोजन

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग के अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी पंचायत के मुखिया पंचायत सेवक रोजगार सेवक कंप्यूटर ऑपरेटर समेत अन्य लोग उपस्थित हुए। सर्वप्रथम सभी पंचायत में चल रही विकास योजनाओं का पंचायतवार समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान श्री डांग ने कहा कि जो भी योजनाएं अपूर्ण है उसे समय पूर्ण करें। प्रधानमंत्री आवास जो अभी तक अधूरा है उसे एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करें। मनरेगा योजना समेत अन्य प्रकार की जो भी योजनाएं हैं उसे सुचारू रूप से संचालित करते हुए सभी योजनाओं को भी ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। और जो योजनाएं पूर्ण हो चुकी है उन्हें योजनाओं को क्लोज करने का भी निर्देश दिया गया साथ ही सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगर समय अवधि के अनुसार योजनाएं पूर्ण नहीं किया जाता है तो संबंधित पंचायत कर्मियों पर करवाई की जाएगी।

## स्वर्गीय भागीरथ पथ से जाना जाएगा राय मोहल्ला


मौके पर उपस्थित लोग।

**लातेहार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना के समीप दिन मंगलवार को पुराना नाम राय मोहल्ला पथ का नामकरण कर भागीरथ पथ रखा गया। आपको बताते चले की स्वर्गीय भागीरथ राय कुमार एंड राय कंस्ट्रक्शन के संचालक राजू राय के पिता थे स्वर्गीय भागीरथ राय डुमरी गाँव के ग्राम प्रधान भी थे। स्वर्गीय भागीरथ राय के द्वारा लगातार गरीब लोगों को हर संभव सहायता मुहैया कराई जाती थी स्वर्गीय भागीरथ राय शुरू से ही समाजसेवी थे उनके द्वारा जरूरतमंद लोगों को हमेशा सहायता मुहैया कराई जाती थी स्वर्गीय भागीरथ राय के पास अगर कोई भी गरीब व्यक्ति सहायता को लेकर पहुंचता तो उनके द्वारा हर संभव सहायता करने का प्रयास की जाती थी कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने कहा की हम लोगों के गार्जियन स्वर्गीय भागीरथ राय अब इस दुनिया में नहीं है परंतु आज भी इनकी यादे ताजा है उनका पुत्र के द्वारा भी गरीब लोगों को हर संभव राहत पहुंचाने का कार्य की जा रही है इसी कार्य को लेकर राय मोहल्ला पथ का नाम बदलकर स्वर्गीय भागीरथ पथ रखा गया है। इस नामकरण के अवसर पर मनिका कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान बृन्द बिहारी प्रसाद यादव, समाजसेवी डीग्लू उर्फ दीपू कुमार राय, मनदीप राय धनदीप राय, चंदन राय समेत कई लोग उपस्थित थे।

## लोजपा प्रदेश महासचिव ने किया पूजन सामग्री का वितरण



**मेदिनीनगर।** लोजपा प्रदेश महासचिव अमरनाथ जायसवाल ने शिवाला रोड में स्टॉल लगाकर अपने माता पिता के याद में छठव्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया। मौके पर दीपक कुमार लाल, देवेंद्र प्रसाद, छोटलाल सिंह, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, संजय प्रसाद, आशुतोष, आलोक, कौशिक राज, कन्हाई प्रसाद, रिसु रानी, ज्योति रानी, सुधा गुप्ता, विकास गुप्ता समेत कई लोग शामिल थे। मौके पर श्री जायसवाल ने कहा कि वे प्रत्येक वर्षं अपने माता पिता की याद में छठ पूजा के मौके पर प्रसाद वितरण करते हैं। उन्होंने कहा कि छठ पर्व शुद्धता व उल्लास का पर्व है। इसमें सभी जाति व धर्म के लोग आपस में मिलकर पर्व मनाते हैं। कहा कि छठ मैया पलामू वासियों पर कृपा बनाये रखे।

## विकास ने छठ व्रतियों के बीच किया फल वितरण

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के वरिष्ठ सदस्य विकाश यादव के द्वारा कचरवा डैम घाट के पास छठ व्रतियों के बीच फल वितरण किया गया। उन्होंने कहा की ये छठ महापर्व आस्था का प्रतीक है। इसमें जितनी सेवा संभव हो, करनी चाहिए। इसी को देखते हुए फल वितरण किया गया।

### यज्ञ होने से क्षेत्र में शांति मिलती है साथ ही लोगो के दिल में ईश्वर के प्रति श्रद्धा बढ़ती है: बैद्यनाथ राम

# सात दिवसीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के अवसर पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा स्थित बाजार टांड परिसर में चल रहे चातुर्मास कार्यक्रम के दौरान सात दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को एक हजार से भी अधिक संख्या में श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए। मुख्य यजमान प्रहलाद सिंह सह पत्नी, कन्हाई सिंह सह पत्नी, गोवर्धन सिंह सह पत्नी, हिरामण साव सह पत्नी, विजय यादव सह पत्नी, अवध सिंह सह पत्नी ऋषि सिंह सह पत्नी, राम सिंह सह पत्नी, कृष्णा सिंह सह पत्नी सहित अन्य 21 यजमानो के अलावा दर्जनों कुंवारी कन्याओं एवं महिलाओं ने यज्ञ परिसर से जयकारे व गाजे बाजे के साथ कलश उठाकर पद यात्रा करते हुए भाटचतरा बस्ती फूलवारिया होते टोंटी नदी तट पर पहुंची जहाँ यज्ञाचार्य स्वामी मधुसूदन महाराज जी के मंत्रोच्चारण एवं वैदिक कर्मकांड के साथ गंगा पुजन तथा वरूण देव का आह्वान कर कलश में नदी का पवित्र जल भरवाया, पुनः कलश यात्रा खुटी टोला झलकीटोला होते यज्ञ मंडप पहुंचा जहाँ सभा में तब्दील हो गई। यज्ञाचार्य स्वामी मधुसूदन महाराज जी ने मंत्रोच्चार के पश्चात कलश स्थापित कराया।


कलश यात्रा में शामिल विधायक व अन्य।


कलश यात्रा में शामिल चेतलाल रामदास।


कलश यात्रा में शामिल लोग।

**कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक बैद्यनाथ राम**

कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि विधायक बैद्यनाथ राम शामिल हुए। वहीं बताया की इस तरह का यज्ञ होने से क्षेत्र में शांति मिलती है साथ ही लोगो के दिल में ईश्वर के प्रति श्रदा बढ़ती है। विधायक को बारियातू स्थित बारिखाप से समर्थक व सैकड़ो कार्यकत्ताओं ने बाईक से साल्वे, सरहचवा व टोंटी होते भाटचतरा यज्ञ मंडप तक स्वागत के साथ लाये गए।

**भाजपा नेता सह लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी उम्मीदवार चेतलाल रामदास हुए शामिल**

रामदास ने यज्ञ मंडप पहुँचकर आचार्य स्वामी मधु सुदना चार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया। उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा की इस तरह का यज्ञ कार्यक्रम किए जाने से बिखरे हुए सनातन समाज एक जुट होते हैं। एक जुट होने और श्रद्धा के प्रति विश्वास कायम रखने के लिए इस तरह का कार्यक्रम होना महत्वपूर्ण होता है। मुझे सेवा करने का एक बार मौका दें क्षेत्र मे विकास के साथ बिखरे हुए समाज को एक करने का हर सम्भव प्रयास करेंगे। यज्ञ समिति ने बताया की 26 नवंबर को धर्मसम्मलेन साथ ही हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा किया जायेगा। वृंदावन से आए कलाकारों ने लगातार सात दिनों तक कृष्ण जी पर रासलीला कार्यक्रम किया करेंगे। यज्ञ में दूरदराज से आए अमजनों एवं श्रद्धालू और बच्चों के लिए कई प्रकार के झूला, मिनीबाजार का भी साधन उपलब्ध कराया गया है। मौके पर परिषद सदस्य रमेश राम, बीस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, सांसद प्रतिनिधि सतेन्द्र कुमार सिंह, आरजेडी प्रखंड अध्यक्ष लवकुश यादव, टोंटी पंचायत समिति सदस्य मो होजैफा, आजसु केन्द्रीय सचिव जितेन्द्र कुमार सिंह, समाजसेवी बबन सिंह सिबला पंचायत मुखिया सुरेश उरांव, पूर्व पंसस गौतम सिंह, अलावे यज्ञ समिति व डब्लू सिंह बब्लु सिंह, तुलसी राणा, विजय यादव, संजय मिस्त्री, दिलीप सिंह पंकज कुमार, संजय सिंह जयप्रकाश सिंह बिनोद राणा, उदय सिंह सहित काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

### स्ट्राइक बैलेट के जरिए रेल कर्मचारियों ने दिखाई अपनी ताकत

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर गुप्त मतदान का हुआ आगाज

- अंधकार में चला गया है कर्मचारियों का भविष्य और रिटायरमेंट : सुनील सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता


बरवाडीह स्टेशन पर मतदान करते रेल कर्मचारी।

**बरवाडीह।** पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में स्ट्राइक बैलेट के जरिए केंद्र सरकार को अपनी ताकत दिखाने के लिए मंगलवार से भारतीय रेल के विभिन्न डिपो, शेड यूनिट, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर गुप्त मतदान का आगाज हो गया है। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के शाखा सचिव कामरेड सुनील सिंह के नेतृत्व में डालटनगंज शाखा अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों में स्ट्राइक बैलेट कार्यक्रम चलाया जा रहा है। रेल कर्मचारी पूरे जोश जुनून के साथ मतदान कर रहें हैं। सुनील सिंह ने बताया कि न्यू पेंशन स्कीम के विरोध में डालटनगंज शाखा अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों में मतदान किया जा रहा है, जो बुधवार को भी किया जाएगा, ताकि केंद्र सरकार पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए दबाव बनाया जा सकें। उन्होंने कहा कि अगर लोक सभा चुनाव के पहले केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन बहाल नही किया तो रेल कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। रेल कर्मचारियों द्वारा हड़ताल के समर्थन में बढ़-चढ़कर वोटिंग की जा रही है। ज्ञात हो कि ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन 2004 से बंद पुरानी पेंशन को पाने के लिए निरंतर कई वर्षो से केंद्र सरकार से लड़ाई लड़ रही है। 2004 के बाद भारतीय रेल में सेवा दे रहे कर्मचारी न्यू पेंशन स्कीम के दायरे में आते है। जिससे कर्मचारियों का भविष्य और रिटायरमेंट अंधकार में चला गया है, जबकि देश के नेताओं को ओल्ड पेंशन स्कीम के साथ कई तरह की गारंटेड सुविधाएं दी जा रही है। जिसे देखते हुए एआईआरएफ और ईसीआरकेयू के शीर्ष नेतृत्व ने यह तय किया है कि यदि शीघ्र सरकार ओपीएस को बहाल करने की दिशा में कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है, तो देश भर के रेल कर्मचारियों के साथ रेल रोकने के लिए हड़ताल का निर्णय लिया जाएगा। जिसकी सारी जवाबदेही केंद्र सरकार की होगी। इस मौके पर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष चंदन कुमार, युवा सचिव ऋषि राज, संयुक्त सचिव श्रीकांत बिमल, उपाध्यक्ष अभिमान श्रीवास्तव, नरेंद्र कुमार, नीतीश कुमार और इनायत करीम सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## चलती बस में महिला के साथ छेड़खानी

**लातेहार।** रांची से चतरा जा रही मोना नामक यात्री बस में एक महिला यात्री के साथ छेड़खानी का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़िता ने बालूमाथ थाना में बालूमाथ के पिंडारकोम ग्राम निवासी हाजी मकसूद मियां के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता शहनाज खातून (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वह अपनी बीमार मां का इलाज कराकर रांची से चतरा वापस जा रही थी। इसी बीच बालूमाथ थाना सीमा क्षेत्र में चलती बस में एक अधेड़ व्यक्ति उसके साथ छेड़खानी करने लगा। महिला के विरोध के बाद भी वह व्यक्ति अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। उसके बाद आरोपी बालूमाथ ब्लॉक के समीप अंधेरा का लाभ उठाकर बस से उतरकर भाग गया। महिला के शोर मचाने के बाद बस में यात्रा कर रहे अन्य यात्रियों ने पीड़िता को बताया कि इस व्यक्ति का नाम हाजी मकसूद मियां है और यह बालूमाथ के पिंडारकोम गांव का रहने वाला है तथा इसका बालूमाथ के पुराना स्टेट बैंक के सामने कश्मीर वस्त्रालय नामक कपड़े की दूकान है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में कांड संख्या 157/2023 में भारतीय दंड विधान की धारा 354 (ए) तथा 354 (डी) के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद बालूमाथ थाना पुलिस ने पीड़िता का लातेहार कोर्ट में धारा 164 के तहत जज के समक्ष कलमबंद बयान भी दर्ज कराया है।

एक नजर में

## नगर पंचायत अंतर्गत दुकानों के ट्रेड लाइसेंस का किया गया जांच, 5000/- राजस्व की हुआ संग्रह


ट्रेड लाइसेंस जांच करते नगर पंचायत कर्मी।

**लातेहार।** नगर पंचायत के प्रशासक राजीव कुमार के निर्देश पर नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा ने शहर के कई दुकानों में ट्रेड लाइसेंस की जांच की। जांच के क्रम में बाइपास चौक के आदित्य मोबाइल में ट्रेड लाइसेंस की जांच की गयी। दुकान का ट्रेड लाइसेंस एक्सपायर हो गया था। उसका ऑन द स्पॉट नवीनीकरण किया गया। इसके बाद अधिकारियों ने मां वैष्णवी डिजीटल नामक प्रतिष्ठान में ट्रेड लाइसेंस की जांच की गयी। दुकान का ट्रेड लाइसेंस सही पाया गया। इसके बाद अधिकारियों ने धीरज टेलिकाम, श्याम सैलून व राहुल मैंस सैलून मे भी ड्रेड लाइसेंस की जांच की गयी। इस दौरान नगर पंचायत के द्वारा पांच हजार रुपए का राजस्व संग्रहण किया गया। मौके पर नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा ने अगले दो दिनों के अंदर ट्रेड लाइसेंस बना लेने का निर्देश दिया गया है। नहीं बनाने पर कार्रवाई की जायेगी। नगर प्रबंधक ने बताया कि जिन दुकानों का ट्रेड लाइसेंस नहीं पाया जायेगा, उन दुकानों को सील कर दिया जायेगा। जांच अभियान में राजकुमार वर्मा के अलावा कनीय अभियंता संदीप बेदिया, एसएसपीएल टीम लीडर आदित्य सिंह, टैक्स कलेक्टर बिरसा उरांव व पीएमयू, रांची की टीम शामिल थी।

## सीआरपीएफ 214 वीं वाहिनी के द्वारा किया गया सामग्री का वितरण


वितरण करते जवान।

**सरयू।** सीआरपीएफ 214 वीं वाहिनी के एफ कंपनी के द्वारा सरयू +2 उच्च विद्यालय के खेल मैदान में सिविक एक्सन के तहत हो रहे तीन दिवसीय फुटबॉल टुनार्मेंट का समापन मंगलवार को किया गया। वहीं विजेता टीम लाई एवं उप विजेता सरयू की टीमों को सीआरपीएफ 214 वीं वाहिनी के कमाण्डेन्ट केडी जोशी के द्वारा कप, जर्सी सेट एवं फुटबॉल का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सीआरपीएफ 214 वीं वाहिनी क्षेत्रांतर्गत पतरातु, सोनवार, सरयू, पतरातु, डबरी एवं अलगडीहा के जरूरतमंद ग्रामीण महिला के बीच पानी का टंकी और साईकिल का वितरण किया गया। इस मौके पर श्री जोशी ने कहा कि सीआरपीएफ 214 वीं वाहिनी एफ कंपनी के द्वारा प्रत्येक वर्ष सिविक एक्सन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। वही सीमाखास के (ई) कम्पनी में जरूरतमंद लोगों के बीच लाइट और खेल कूद समाग्री का वितरण किया गया। जिसमें सीआरपीएफ के द्वारा जरूरमंद लोगों के बीच दैनिक उपयोग की सामग्री का वितरण के साथ-साथ खेल कुद का आयोजन कराया जाता है। उन्होनें कहा कि सीआरपीएफ हमेशा से ही ग्रामीणों के सुख-दुख में तत्पर रहता है। इस मौके पर द्वितिय कमान अधिकारी अभिनव आनंद, उप कमान्डेण्ट मो0 साहीद मासुम, सहायक कमाण्डेंट बेंजामिन सुण्डी, निरिक्षक विश्वजित सिंह, टीओपी प्रभारी घनश्याम उरांव, प्रमुख अमिता देवी समेत सैंकड़ों लोग उपस्थित थें।

## अमडीहा में युवक की हत्या, तफ्तीश में जुटी पुलिस


युवक के घर पर ग्रामीणों की भिड़।

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के मंगरा पंचायत में एक युवक की हत्या अज्ञात अपराधियों के द्वारा कर दी गई है। घटना सोमवार की देर रात की बताई जा रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार मंगरा पंचायत के अमडीहा ग्राम अंतर्गत ढेकीखुटा टोला निवासी गुजर परहिया का 25 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार परहिया घटना के वक्त घर पर अकेला था। पिता बाहर कही भट्ठा में काम करते थे। वहीं मृतक अजीत भी मजदूरी करके अपना गुजारा चलाया करता था। दो महीने पहले ही युवक के मां की मृत्यु हो गई थी। जिस कारण वह घर पर अकेला ही रहता था। मंगलवार की सुबह घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को हुई। जिसके बाद युवक के घर पर ग्रामीणों की भिड़ इक्कठा हो गई। हर कोई इस घटना से स्तब्ध था। युवक अपने घर में लगी खटिया के नीचे गिरा हुआ था। उसके आंख और गर्दन में चोट के निशान भी मिले हैं। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी बरवाडीह पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्तपाल भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रेम प्रसंग में हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। इधर पुलिस घटना की तफ्तीश में जुट गई है।

## दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए हर लड़ाई लड़ूंगा: प्रकाश राम

खबर मन्त्र संवाददाता


परिजनों से मुलाकात करते पूर्व विधायक प्रकाश राम।

**चंदवा।** चंदवा में नाबालिग आदिवासी छात्रा हत्याकांड मामलें के दूसरे दिन भाजपा नेता सह पूर्व विधायक प्रकाश राम पीड़िता के घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। पीड़िता की माँ ने दोषियों के लिए फांसी की मांग की है, कहा कि मुझे मुआवजा नहीं न्याय चाहिए। वही मृतिका की बहन ने घटना से संबंधित घटना की जानकारी पूर्व विधायक को दी। पिता ने कहा कि दोषी बचना नही चाहिए। सजा ऐसी हो कि दरिंदो की रूह कांप जाये। पीड़ित परिवार आश्वस्त करते हुए प्रकाश राम ने कहा कि बिटिया को न्याय दिलाने के लिए हर लड़ाई वो लडेंगे। प्रशासन की समयसीमा खत्म होने के बाद जरूरत हुई तो सड़क में उतर कर न्याय की लड़ाई लड़ेंगे। न्याय दिलाने के लिए वो व्यक्तिगत रूप से संबंधित अधिकारियों से मिलने की बात कही। प्रकाश राम ने पीड़िता के घर से ही एसपी से दूरभाष पर बात करते हुए इस कांड के उदभेदन हेतु जांच में तेजी लाने का आग्रह किया। सिविल एसडीओ से बात कर नियमानुसार मुआवजा देने की भी बात कही। मौके पर राजकुमार पाठक, अमित गुप्ता, शिवकेश्वर यादव, दीपक निषाद, बिनय कुमार रिक्की, रविराज, छोटू रजक, रविकांत ठाकुर समेत कई लोग शामिल थे।

## छठ महापर्व के उपलक्ष्य में महुआमिलान में लगा जतरा मेला


जतरा मेला में उपस्थित मंचासिन अतिथि।

**चंदवा।** लोक आस्था के महापर्व के उपलक्ष पर मंगलवार को प्रखण्ड के जमीरा पंचायत अंतर्गत महुआमिलान बगीचा में पारम्परिक जतरा मेला का आयोजन किया गया। जतरा मेला का उद्घाटन मुखिया दुर्गावती देवी, ग्राम प्रधान अर्जुन मुंडा, पंसस बालकु मुंडा उप मुखिया पति मणिलाल यादव, जय मंगल उरांव, कर्मा उरांव व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कर किया। इसके पूर्व ग्राम प्रधान अर्जुन मुंडा के द्वारा विधिविधान के साथ पूजा अर्चना के उपरांत सरना झंडा गाड़ जतरा की शुरूआत करायी गयी। जतरा मेला को संबोधित करते हुए मुखिया दुर्गावती देवी ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व प्रकृति के साथ परस्पर सम्बन्ध मजबूत करने के साथ समाज समाज को जोड़ने का काम करती है, ठीक उसी जतरा मेला वर्तमान पीढ़ी को झारखंड की सभ्यता व संस्कृति से जोड़ने का काम करती है। वहीं विशिष्ट अतिथि अन्नपूर्णा बीज भंडार के प्रोपराइटर अंकित अंकित कुमार ने कहा कि आज के युवा पीढ़ी पुरानी सभ्यता व संस्कृति को भूलते जा रही है, हम सभी का दायित्व बनता है कि ऐसे आयोजनों को बढ़ावा दिया जाए ताकि संस्कृति संरक्षित रहे। मौके पर वार्ड सदस्य राजू उरांव, ब्रह्मदेव प्रजापति, राजेश यादव, संतोष यादव, सुनील ठाकुर, मनोज उरांव, अनुज उरांव, कृष्णा उरांव, अनुज उरांव, ललित उरांव, सुशील उरांव, संजय उरांव, रामदयाल उरांव, सत्येंद्र यादव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### 24 नवंबर से लेकर 22 दिसंबर तक प्रखंड के सभी पंचायतों में होगा शिविर का आयोजन

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य।

**महुआडांड़।** आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर प्रखंड सभागार प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम के रूप रेखा को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डंग ने बताया कि यह कार्यक्रम सरकार के द्वारा सभी पंचायत में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच सके इसे लेकर भी विस्तार पूर्वक बताया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर पंचायत के प्रतिनिधि मुखिया पंचायत सेवक रोजगार सेवक समेत अन्य कर्मियों को बृहद रूप से लोगों के बीच जाकर प्रचार प्रचार कर अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यक्रम में शामिल करना है। ताकि सरकार द्वारा जो भी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही इसकी जानकारी मिल सके और योजनाओं का लाभ हर एक व्यक्ति तक पहुंच सके। यह सभी का दायित्व बनता है की आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर निष्ठा पूर्वक कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम में कई प्रकार के स्टॉल भी लगाए जाने हैं जिसे लेकर संबंधित विभाग भी तत्पर रहेंगे ताकि किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई असुविधा महसूस नहीं हो।आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार यह कार्यक्रम का महुआडांड़ के विभिन्न पंचायत के लिए पंचायत बार तिथि का निर्धारण भी किया गया है जो इस प्रकार से है।

**आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की पंचायत वार तिथि**

महुआडांड़ के सभी 14 पंचायत के लिए इस कार्यक्रम को लेकर पंचायत व तिथि का निर्धारण किया गया है जो इस प्रकार से है। यह कार्यक्रम 24 नवंबर से लेकर 22 दिसंबर तक प्रखंड के विभिन्न पंचायत में होगा। सर्वप्रथम 24 नवंबर को अक्सी पंचायत, 29 नवंबर को अम्वाटोली पंचायत, 1 दिसंबर को चैनपुर पंचायत, 2 दिसंबर को चंपा पंचायत, 4 दिसंबर को दुरुप पंचायत, 6 दिसंबर को गढ़बुढ़नी पंचायत, 8 दिसंबर को हमी पंचायत, 11 दिसंबर को महुआडांड़ पंचायत, 13 दिसंबर को नेतरहाट पंचायत, 15 दिसंबर को ओरसा पंचायत, 16 दिसंबर को परहाटोली पंचायत, 18 दिसंबर को रेगाईं पंचायत, 20 दिसंबर को सहर पंचायत, और अंत में 22 दिसंबर को चटकपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# मधुबनी में डीएम की गाड़ी ने तीन को रौंदा, सभी की मौत

एजेंसी



**मधुबनी।** बिहार के मधुबनी जिले में सोमवार को मधेपुरा के डीएम की गाड़ी की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई, जहां मधेपुरा के डीएम विजय प्रकाश मीणा की कार चार लोगों को टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे रेलिंग से टकरा गई। इस बीच जिला जन संपर्क पदाधिकारी (मधेपुरा) कुंदन कुमार सिंह सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिली है। जब हादसा हुआ, उस दौरान डीएम गाड़ी में नहीं बल्कि मुख्यालय में थे। गाड़ी में कुछ तकनीकी समस्याएं थी, जिसके बाद गाड़ी रिपेयर में जानी थी। गाड़ी के जाने या आने के दौरान दुर्घटना हुई, यह जांच के बाद ही पता चलेगा। जिला प्रशासन की ओर से भले ही सरकारी बयान जारी कर दिया गया है, लेकिन ये हादसा कई सवाल खड़े करता है। सबसे अहम बात है कि हादसे के वक्त गाड़ी के अंदर कौन था। गाड़ी ड्राइवर चला रहा था या कोई और यदि ड्राइवर चला रहा था तो कहीं वह नशे में तो नहीं था। ड्राइवर के नशे के दौरान यदि हादसा हुआ तो मुश्किलें बढ़ जाती हैं और गंभीर धारा में केस दर्ज होता है। वहीं नशे में नहीं होने की पुष्टि हो जाती है तो फिर ड्राइविंग में गलती के कारण ड्राइवर बच जाता है। इस तरह के हादसों के बाद स्थानीय लोग काफी आक्रोशित हो जाते हैं। कई घटनाओं में हमने देखा होगा कि यदि ड्राइवर गुस्साई भीड़ के हत्थे चढ़ जाता है तो उसकी बुरी तरह से पिटाई कर दी जाती है। इस बीच मधुबनी के एसपी सुशील कुमार ने बताया है कि यह ज्ञात नहीं है कि मधेपुरा के डीएम कार के अंदर थे या नहीं, कार में सवार लोग वाहन छोड़कर मौके से भाग गए। कार दरभंगा की ओर जा रही थी। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार तेज गति से आ रही थी और जब चालक ने सड़क पार कर रहे लोगों के एक समूह से टकराने से बचने की कोशिश की तो कार तेजी से मुड़ गई। एसपी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने दुर्घटना के विरोध में सड़क को अवरुद्ध कर दिया था। हालांकि, अब राजमार्ग पर यातायात चालू हो गया है। घटना के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की जा रही है और दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### भाई बहन के प्रेम का प्रतीक है सामा-चकेवा पर्व

**समस्तीपुर।** छठ पर्व संपन्न होने के साथ ही भाई-बहनों के पवित्र प्रेम का लोक पर्व सामा चकेवा शुरू हो गया। इसके लिए समस्तीपुर जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर मूर्तिकारों के पास बहनें सामा चकेवा की मूर्तियों की खरीदारी में जुट गई। सामा-चकेवा मिथिला का प्रसिद्ध लोक पर्व है। यह पर्व प्रकृति प्रेम, पर्यावरण संरक्षण, पक्षियों के प्रति प्रेम व भाई-बहन के परस्पर स्नेह संबंधों का प्रतीक है। भाई-बहन का यह त्योहार सात दिनों तक चलता है। यह कार्तिक शुक्ल द्वितीया से प्रारंभ और पूर्णिमा की रात तक चलता है। कार्तिक शुक्ल सप्तमी से कार्तिक पूर्णिमा की शाम ढलते ही महिलाएं सामा का विसर्जन करती हैं। इस पर्व को भाई-बहन के प्यार के तौर पर मनाया जाता है। इसको लेकर मूर्तिकारों के द्वारा सामा-चकेवा के साथ सतभैया, चुगला जैसे जुड़ी तमाम मूर्तियों का निर्माण कराया जाता है। स्थानीय लोग बताते हैं कि सामा-चकेवा पूरे मिथिला में भाई बहन के प्रेम और सौहार्द का प्रतीक पर्व माना जाता है। इस पर्व में सामा-चकेवा के अलावा कई सारे और भी मूर्तियां बनती हैं, जिसका अपना अलग महत्व होता है। उन्होंने बताया कि सामा-चकेवा के अलावा वृंदावन, चुगला, सतभइया, ढका, खटिया, पौउती जैसी मिट्टी की सामग्री बनती है और बहना इसके साथ पूजा करती है।

### छठ पूजा के बाद रेल परामर्श सदस्य ने बांटी फूड पैकेज व बोतल बंद पानी

**सहरसा।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के समापन के बाद अब प्रवासी बिहारी अपने काम पर लौटने के लिए अंतर प्रदेश जा रहे हैं। जिस कारण इन दिनों सहरसा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्रियों की भीड़ उमड़ी पड़ी है। इस भीड़ को देखते हुए समाज सेवा की भावना से वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष एवं रेल परामर्श दात्री सदस्य रामकृष्ण साह उर्फ मोहन साह के नेतृत्व में पूर्व मध्य रेलवे के सहरसा जंक्शन स्टेशन पर स्टेशन पर भीड़ भरी जरूरत मंद यात्रियों के बीच फूड पैकेज एवं बोतलबंद पानी का वितरण किया गया। मौके पर सहरसा रेल प्रशासन एवं स्काउट एवं गाइड के बच्चों ने सहयोग किया। वैश्य समाज के अध्यक्ष ने कहा कि इस कार्य किए स्टेशन अधिकारी का सहयोग के लिए धन्यवाद के पात्र हैं। खासकर युवा लगनशील डीसीआई राजेश रंजन श्रीवास्तव का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने रेल यात्रियों को सेवा के लिए हमलोगों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने अन्तर प्रदेश जा रहें यात्रियों की मंगलमय यात्रा की कामना की। मौके पर समस्तीपुर रेल खंड के डीसीआई राजेश रंजन श्रीवास्तव, एएसएम राजेश कुमार, डीसीआई सहरसा सुशील कुमार बरियार उपस्थित होकर प्रोत्साहित किया। मौके पर स्काउट गाइड के बच्चों एवं वैश्य समाज सहरसा के वैश्य समाज प्रवक्ता राजीव रंजन, अरूण जयसवाल, नीरज राम, प्रतीम कुमार, बिजेंद्र ठाकुर आदि मौजूद थे।

### विद्यापति पर्व समारोह का हुआ उद्घाटन

**सहरसा।** जिले के सत्तर कटैया प्रखंड स्थित लक्ष्मीनिया गांव में तीन दिवसीय दसवां मिथिला संस्कृति महोत्सव सह विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद दिनेश चंद्र यादव एवं महिषी विधायक गुंजेश्वर साह सहित अन्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के पहले सत्र में मैथिली साहित्यकारों द्वारा साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। वहीं दूसरे सत्र में मैथिली कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सांसद दिनेश चंद्र यादव के द्वारा पवन नारायण स्मृति मंच पर लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बाबा विद्यापति की रचना उगना रे मोर कतय गेलाह आज भी प्रासंगिक है। उनके बताएं मार्ग पर चलकर ही हम लोग उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैथिली मधुर भाषा है।वहीं इसकी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की आवश्यकता है।

# नालंदा में दिनदहाड़े मर्डर, एयरफोर्स के जवान की गला रेतकर हत्या



**नालंदा।** बिहार के नालंदा जिले में मंगलवार को दिनदहाड जवान की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गए। रहुई थाना क्षेत्र के इमामगंज गांव की ये घटना है। मृतक जवान की पहचान रंजीत कुमार के रूप में हुई है। रंजीत कुमार छठ पूजा पर छुट्टी लेकर गांव आया था। वारदात की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। बताया गया है कि मृतक रंजीत कुमार दिल्ली में एयरफोर्स के टेक्नीशियन के पद पर काम करता था। तीन साल पहले ही रंजीत की शादी हुई थी। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि पूर्व के विवाद को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है। मृतक के बड़े भाई धर्मवीर ने बताया कि गांव में किसी से पूर्व में विवाद हुआ था। उस मामले को गांव के स्तर पर सुलझा लिया गया था। धर्मवीर ने आशंका जताते हुए कहा कि हो सकता है उसी मामले को लेकर रंजीत की हत्या की गई हो। उन्होंने बताया कि गांव की गली से रंजीत गुजर रहा था, इसी दौरान पहले से घात लगाए बदमाशों ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। इस संबंध में रहुई थाना प्रभारी नंदन कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची थी लेकिन परिजन शव लेकर कहीं दूसरे जगह चले गए थे।

# मोतिहारी एसपी ने अनुशासनहीनता के आरोप में 32 नवप्रशिक्षु दारोगा को किया निलंबित

एजेंसी



**पूर्वी चंपारण।** जिले में एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने कत्तर्व्यहीनता एवं अनुशानहिनता के आरोप में एक साथ 32 नवप्रशिक्षु दारोगा को निलंबित कर दिया है और इसकी रिपोर्ट बिहार पुलिस मुख्यालय को भेज दी है।इसकी पुष्टि करते हुए पूर्वी चंपारण के एसपी मिश्र ने कहा कि पुलिस अकादमी राजगीर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 100 दारोगा(ट्रेनी एसआई) को व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए पूर्वी चंपारण भेजा गया था, जिसमें से 14 महिला समेत कुल 32 एसआई ने अपने पदस्थापित स्थल पर योगदान नहीं दिया।जो घोर लापरवाही और अनुशासनहीनता के दायरे में आता है।ऐसे इन लोगो के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए इन्हें तत्काल निलंबित किया गया है। अग्रेतर कार्रवाई के लिए राज्य पुलिस मुख्यालय को लिखा गया है। जिन प्रशिक्षु दारोगा को निलंबित किया गया है उनमे गौतम कुमार, अंकित कुमार, पूजा कुमारी, नीतू कुमारी, अजीत कुमार, सोनेलाल कुमार, चंदन कुमार, ज्योति कुमारी, सुजाता कुमारी, श्वेतांग रंजन, रंजू कुमारी, कुमारी ज्योति, अभिषेक कुमार उपाध्याय, कन्हैया कुमार शिखा कुमारी, चंद्र प्रताप, सौरभ कुमार, प्रतिभा रानी पांडेय, खुशबू कुमारी, प्रीति कुमारी, अनुराग राज, भीम सिंह, अमित कुमार, अंकुल कुमार,अक्षय कुमार, प्रिया कुमारी प्रथम, नीतीश कुमार, नाजिश आरा, पूजा कुमारी, दीपक कुमार, मुन्नी कुमारी, मोहम्मद आरिफ हुसैन शामिल है। उल्लेखनीय है कि छठ पर्व को लेकर राजगीर पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे एसआई को विभिन्न जिलों में ड्यूटी के लिए भेजा गया था ताकि विधि व्यवस्था और भीड़ मैनेजमेंट की व्यवहारिक ट्रेनिंग इन्हे प्राप्त हो सके लेकिन इन 32 ट्रेनी दारोगा ने ड्यूटी ज्वाइन नही किया।ट्रेनी दारोगा के इस अनुशासनहिनता को विभाग नें गंभीरता से लेते हुए उपरोक्त कारवाई की है।

# सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी के साथ उपायुक्त ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग पर समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी, गोड्डा के द्वारा जिले के तीनों विधानसभा यथाः- 16-पोडैयाहाट, 17-गोड्डा एवं 18-महागामा के निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा जन सांख्यिकी समान्न प्रविष्ट तथा फोटो समान्न प्रविष्ट के संबंध में निदेश दिया गया कि वैसे सभी मतदाताओं का नोटिस निकालकर मतदाताओं को डाक द्वारा अविलम्ब उनके पते पर भेजा जाए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी, गोड्डा के द्वारा जानकारी दी गई कि इस लिफाफे में नोटिस वोटर का सहमति प्रपत्र तथा एक सादा लिफाफा जिसमें मतदाता अपना सहमति प्रपत्र में (सही) निशान लगाकर पुनः डाक के माध्यम से अथवा बी०एल०ओ० को या संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को वापस करेंगे, उपलब्ध कराया जा रहा है। उपायुक्त महोदय के द्वारा वैसे सभी मतदाताओं से सहमति प्रपत्र वापस करने हेतु अपील की गई। इसके अलावा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त के द्वारा होम टू रौल वेरिफीकेशन के संबंध में सभी वरीय पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि वे अपने आवंटित मतदान केन्द्र के सभी बी०एल०ओ०/पर्यवेक्षक से मतदान केन्द्रवार समीक्षा करें तथा इस दौरान प्राप्त सभी प्रकार के प्रपत्र यथाः- पप्रत्र- 6, 7 एवं 8 का नियमित रूप से कराना सुनिश्चित कराए जाएं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा मेघनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी, महागामा श्री राजीव कुमार, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# बिजली का झटका लगने से मजदूर की मौत



**गोड्डा।** रौतारा चौक के गली न० 3 में कार्य कर रहे एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक का नाम गोपाल दास उम्र 30 वर्ष पिता रुपन दास ग्राम माल डुमरिया लुकलूकी थाना मुफ्फसिल गोड्डा जिला गोड्डा का निवासी था। मजदूरी का कार्य करने चंदन कुमार झा रौतरा गली न० 3 में आया था जहां एक बिजली की मोटर में करंट प्रवाहित हो रही थी उससे ही बिजली के झटके लगे और उसकी मौत हो गई। घरवाले को इसकी सूचना मिली और पुलिस को इसकी सूचना मिली मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद मृतक के घरवालों ने रौतारा चौक पर शव को रख कर जाम किया। जाम की सूचना मिलते ही एसपी गोड्डा नाथू सिंह मीना के निर्देश पर एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन चौधरी, डीएसपी प्रशिक्षु कुमार गौरव गोड्डा, थाना प्रभारी गोड्डा मधुसूदन मोदक मुकेश कुमार सिंह एएसआई, अंचल निरीक्षक गोड्डा पंकज कुमार, अंचल अधिकारी, कर्मचारी महतो जी, रंजित कुमार दास छात्र नेता, सहित बहुत बड़ी संख्या में लोग आए आखिर कार घरवालों की ओर से आर्थिक सहायता का आश्वासन मिला और जाम टूटी। मृतक को चार बच्चे हैं तीन लड़कियां और एक लड़का। आश्वासन के मुताबिक विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास की सहायता की घोषणा के बाद जाम खत्म हुई ।

# नवनिर्मित नगर थाना व मसलिया थाना भवन का विधायक ने किया विधिवत उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** ब्रिटिश काल खपड़ैल मकान में चल रहे नगर थाना कार्यालय का वर्षों बाद कायाकल्प हुआ। मंगलवार को नगर थाना कार्यालय को अपना नवनिर्मित दो मंजिला भवन मिला। 2 करोड़ की लागत से बने नवनिर्मित भवन का विधायक बसंत सोरेन ने विधिवत पूजा-पाठ कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद विधायक ने अधिकारियों के साथ थाना भवन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक श्री सोरेन ने कहा कि शुरू से ही यह प्रयास है कि दुमका उपराजधानी की तरह दिखे। अब तक नगर थाना ब्रिटिशकालीन खपड़ैल भवन में चल रहा था, लेकिन आज थाना को अपना भवन मिल गया है। उन्होंने कहा कि बड़ी उम्मीद से लोग थाना पहुंचते है। यहां बैठने वाले पदाधिकारियों को आम जनता की अपेक्षा पर खड़े उतारना होगा। तभी भवन की शोभा बढ़ेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मानव संसाधन की कमी के साथ साथ अभी भी जिले में कई थाना भवन जर्जर स्थिति में है। यह प्रयास है कि सभी थाना को तमाम सुविधाओं से लैस अपना भवन मिले। इसके बाद विधायक ने मसलिया थाना के नवनिर्मित भवन का भी उद्घाटन किया। जिसका लागत भी 2 करोड़ है। दुमका पुलिस के लिए ऐतिहासिक रहा। एक ही दिन दो थाना को अपना भवन मिला। इस अवसर पर डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल, एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार, डीडीसी अभिजीत सिन्हा सहित तमाम पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बाइक दुर्घटना में दो चचेरे भाई की मौत

**पूर्वी चंपारण।** पहाड़पुर थाने के खैरवा चौक के पास बाइक दुर्घटना में बाइक सवार दो भाई की मौत मंगलवार को हो गई है। सड़क दुर्घटना में दो भाइयों की मौत से पूरे गाव में मातम का माहौल है। परिजन में चीख-पुकार मची हुई है। मृतकों में पहाड़पुर के टिकुलिया गाव के रविंद्र ठाकुर का 14 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार एवं रामेश्वर ठाकुर का 17 वर्षीय पुत्र आशु कुमार है। दोनो भाई परिजन से छिपाकर बाइक लेकर पकड़िया बाजार के लिए निकल गए जहा वापसी के दौरान खैरवा चौक के समीप उनकी बाइक असंतुलित होकर पलट गई। इस घटना में दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

अंशदान का पैसा शेयर मार्केट में लगाकर, केंद्र कर रही है कर्मचारियों के साथ खिलवाड़

# पुरानी पेंशन लागू नहीं हुआ तो पूरे देश के रेलवे कर्मचारी जाएंगे हड़ताल पर

- न्यू पेंशन स्कीम के विरोध में कर्मचारियों के बीच मत संग्रह जारी



**पाकुड़।** पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने के समर्थन में आगे की रणनीति तैयार करने हेतु ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के तत्वाधान में ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन, पाकुड़ शाखा द्वारा हड़ताल के लिए मत संग्रह करने का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम आगामी 23 नवंबर 2023 तक चलेगा। शाखा सचिव संजय ओझा ने बताया कि गत फरवरी 2023 से ही प्रत्येक महीने की 21 तारीख को न्यू पेंशन नीति के विरोध में एवं अन्य कई मांगों को लेकर संपूर्ण देश में सभी कर्मचारी संगठनों द्वारा धरना, प्रदर्शन, रैली के माध्यम से विरोध जताया जा रहा है। शाखा सचिव संजय ओझा ने बताया की न्यू पेंशन स्कीम सरकारी कर्मचारियों के लिए अभिशाप बन चुका है, जो कर्मचारी इस स्कीम के अंतर्गत सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनका मासिक पेंशन 900 प्रति माह से लेकर 1500 प्रति माह तक दिया जा रहा है, कर्मचारियों के अंशदान का पैसा सरकार शेयर मार्केट में डालकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। केंद्र सरकार केवल चुनावी वर्ष में ही बहाली कर रही है। आज रेलवे में कर्मचारियों के ऊपर काम का अत्यधिक दबाव होने से कर्मचारी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने को बाध्य हो रहे हैं। केंद्र सरकार नई श्रमिक नीति लाकर श्रमिक के अधिकारों को छीनने का प्रयास कर रही है। जिसका सरकारी कर्मचारी संगठन विरोध कर रहे हैं। जिन अधिकार को अंग्रेजों से लड़कर प्राप्त किया गया था, उन्हें भी सरकार अप्रत्यक्ष तरीके से छीनने का प्रयास कर रही है। परंतु ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन एवं ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन ऐसी सभी श्रमिक विरोधी नीतियों का विरोध करती है एवं रेलवे कर्मचारियों को भी इसके विरोध में एकजुट रहने का आह्वान करती है। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महासचिव कॉमरेड शिव गोपाल मिश्रा ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर न्यू पेंशन स्कीम को रद्द कर पुरानी पेंशन स्कीम को लागू नहीं किया जाता है तो पूरे देश भर के रेलवे कर्मी हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे । इसके लिए वर्तमान केंद्र सरकार उत्तरदाई होगी, 21 नवंबर से लेकर 23 नवंबर तक स्ट्राइक बैलट का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी कर्मचारि न्यू पेंशन स्कीम को रद्द कर पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने के लिए मतदान करे। इस मांग को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन के समक्ष भी रखा गया है, ताकि श्रमिकों की इस मांग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी उठाया जा सके। इस तीन दिवसीय दिवसीय कार्यक्रम में सैकड़ो रेलवे कर्मी ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने हेतु वर्तमान सरकार को हड़ताल पर जाने की सूचना देते हुए ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन द्वारा लड़ी जाने वाली लड़ाई को समर्थन दिया है। कार्यक्रम में संजय ओझा एवं अखिलेश चौबे की अगुवाई में निलेश प्रकाश, कलीम अंसारी, विक्रम भारती, निरंजन कुमार, गौतम कुमार यादव, विक्टर जेम्स गुंजन कुमार, विजय कुमार सिंह, संजीत मजूमदार, विष्णु कुमार भगत, श्यामल माल सहित सैकड़ों कर्मचारी शामिल हुए।

## खबर एक नजर में

### चोरी के दो आरोपी दोषी करार, छह माह की सजा, जुमार्ना

**दुमका।** चोरी के दो आरोपी को दोषी करार देते हुए प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव की अदालत ने छह माह के कारावास की सजा सुनायी है। अभियुक्त को न्यायालय नवमोबाइल चोरी मामले में दोषी करार दिया है। अदालत में रामगढ़ थाना कांड संख्या 38/2020 में मंगलवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। न्यायालय ने दुमका जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र पाथरपानी गांव के रहने वाले यनुल अंसारी उर्फ प्रेम और शरीफ अंसारी को भादवि की धारा 411 के तहत दोषी पाकर छह-छह महीने के कारावास और एक-हजार रुपए जुमार्ना अदा करने की सजा सुनायी। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को सात दिन के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। इस मामले में सरकार की ओर से सहायक लोक अभियोजक खुशबुद्दीन अली ने बहस में हिस्सा लिया। न्यायालय में छह गवाहों की गवाही गुजरी मामला जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के गरडी गांव निवासी मनोज राय के लिखित आवेदन पर रामगढ़ पुलिस 19 अप्रैल 2020 को दोनों आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा 380,457 और 411 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक सूचक मनोज राय 18 अप्रैल 2020 को खाना खाकर सो गया और अपने मोबाइल को चार्ज में लगाकर टेबुल पर रख दिया । इस बीच रात्रि में करीब 12.30 बजे में घर के अंदर सामान गिरने की आवाज हुई, तो वह जग गया। इसके बाद उसने देखा कि घर के अंदर कोई दो व्यक्ति घुसा हुआ है। इस पर शोर करने लगा तो दोनों व्यक्ति उसका मोबाइल लेकर भागने लगा। सूचक हल्ला करते हुए दोनों का पीछा किया। शोर सुनकर ग्रामीण भी दोनों का पीछा किया। ग्रामीणों के सहयोग से दोनों मोबाइल चोर को पकड़ लिया।

### जिला अधिवक्ता संघ चुनाव के पांचवें दिन उपाध्यक्ष समेत विभिन्न चार पदों पर उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**दुमका।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर नामांकन के पांचवे दिन उपाध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के लिए चार उम्मीदवारों ने मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसमे कोषाध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता महादेव महतो, सहायक कोषाध्यक्ष पद के लिए राजन कुमार घोष एवं प्रदीप कुमार ने नामांकन किया। कार्यकारी सदस्य पद के लिए मो इब्राहिम ने नामांकन किया। अब तक अध्यक्ष पद समेत विभिन्न पद के लिए 24 उम्मीदवारों ने नामांकन कर अपनी दावेदारी पेश किया। इससे पहले अध्यक्ष पद के लिए अधिवक्ता राघवेंद्रनाथ पांडेय एवं निशिकांत प्रसाद ने नामांकन किया था।

## पेज 1 का शेष

### बिजली करंट लगने से...

**आक्रोशित है हाथियों का दूसरा झुंड :** इस हादसे के बाद वन विभाग की टीम इस कोशिश में जुटी है कि कैसे मृत हाथियों के शव को वहां से उठाया जाये। लेकिन नजदीक जाने पर दूसरे हाथियों का झुंड धावा बोल दे रहा है। कुछ पत्रकारों ने जब वीडियो बनाने के लिए करीब जाने की कोशिश की, तो उनकी जान पर बन आयी। किसी तरह पत्रकारों ने भागकर अपनी जान बचायी। लोगों का कहना है कि मृत हाथियों के आसपास तीन दूसरे झुंड मंडरा रहे हैं। एक झुंड में दो जबकि दो झुंड में तीन-तीन हाथी हैं। **कहां हो रही है बिजली की सप्लाई :** दरअसल, मुसाबनी डीवीसी प्लांट से हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड को बिजली की सप्लाई होती है। हाई वोल्टेज बिजली का तार मुसाबनी से मउभंडार स्थित प्लांट तक जाता है। तार की अच्छी खासी ऊंचाई है, लेकिन ट्रेंच से गुजरने की वजह से हाथियों का झुंड बिजली तार की चपेट में आ गया। इस घटना के बाद पूरे इलाके के लोग डरे हुए हैं। उन्हें इस बात का खतरा है कि कहीं दूसरे हाथियों का झुंड आसपास के गांवों में उत्पात न मचाये।

### अब किशोरी समृद्धि योजना...

इससे आप मानसिक रूप से मजबूत बनेंगे। सीएम ने कहा कि बच्चों को बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। **आपको पढ़ाने पर सरकार का विशेष ध्यान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बच्चे -बच्चियों को शिक्षा के लिए बेहतर राह दिखा रही है। पढ़ाई का सारा खर्च दे रही है। बच्चियों को सावित्रीबाई फूल किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है, ताकि वे पढ़ाई से जुड़ी रहें। इसके अलावा प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने के लिए भी सरकार पूरा खर्च दे रही है। अगर विदेश में उसे शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं तो उसके लिए भी शत प्रतिशत स्कॉलरशिप देने की योजना सरकार ने शुरू की है। बच्चे किसी भी हाल में पढ़ाई नहीं छोड़ें। **खेलकूद भी बहुत जरूरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद और अन्य क्रिएटिविटी भी काफी जरूरी है। इससे बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा सामने आती है। निखारने के मौके मिलते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खेल के माध्यम से भी बच्चे अपना भविष्य बना रहे हैं, तो आप भी खेल से जुड़ें। इसमें भी सरकार आपको सभी सहयोग देगी। मुख्यमंत्री को यूनिसेफ ने बताया कि रांची और पश्चिम सिंहभूम जिले में लगभग 10 हजार बाल पत्रकार हैं। इस पर सीएम ने कहा कि इन सभी बच्चों को राज्य के बाहर के भी अच्छे और बेहतर संस्थानों और अन्य संस्थाओं का चरणबद्ध तरीके से भ्रमण करायें। इन्हें बड़े स्तर पर आयोजित होने वाले खेल प्रतियोगिताओं, प्रदर्शनी और मेला में भी ले जायें। इससे बच्चों को एक्स्पोजर मिलेगा। संवाद कार्यक्रम में रांची के विभिन्न प्रखंडों के छह सरकारी विद्यालयों के 20 बाल पत्रकार आये थे। इस मौके पर सीएम के प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव विनय कुमार चौबे, वरीय आप्त सचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव, यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ कनीनिका मित्रा, कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट आस्था अलंग, कंसलटेंट राजेश कुमार झा और देवांजलि मंडल तथा एनबीजेके के सुष्मिता भट्टाचार्जी, विवेक कुमार, सरिता देवी और दिवाकर प्रसाद मौजूद थे।

### एसपी नौशाद आलम से...

**एसपी के कहने पर की गयी थी टिकट की व्यवस्था :** इडी के अनुसार एसपी के कहने पर एक पुलिस अधिकारी ने ट्रैवल एजेंट के माध्यम से विजय हांसदा के लिए टिकट की व्यवस्था की थी। जानकारी के अनुसार, विजय हांसदा ने नींबू पहाड़ पर अवैध खनन के आरोप में पंकज मिश्रा व अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जेल में रहते हुए उसने इस मामले की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग को लेकर याचिका दायर की। वहीं सीबीआइ ने साहिबगंज के नींबू पहाड़ पर अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा, दाहू यादव सहित अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। विजय हांसदा को भी नामजद अभियुक्त बनाया गया है। हाइकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में साहिबगंज में अवैध खनन, ईडी के अधिकारियों को झूठे मुकदमे में फंसाने और गवाहों को भड़काने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

### चुटूपालू में दो वाहनों से...

इसके बाद ट्रेलर सड़क किनारे एक गड्ढे में जा गिरा। हादसे में ट्रैक्टर का चालक और ट्रैक्टर पर सवार एक युवक के अलावा टेलर के खलासी की दर्दनाक मौत हो गयी। टेलर पर लदा स्टील रोल पीछे से गिर गया, जिसमें टेलर में सवार चालक और खलासी दब गये। करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने टेलर में दबे दो लोगों को निकाला। जिसमें खलासी की मौत हो चुकी थी और ड्राइवर बुरी तरह घायल था, जिसे इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। हादसे में रामगढ़ स्टेट बैंक के करीब 7 लोग भी घायल हुए हैं, जिसमें तीन लोगों को रिम्स रेफर किया गया है और चार लोगों का नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है।

### नये कलेवर के साथ...

**परिपाटी जारी रहेगी :** स्पीकर ने क हा कि विधानसभा के गठन के समय से ही स्थापना दिवस की पारिपाटी रही है। हर वर्ष भव्य कार्यक्रम होता है। इस बार भी मनिका विधायक रामचंद्र सिंह को उत्कृष्ट विधायक के रूप में चुना गया है। जिन्हें ये सम्मान दिया जायेगा। साथ ही, संयुक्त सचिव मिथिलेश ठाकुर, अवर सचिव विष्णु पासवान, प्रशाखा पदाधिकारी नीलेश सिंह और नियाज अहमद, वरीय सचिवालय सहायक तापस कुमार यादव और अनुसेवक माइकल लकड़ा को सम्मानित किया जायेगा।

स्पीड न्यूज

## एकता कपूर को मिला एमी अवॉर्ड



**मुंबई।** टीवी से लेकर फिल्मों तक अपने कमाल के कंटेंट के लिए जाने जानें वाली कंटेंट क्वीन एकता आर कपूर ने अपनी शानदार करियर में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। एकता कपूर को न्यूयॉर्क में 51वें इंटरनेशनल एमी में जाने माने लेखक दीपक चोपड़ा ने 'इंटरनेशनल एमी डायरेक्टोरेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इस अवार्ड को हासिल करने वाली वह पहली महिला फिल्म निर्माता हैं। इस अवार्ड के साथ ही एकता के ग्लोबल अचीवमेंट लिस्ट में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। एकता कपूर इंटरनेशनल एमी डायरेक्टोरेट अवॉर्ड हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला फिल्म निर्माता बन गईं हैं, जिसने टेलीविजन और फिल्म उद्योग में उनके योगदान की विशिष्टता और प्रभाव को रेखांकित किया है।

## खैबर पख्तूनख्वा में तीन आतंकवादी ढेर

**पेशावर।** पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने मंगलवार को कहा कि खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान और दक्षिण वजीरिस्तान जिलों में दो अलग-अलग खुफिया आधारित अभियानों (आईबीओ) में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। डेरा इस्माइल खान जिले के कुलाची क्षेत्र में एक आईबीओ आयोजित किया गया था, जिसके बाद 20 नवंबर को गहन गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए थे।

## अमेरिका में गोलीबारी एक की मौत,चार घायल

**ओहियो।** अमेरिकी राज्य ओहियो के बीवरक्रिक शहर में वॉलमार्ट स्टोर में सोमवार देर रात हुई गोलीबारी में कम से कम चार लोग घायल हो गए जबकि एक संदिग्ध ने खुद को गोली मार कर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

## पूर्व विधायक की 23 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में बाहुबली पूर्व सपा विधायक विजय मिश्रा की पुत्री व परिजनों के नाम अपराधिक कृत्यों से अर्जित धन से खरीदी गई संपत्ति को मंगलवार को कुर्क कर लिया गया है। एसपी डॉ मीनाक्षी कात्यायन ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर संगठित अपराध के खिलाफ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गयी।

## यूपी : दुष्कर्म के आरोपी मदरसा शिक्षक को उम्रकैद

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने आठ वर्षीय छात्रा से बलात्कार के आरोपी मदरसा शिक्षक को मंगलवार को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी। शासकीय अधिवक्ता दिनेश शर्मा ने बताया कि इसी साल 22 सितंबर को बुढ़ाना थाना क्षेत्र में स्थित एक मदरसे में मदरसा शिक्षक इरफान ने आठ साल की एक छात्रा को हवस का शिकार बनाया था।

## आतंकी पन्नू का गुर्गा गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** आतंकवादी गुरुपतवंत सिंह पन्नू के एक गुर्गे को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान मलख सिंह के रूप में हुई है। उसने पन्नू के इशारे पर राजधानी दिल्ली के अलावा गुरुग्राम और हरियाणा के कई इलाकों में खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे थे। मलख सिंह से पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि वह पन्नू के साथ लगातार संपर्क में था। एयर इंडिया को उड़ाने की धमकी देने के मामले में एनआईए की टीम ने प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरु पतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

# सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों का पहला वीडियो जारी, सभी सुरक्षित

एजेंसी

- 53 मीटर लंबा छह इंच का पाइप डाला गया, खाद्य सामग्री भेजा गया
- टीवी चैनल बचाव कार्यों से जुड़ी खबरों को सनसनीखेज बनाने से बचें : सरकार

**उत्तरकाशी।** बचाव अभियान के दसवें दिन मंगलवार को सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों के सकुशल होने का पहला वीडियो सामने आने के बाद उनके बाहर निकलने की बाट जोह रहे उनके परिवारों की उम्मीदें बढ़ गयी है।

इस बीच, सरकार ने दिल्ली में एडवाइजरी जारी कर निजी टेलीविजन चैनलों से बचाव अभियान की खबरों को लेकर संवेदनशील रहने के लिये कहा है ।

अधिकारियों ने बताया कि छह इंच की पाइपलाइन के जरिए श्रमिकों तक खिचड़ी भेजने के कुछ घंटों बाद बचावकर्मियों ने उसी पाइप से तड़के उन तक एंडोस्कोपिक फ्लैक्सी कैमरा भेजा जिससे उनके सकुशल होने का वीडियो मिला। यह कैमरा सोमवार देर शाम दिल्ली से सिलक्यारा पहुंचा। उत्तरकाशी जिले में चारधाम यात्रा मार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर को ढह गया था जिससे उसमें मलबे के दूसरी ओर श्रमिक फंस गए जिन्हें निकालने के लिए युद्धस्तर पर बचाव अभियान चलाया जा रहा है । हालांकि, बचावकर्मियों को पहली कामयाबी सोमवार को मिली जब उन्होंने मलबे के आरपार 53 मीटर लंबी छह इंच की पाइपलाइन डाल दी। इसी पाइपलाइन के जरिए सुरंग में एंडोस्कोपिक फ्लैक्सी कैमरा डाला गया। वीडियो में पीले और सफेद रंग के हेलमेट पहने श्रमिक पाइपलाइन के माध्यम से भेजा गया भोजन प्राप्त करते हुए और एक-दूसरे से बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इससे बचावकर्मियों के साथ ही इन श्रमिकों और उनके परिवारों का मनोबल भी बढ़ा है। एक स्क्रीन पर श्रमिकों को देख रहे अधिकारियों को उन्हें निर्देश देते सुना जा सकता है । अधिकारी उन्हें लेंस साफ करने और उन्हें कैमरे पर देखने को कह रहे हैं । अधिकारी उनसे पाइपलाइन के मुंह के पास आने तथा वॉकी–टॉकी का प्रयोग करने के लिए भी कह रहे हैं। श्रमिकों के रिश्तेदार अब तक उनसे चार इंच के पाइप के जरिए बात कर रहे थे जिससे उन्हें, खाना, पानी, दवाइयों और आक्सीजन की आपूर्ति भी की जा रही थी । लेकिन छह इंच की चौड़ी पाइपलाइन डाले जाने से संचार के बेहतर होने के साथ ही दलिया, खिचड़ी, कटे हुए सेब और केले जैसी खाद्य सामग्री भी बड़ी मात्रा में भेजी जा सकती है। इस पाइपलाइन के जरिए सोमवार रात को श्रमिकों तक खिचड़ी भेजी गयी। खिचड़ी को चौड़े मुंह वाली प्लास्टिक की बोतलों में पैक कर श्रमिकों तक पहुंचाया गया।

बचाव अभियान में जुटे सुरक्षा कर्मचारी निपू कुमार ने कहा कि संचार स्थापित करने के लिए पाइप लाइन में एक वॉकी-टॉकी और दो चार्जर भी भेजे गए। सुरंग में फंसे श्रमिकों में शामिल अपने देवर प्रदीप किस्कू की कुशल क्षेम जानने के लिए बिहार के बांका से सिलक्यारा पहुंची सुनीता हेम्ब्रम ने बताया कि मैंने उनसे सुबह बात की। नए पाइप से उन्हें संतरे भेजे गए हैं। वह ठीक हैं ।

हेम्ब्रम ने कहा कि नए पाइप के जरिए श्रमिकों से बातचीत में आसानी हुई है । उन्होंने कहा कि इससे पहले हमें उन्हें अपनी आवाज सुनाने के लिए चिल्लाना पड़ता था लेकिन आज उनकी आवाज स्पष्ट थी। अमेरिकी ऑगर मशीन के शुक्रवार दोपहर को ड्रिलिंग के दौरान कठोर सतह से टकराने के कारण बचाव अभियान में आई अड़चन के बाद अधिकारियों ने इसका संचालन दोबारा शुरू करने सहित पांच विकल्पों पर एक साथ काम करने का फैसला किया, जिसमें सुरंग के बड़कोट छोर से ड्रिलिंग, सुरंग के उपर से 80 मीटर वर्टिकल ड्रिलिंग तथा सुरंग के बाएं और दाएं से ड्रिलिंग शामिल है। विभिन्न स्थानों पर ड्रिलिंग शुरू करने के लिए भारी मशीनें मौके पर पहुंचा दी गयी हैं ।

### 41 श्रमिकों के परिवारों की उम्मीदें बढ़ी



### प्रधानमंत्री ने बचाव कार्य की ली जानकारी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को फोन कर निर्माणाधीन सुरंग में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए चलाए जा रहे बचाव एवं राहत कार्यों की जानकारी ली। धामी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री जी को श्रमिक बंधुओं से एंडोस्कोपिक फलैक्सी कैमरे की मदद से हुई बातचीत एवं उनकी कुशलता की भी जानकारी दी । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने यह भी कहा है कि सभी श्रमिक भाइयों को सुरक्षित निकालना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दीवाली वाले दिन हुए सुरंग हादसे के बाद से प्रधानमंत्री ने चौथी बार मुख्यमंत्री से बात की है।

# भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण देश के तीन दुश्मन

## राजस्थान की जनता को कांग्रेस ने लुटेरों, दंगाइयों, और अपराधियों के हवाले किया : मोदी

एजेंसी

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कानून व्यवस्था, महिला अपराध व भ्रष्टाचार को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि उसने जनता को लुटेरों और दंगाइयों के हवाले कर दिया है। इसके साथ ही मोदी ने कांग्रेस को भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण नामक तीन बुराइयों का प्रतीक बताया। मोदी ने अंता (बारां) में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब हमारे सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। लेकिन राजस्थान को विकसित बनाए बिना भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य अधूरा है। जब तक भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण नाम के देश के तीन

**मंत्री और विधायक बेलगाम और आम जनता त्रस्त**

दुश्मन हमारे बीच हैं, तब तक ये संकल्प पूरा होना मुश्किल है। कांग्रेस इन तीन बुराइयों की सबसे बड़ी प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस में मंत्री हो, विधायक हो- सब बेलगाम हैं और जनता त्रस्त है। कांग्रेस ने राजस्थान की जनता को लुटेरों, दंगाइयों, अत्याचारियों और अपराधियों के हवाले कर दिया है। इसलिए आज राजस्थान का बच्चा बच्चा कह रहा है, गहलोत जी, कोनी (नहीं) मिले वोट जी। उन्होंने आरोप लगाया कि आज कांग्रेस के समर्थन से राजस्थान में समाज विरोधी ताकतों के हौसले बुलंद हैं। दंगाइयों



के साथ साथ यहां कांग्रेस सरकार के मंत्री बहनों-बेटियों पर अत्याचार करने वालों के साथ खड़े रहते हैं। मोदी ने कहा कि जो कांग्रेस सरकार जान-माल और सम्मान की सुरक्षा तक नहीं कर सकती, उस सरकार को एक पल भी रहने का हक नहीं है। कथित लाल डायरी को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आजकल राजस्थान की लाल डायरी की सबसे अधिक चर्चा है। इस लाल डायरी के पन्ने जैसे जैसे खुल रहे हैं, वैसे वैसे जादूगर जी के चेहरे पर हवाइयां उड़ रही है। इस लाल डायरी में साफ-साफ लिखा है कि कांग्रेस सरकार ने पांच वर्षों में आपके जल, जंगल और जमीन को कैसे बेचा है भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का वादा करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्थान के लोगों को लूटने वाला कोई भी भ्रष्टाचारी बच नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। मोदी जो भी गारंटी देता है वह पूरी होकर रहती है। हमारा लक्ष्य है कि भाजपा सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं से कोई वंचित नहीं रहे। इसलिए 15 नवम्बर को बहुत बड़ी विकसित भारत संकल्प यात्रशुरू की है।

# पीएम का मतलब पनौती मोदी : राहुल

एजेंसी

**जयपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को राजस्थान में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये कहा कि पीएम का मतलब पनौती मोदी है। क्रिकेट विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की हार का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने दुर्भाग्य से जुड़े इस शब्द का इस्तेमाल किया। मैच में हार के बाद से सोशल मीडिया पर पनौती शब्द ट्रेंड कर रहा है। मैच के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अहमदाबाद स्थित स्टेडियम में मौजूद थे। इस स्टेडियम का नाम प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर रखा गया है। राहुल ने आरोप लगाया कि मोदी लोगों का ध्यान भटकाते हैं जबकि उद्योगपति अडाणी उनकी जेब काटते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी टीवी पर आते हैं और हिंदू-मुस्लिम कहते हैं और कभी-कभी क्रिकेट मैच में चले जाते हैं। वो अलग बात है कि हरवा दिया पनौती। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मतलब पनौती मोदी।



राहुल की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कुछ दिन पहले परोक्ष रूप से उन्हें (राहुल) मूर्खों का सरदार कहकर संबोधित किए जाने के बाद आई है। मेड इन चाइना फोन वाले बयान को लेकर मोदी ने बिना किसी का नाम लिए कहा था कि अरे मूर्खों के सरदार, कौन सी दुनिया में रहते हो प्रदेश में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बालोतरा के बायतू में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि मोदी ने बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ कर दिए और उन्हें सभी फायदे दिए।

# एजेएल और यंग इंडिया की 751 करोड़ की संपत्ति की जब्त

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड और यंग इंडिया की 751 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। बता दें कि इस मामले में एजेंसी पूर्व में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ कर चुकी है। ईडी ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में कही है। एजेंसी के अनुसार मामले की जांच के दौरान यह पाया गया कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड के पास दिल्ली, मुंबई और लखनऊ जैसे कई शहरों में 661.69 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों के रूप में अपराध से अर्जित आय है और यंग इंडियन (वाईआई) के पास एजेएल के इक्विटी शेयरों में निवेश के रूप में 90.21 करोड़ रुपये के रूप में अपराध की आय है। एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड ने इन्हीं संपत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की है।जांच एजेंसी ने बयान जारी कर कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से पूछताछ की थी और उनके बयान दर्ज किए थे। इसी के आधार पर कार्रवाई की गई। नेशनल हेराल्ड केस का मामला सबसे पहले भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में उठाया था। अगस्त 2014 में ईडी ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया। केस में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को आरोपी बनाया गया था।

## एनइटी पाठ्यक्रम को संशोधित करेगा यूजीसी

**नयी दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि यूजीसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) के पाठ्यक्रम को संशोधित करेगा और इस प्रक्रिया के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाएगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए यूजीसी-नेट आयोजित करती है, तथा भारतीय और कुछ विदेशी भाषाओं सहित मानविकी और सामाजिक विज्ञान के विषयों के साथ कुछ विज्ञान विषयों में सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति के लिए पात्रता परीक्षा के रूप में आयोजित करती है। यूजीसी-नेट परीक्षा 83 विषयों में हर साल दो बार, जून और दिसंबर में आयोजित की जाती है। यूजीसी ने 2017 में यूजीसी-नेट विषयों के पाठ्यक्रम को अद्यतन करने की प्रक्रिया शुरू की थी।

# इजरायल ने लश्कर-ए-तैयबा को घोषित किया आतंकी संगठन

**यरूशलम।** इजराइल ने 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों की 15वीं बरसी से पहले पाकिस्तान से संचालित लश्कर-ए-तैयबा को आतंकी संगठन घोषित करने का फैसला मंगलवार को दोहराया। मुंबई में 26 नवंबर 2008 को कई जगहों पर हुए आतंकी हमलों में 166 लोग मारे गए थे जिनमें कुछ इजराइली नागरिक भी शामिल थे। इजराइल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लियोर हैयात ने कहा कि हां, मैं इसकी पुष्टि कर सकता हूं। दरअसल यह 2013 से है। इसे हाल में एक प्रशासनिक चूक की वजह से दोबारा प्रकाशित कर दिया गया था लेकिन यह कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भारत में इजराइल के दूतावास ने कहा था कि मुंबई आतंकी हमलों की 15वीं बरसी पर इजराइल ने लश्कर को आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया है। हमास ने सात अक्टूबर को इजराइली क्षेत्रों पर जमीनी, समुद्री और हवाई मार्गों से हमले कर दिए थे जिनमें 1200 से अधिक लोग मारे गए थे। कुछ इसी तरह दक्षिण मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को पाकिस्तान से समुद्री मार्ग से आए 10 आतंकवादियों ने यहूदियों के केंद्र चाबाड हाउस समेत कई जगहों पर हमला कर दिया था और अंधाधुंध गोलीबारी कर 18 सुरक्षाकर्मियों समेत 166 लोगों की जान ले ली थी। इन हमलों में चाबाड हाउस के नाम से मशहूर नरीमन हाउस में छह यहूदी मारे गए थे।

## इजराइली सेना ने गाजा में इंडोनेशियन अस्पताल को घेरा

**यरुशलम।** इजराइली सेना ने गाजा पट्टी के अल शिफा अस्पताल पर कार्रवाई के बाद अब उत्तरी भाग में स्थित इंडोनेशियन अस्पताल को घेर लिया है। इजराइली टैंक अस्पताल के नजदीक गश्त कर रहे टैंक रुक रुककर फायरिंग भी कर रहे हैं। इस फायरिंग में 12 फिलिस्तीनियों के मारे जाने की सूचना है। मिस्र की सीमा के नजदीक बसे रफाह कस्बे पर इजराइली सेना की बमबारी में 14 लोगों के मारे जाने की सूचना है। बंधकों की रिहाई के बदले सीमित समय के युद्धविराम के लिए जारी वार्ता के बीच गाजा में लड़ाई जारी है।

## रिलायंस बंगाल में और 20 हजार करोड़ करेगी निवेश

**कोलकाता।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने पश्चिम बंगाल में खुदरा कारोबार ,दूरसंचार और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में 20 हजार करोड़ रुपये के नये निवेश की योजना की मंगलवार को घोषणा की। कोलकाता में चल रहे सातवें बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट में श्री अंबानी ने कहा कि रिलायंस बंगाल के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। रिलायंस ने अब तक बंगाल में करीब 45,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। अगले तीन वर्षों में हम 20 हजार करोड़ का अतिरिक्त निवेश करेंगे। उन्होंने बताया कि 20 हजार करोड़ का यह निवेश दूरसंचार, खुदरा और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम 5जी को राज्य के हर कोने तक ले जा रहे हैं, खासकर ग्रामीण बंगाल को जोड़ा जा रहा है। बंगाल के अधिकांश हिस्सों को कवर कर लिया है।

# अयोध्या में बन रही 80 हजार श्रद्धालुओं के लिए टेंट सिटी

### राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर



**अयोध्या/लखनऊ।** भगवान श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या में बनाये जा रहे भव्य राम मंदिर में अगले वर्ष 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश-विदेश से बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टेंट सिटी का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें 80 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था होगी। लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश-विदेश से लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने की संभावना को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से विभिन्न स्थानों पर टेंट सिटी का निर्माण कराया जा रहा है। इनमें ठहरने और भोजन की उत्तम व्यवस्था मुहैया कराई जाएगी।

बयान में अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) के सचिव सत्येंद्र सिंह के हवाले से यह जानकारी दी गयी है कि माझा गुप्तार घाट में 20 एकड़ भूमि में टेंट सिटी स्थापित की जाएगी। इसमें लगभग 20 से 25 हजार श्रद्धालुओं के रहने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि अयोध्या धाम में ब्रह्मकुंड के पास भी एक टेंट सिटी स्थापित की जा रही है। इसमें 35 टेंट लगेंगे, जिसमें लगभग 30 हजार श्रद्धालुओं के रुकने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से बाग बिजेसी में 25 एकड़ भूमि में टेंट सिटी स्थापित की जा रही है, जिसमें लगभग 25 हजार लोगों के रुकने की व्यवस्था हो सकेगी। इसके अलावा कारसेवकपुरम व मणिराम दास की छावनी में भी श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए टेंट सिटी स्थापित की जाएगी। सत्येंद्र सिंह ने बताया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के समय कड़ाके की ठंड रहेगी। ऐसे में यहां आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए टेंट सिटी स्थापित की जा रही है। शीतकाल में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को देखते हुए टेंट सिटी का निर्माण इस प्रकार किया जाएगा कि श्रद्धालुओं को ठंड से राहत मिल सके। इसके लिए गद्दे-कंबल का भी प्रबंध हो रहा है। यहां ठहरने वाले श्रद्धालुओं के लिए शौचालय व स्नानगृह के अतिरिक्त भोजन के लिए भंडारागृह व मेडिकल शिविर का भी प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एडीए की ओर से जो टेंट सिटी स्थापित की जा रही है वह ठेकेदारों द्वारा निर्मित की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे।

## शेयर बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 276 अंक मजबूत

**मुंबई।** शेयर बाजारों में दो दिन की गिरावट के बाद मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 276 अंक के लाभ में रहा। अमेरिकी बाजारों में तेजी के रुख के बीच धातु, बैंक और ऊर्जा शेयरों में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। सेंसेक्स 275.62 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 65,930.77 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 427.21 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 89.40 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,783.40 अंक पर बंद हुआ। जेएसडब्ल्यू स्टील, टाइटन, टाटा स्टील, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक और टाटा मोटर्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, मारुति, भारतीय स्टेट बैंक और लार्सन एंड टुब्रो शामिल हैं।


VERMA PRESS®

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®


शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



# महर्षि रमण : सदी के महान संत



महर्षि रमण (जन्म- 30 दिसम्बर, 1879, तिरुचुली गाँव, तमिलनाडु; मृत्यु- 14 अप्रैल, 1950, रमण आश्रम, तमिलनाडु) बीसवीं सदी के महान संत थे, जिन्होंने तमिलनाडु स्थित पवित्र अरुनाचला पहाड़ी पर गहन साधना की थी। उन्हें केवल भारत में ही अपितु विदेशो में भी शांत ऋषि के रूप में जाना जाता है। उन्होंने आत्म विचार पर बहुत बल दिया था। रमण मर्हिष के संपर्क में आने पर असीम शांति का अनुभव होता था। आज भी लोग शांति कि खोज में तिरुवन्नामलाई स्थित रमण मर्हिष के आश्रम अरुनाचला पहाड़ी और अरुनाचलेश्वर मंदिर में जाते हैं।

कुछ समय के पश्चात मर्हिष अरुनाचला पर्वत पर 'विरुपाक्ष' नामक गुफा में रहने लगे। यहाँ पर भी भक्तों ने उनसे आध्यत्मिक प्रश्न करना जारी रखा। कुछ प्रश्नों का जवाब वे इशारों से और बाकी का जवाब लिखकर देते थे। यहीं पर 1902 में 'शिव प्रकासम पिल्लै' नामक व्यक्ति रमण के पास 14 प्रश्न स्लेट पर लिखकर लाये। इन्हीं 14 प्रश्नों के उत्तर रमण की पहली शिक्षाएँ है। इनमें आत्म निरीक्षण की विधि है, जो कि तमिल में नान यार और अंग्रेजी में हू एम आई के नाम से प्रकाशित की गयी। उस समय के प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान गणपति आचार्य 1907 में रमण से मिलने गए और उनसे अपने आध्यत्मिक संदेह पर बात की। गणपति आचार्य ने बताया कि जो कुछ भी आध्यात्मिकता के बारे में पढा जा सकता है, मैंने पढा है, यहाँ तक कि वेदान्त शास्त्रों की भी मुझे पूर्ण समझ है। जप भी मैं अपने हृदय से करता हूँ। लेकिन फिर भी 'तपस' क्या है, अब तक समझ नहीं पाया हूँ? यही जानने के लिए आपकी शरण मैं आया हूँ। रमण 15 मिनट तक उनकी आँखों में शांत होकर देखते रहे और फिर बोले- अगर कोई यह देख पाए कि 'मैं' के भाव का उद्भव कहाँ से होता है तो उसका मन उसी स्थान पर अवशोषित हो जायेगा, और यही तपस है। अगर कोई देख पाए कि मंत्र बोलते समय मंत्र की ध्वनि कहाँ से पैदा होती है, तो उसका मन उसी स्थान पर अवशोषित हो जायेगा, और यही तपस है। यह रहस्योद्घाटन जानकर विद्वान शास्त्री ने उनके सामने आत्म-समर्पण कर दिया और उन्हें भगवान व मर्हिष के नाम से संबोधित किया। शास्त्री ने बाद में रमण-गीता लिखी, जिसमें मर्हिष की शिक्षाओं के बारे में बताया गया है। रमण मर्हिष के शिष्यों ने उनके लिए एक आश्रम और मंदिर का निर्माण किया, जहाँ पर देश और विदेश से भक्त आकर रहते थे। 14 अप्रैल, 1950 की शाम के समय मर्हिष ने सभी भक्तों को दर्शन दिए। आश्रम में सभी जानते थे कि अंत समय निकट है। सबने अरुनाचला शिव भजन गाया। मर्हिष ने अपने सेवक से कहा कि- उन्हें बैठा दे। उन्होंने थोड़े समय के लिए अपनी चमकदार और अनुग्रहित आँखे खोली। उनके चेहरे पर मुस्कान थी और उनकी आँखों के बाहरी कोनो से आनंद के आंसू निकले। एक गहरी साँस के साथ वे शांत हो गये।

# हिंदू धर्म की मान्यताएं

बासुकीनाथ पाण्डेय

**कर्मकांड और संस्कार :** बहुत से ऐसे कर्मकांड और संस्कार हैं जिनका हिन्दू धर्म से कोई नाता नहीं है। जैसे 16 संस्कार के अलावा भी लोग तरह-तरह के संस्कार और रीति-रिवाज मानते हैं। प्रत्येक समाज का अपना अलग रीति और रिवाज है। जन्म-संस्कार के तरीके अलग, विवाह के तरीके अलग और अंतिम संस्कार के तरीके भी अलग। क्या मृत्युभोज का धर्म में उल्लेख मिलता है?

ऐसे बहुत से संस्कार, कर्मकांड, यज्ञकर्म और पूजा-पाठ हैं जिनका वैदिक हिन्दू धर्म से कोई नाता नहीं। उनमें से ज्यादातर स्थानीय परंपरा का हिस्सा हैं। लोग हिन्दू धर्म के 16 संस्कारों को अपनाते हैं लेकिन उसका शास्त्रसम्मत पालन नहीं करते उसमें स्थानीय परंपरा का प्रभाव ज्यादा रहता है। यज्ञ भी मात्र पांच तरह के होते हैं:- 1.ब्रह्म, 2.देवयज्ञ, 3.पितृयज्ञ, 4.वैश्वदेव यज्ञ, 5.अतिथि यज्ञ।

इस तरह हमने देखा है कि कई राज्यों में एक ही त्योहार, व्रत, संस्कार, उत्सव, यज्ञ आदि को अलग अलग तरीके से प्रयोजित किया जाता या मनाया जाता है। इस विभिन्नता का कारण लंबे काल की परंपरा और स्थानीय संस्कृति, भाषा आदि है।

## हिंदू धर्म से जुडें कुछ शंका समाधान

नाग पूजा क्यों? सावन के महीने में शुक्ल पक्ष की पंचमी को नागपंचमी का पर्व मनाया जाता है। विदेशी धर्मों में नाग को शैतान माना गया है। हालांकि नाग उतना बुरा नहीं है जितना कि आज का आदमी है। भारतीय संस्कृति की यह विशेषता है कि इसमें जीवन को पोषित करने वाले जीवनोपयोगी पशु-पक्षी, पेड़- पौधे एवं वनस्पति सभी को आदर दिया गया है।

जहां एक ओर गाय, पीपल, बरगद तथा तुलसी आदि की पूजा होती है, वहीं अपने एक ही दंश से मनुष्य की जीवनलीला समाप्त करने वाले नाग की पूजा भी की जाती है। इस विषधर जीव को शास्त्रों में देवतुल्य और रहस्यमय प्राणी माना गया है, लेकिन यह ईश्वर नहीं है। इसकी विशेषता यह है कि यह मानव से अधिक बुद्धिमान और चीजों को होशपूर्वक देखने में सक्षम है। इसकी चेतना पर शोध किए जाने की आवश्यकता है।


एक ओर जहां भगवान विष्णु शेषनाग की शैया पर शयन करते हैं तो दूसरी ओर भगवान शिव नाग को गले में डाले रहते हैं। नागों एवं सर्पों का सृष्टि के विकास से बहुत पुराना संबंध रहा है। देवों और दानवों द्वारा किए गए सागर मंथन के समय सुमेरु पर्वत को मथनी तथा वासुकि नाग को रस्सी बनाया गया था। वर्तमान में नाग पूजा के नाम पर इस बेचारे जीव का अस्तित्व संकट में है।

**वर्ण व्यवस्था :** आज भी अमेरिका में गोरे और काले का भेद है। छुआछूत का मामला प्रत्येक देश और धर्म में पाया जाता है। प्राचीनकाल में चिकित्सा का अभाव था। ऐसे में संभ्रांत और जानकार लोग ऐसे लोगों से दूर ही रहते थे जिनसे संक्रमण फैलने का खतरा हो। लेकिन यह व्यवहार कब जातिगत व्यवस्था में बदल गया, यह शोध का विषय है।

**जातियों के प्रकार :** प्रारंभिक काल में जातियां वे होती थीं, जो रंग-रूप, खान-पान और आचार-विचार से समान हों अर्थात वे समान या लगभग समान प्राणियों के समूह का प्रतिनिधित्व करती थीं। तो जातियों के प्रकार अलग होते थे जिनका सनातन धर्म से कोई लेना-देना नहीं था।

जातियां होती थीं- द्रविड़, मंगोल, शक, हूण, कुशाण, निग्रो, ऑस्ट्रेलॉयड, काकेशायड्स आदि। आर्य जाति नहीं थी बल्कि उन लोगों का समूह था, जो सामुदायिक और कबीलाई संस्कृति से निकलकर सभ्य होने के प्रत्येक उपक्रम में शामिल थे और जो सिर्फ वेद पर ही कायम थे।

वर्ण का अर्थ होता है रंग। प्रारंभिक काल में एक ही रंग के लोगों का समूह होता था, जो अपने समूह में ही रोटी-बेटी का संबंध रखते थे। इस समूह की धारणा को तोड़ने और राज्य कार्य को सुचारु रूप से चलाने के लिए राजा वैवस्वत मनु ने एक व्यवस्था को लागू किया गया जिसे वर्ण व्यवस्था माना गया। हालांकि उस



काल में कोई भी व्यक्ति किसी भी जाति और स्थान से हो वह राज्य व्यवस्था में अपनी योग्यता अनुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैशय या दास बन सकता था, जैसे कि आज चाहे तो किसी भी जाति का व्यक्ति ज्योतिष, सैनिक, किसान या सेवक बनने के लिए स्वतंत्र है। कालांतर में यही रंग बन गया कर्म और बाद में जाति।

**छुआछूत :** अक्सर जातिवाद, छुआछूत और सवर्ण-दलित वर्ग के मुद्दे को लेकर धर्मशास्त्रों को भी दोषी ठहराया जाता है, लेकिन यह बिलकुल ही असत्य है। इस मुद्दे पर धर्मशास्त्रों में क्या लिखा है? यह जानना बहुत जरूरी है, क्योंकि इस मुद्दे को लेकर हिन्दू सनातन धर्म को बहुत बदनाम किया गया है और किया जा रहा है।

दलितों को ‘दलित’ नाम हिन्दू धर्म ने नहीं दिया, इससे पहले ‘हरिजन’ नाम भी हिन्दू धर्म के किसी शास्त्र ने नहीं दिया। इसी तरह इससे पूर्व के जो भी नाम थे, वे हिन्दू धर्म ने नहीं दिए। आज जो नाम दिए गए हैं, वे पिछले 60 वर्षों की राजनीति की उपज हैं और इससे पहले जो नाम दिए गए थे, वे पिछले 900 सालों की गुलामी की उपज हैं।

बहुत से ऐसे ब्राह्मण हैं, जो आज दलित हैं, मुसलमान हैं, ईसाई हैं या अब वे बौद्ध हैं। बहुत से ऐसे दलित हैं, जो आज ब्राह्मण समाज का हिस्सा हैं। यहां ऊंची जाति के लोगों को ‘सवर्ण’ कहा जाने लगा है। यह ‘सवर्ण’ नाम भी सनातन हिन्दू धर्म ने नहीं दिया। मनु स्मृति, पुराण, रामायण और महाभारत ये हिन्दुओं के धर्मग्रंथ नहीं, इतिहास ग्रंथ हैं। तुलसीदासकृत रामचरित मानस भी हिन्दू धर्मग्रंथ नहीं है। यदि इन ग्रंथों में कहीं भेदभाव की भावना लिखी है तो यह वेदसम्मत नहीं है। जो वेद, उपनिषद और गीतासम्मत नहीं है उसका सनातन हिन्दू धर्म से कोई नाता नहीं।

**ग्रह-नक्षत्र की पूजा निषेध :** क्या प्रचलित ज्योतिषी धारणा हिन्दू धर्म का हिस्सा है? इसका जवाब है- नहीं। आज का ज्योतिषी लोगों का भविष्य बताने और दुखों के टोटके बताने का कार्य करता है। इस विद्या से व्यक्ति ईश्वर से कटकर ग्रह-नक्षत्रों और तरह-तरह के देवी-देवताओं को मानकर वहमपरस्त बन जाता है। इससे उसके जीवन में सुधार होने के बजाय वह और भयपूर्ण और विरोधाभासी जीवन जीने लगता है।

महाभारत के दौर में राशियां नहीं हुआ करती थीं। ज्योतिष 27 नक्षत्रों पर आधारित था, न कि 12 राशियों पर। नक्षत्रों में पहले स्थान पर रोहिणी थी, न कि अश्विनी। जैसे-जैसे समय गुजरा, विभिन्न सभ्यताओं ने ज्योतिष में प्रयोग किए और चंद्रमा और सूर्य के आधार पर राशियां बनाईं और लोगों का भविष्य बताना शुरू किया। एक समय था जबकि लोग 12 नहीं 13 राशियों के आधार पर भविष्य बताते थे लेकिन फिर 13 का भाग और विभाजन नहीं होने से उसे छोड़ दिया।


वेद के 6 अंग हैं जिसमें 6ठा अंग ज्योतिष है। वेद अनुसार ज्योतिष खगोल विज्ञान है। ज्योतिष को वेदों का विज्ञान माना गया है। ऋग्वेद में ज्योतिष से संबंधित लगभग 30 श्लोक हैं, यजुर्वेद में 44 तथा अथर्ववेद में 162 श्लोक हैं। यूरेनस को एक राशि में आने के लिए 84 वर्ष, नेप्च्यून को 1,648 वर्ष तथा प्लूटो को 2,844 वर्षों का समय लगता है। हमारे सौरमंडल में सभी ग्रहों को मिलाकर 64 चंद्रमा खोजे गए हैं और असंख्य उल्काएं सौर्य पथ पर भ्रमण कर रही हैं। अभी खोज जारी है, संभवतः चंद्रमा और उल्काओं की संख्याएं बढ़ेंगी।

वेदों में ज्योतिष के जो श्लोक हैं उनका संबंध मानव भविष्य बताने से नहीं, वरन ब्रह्मांडीय गणित और समय बताने से है। ज्यादातर नक्षत्रों पर आधारित और उनकी शक्ति की महिमा से है। इससे मानव के वर्तमान और भविष्य पर क्या फर्क पड़ता है, यह स्पष्ट नहीं। वेदों के उक्त श्लोकों पर आधारित आज का ज्योतिष पूर्णतः बदलकर भटक गया है। कुंडली पर आधारित फलित ज्योतिष का संबंध वेदों से नहीं है। भविष्य कथन के संबंध में वेद कहते हैं कि आपके विचार, आपकी ऊर्जा, आपकी योग्यता और आपकी प्रार्थना से ही आपके भविष्य का निर्माण होता है इसीलिए वैदिक ऋषि उस एक परम शक्ति ब्रह्म (ईश्वर) के अलावा प्रकृति के 5 तत्वों की भिन्न-भिन्न रूप में विशेष समय, स्थान तथा रीति से स्तुति करते थे।

जो भी ज्योतिष या ज्योतिष विद्या नकारात्मक विचारों को बढावा देकर भयभीत करने का कार्य करते हैं, उनका वेदों से कोई संबंध नहीं और जिनका वेदों से कोई संबंध नहीं, उनका हिन्दू धर्म से भी कोई संबंध नहीं। इसीलिए वर्तमान ज्योतिष विद्या पर पुनः विचार करने की आवश्यकता है।

ज्योतिष अद्वैत का विज्ञान है। इस विज्ञान को सही और सकारात्मक दिशा में विकसित किए जाने की आवश्यकता है। यदि आप ज्योतिष विद्या के माध्यम से लोगों को भयभीत करते रहे हैं तो समाज अकर्मण्यता और बिखराव का शिकार होकर वेदोक्त ईश्वर के मार्ग से भटक जाएगा और कहना होगा कि भटक ही गया है।

# विश्वास अंध विश्वास कितना सच कितना झूठ



पारंपरिक अंधविश्वास और टोटके : ऐसे बहुत से अंधविश्वास हैं, जो लोक परंपरा से आते हैं जिनके पीछे कोई ठोस आधार नहीं होता। ये शोध का विषय भी हो सकते हैं। इसमें से बहुत-सी ऐसी बातें हैं, जो धर्म का हिस्सा हैं और बहुत-सी बातें नहीं हैं। हालांकि इनमें से कुछ के जवाब हमारे पास नहीं है। उदारणार्थ-

■ आप बिल्ली के रास्ता काटने पर क्यों रुक जाते हैं?
■ जाते समय अगर कोई पीछे से टोक दे तो आप क्यों चिढ. जाते हैं?
■ किसी दिन विशेष को बाल कटवाने या दाढी बनवाने से परहेज क्यों करते हैं?
■ क्या आपको लगता है कि घर या अपने अनुष्ठान के बाहर नींबू-मिर्च लगाने से बुरी नजर से बचाव होगा?
■ कोई छींक दे तो आप अपना जाना रोक क्यों देते हैं?
■ क्या किसी की छींक को अपने कार्य के लिए अशुभ मानते हैं?
■ घर से बाहर निकलते वक्त अपना दायां पैर ही पहले क्यों बाहर निकालते हैं?
■ जूते-चप्पल उल्टे हो जाए तो आप मानते हैं कि किसी से लड़ाई-झगड़ा हो सकता है?
■ रात में किसी पेड़ के नीचे क्यों नहीं सोते?
■ रात में बैंगन, दही और खट्टे पदार्थ क्यों नहीं खाते?
■ रात में झाडू क्यों नहीं लगाते और झाड़ू को खड़ा क्यों नहीं रखते?
■ अंजुली से या खड़े होकर जल नहीं पीना चाहिए।
■ क्या बांस जलाने से वंश नष्ट होता है।

**विश्वास और अंधविश्वास**

ऐसे ढेरों विश्वास और अंधविश्वास हैं जिनमें से कुछ का धर्म में उल्लेख मिलता है और उसका कारण भी लेकिन बहुत से ऐसे विश्वास हैं, जो लोक परंपरा और स्थानीय लोगों की मान्यताओं पर आधारित हैं।



# गुरूवार को क्या नहीं करना चाहिए

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बृहस्पति ग्रह की अनुकूलता के लिए कुछ ऐसे काम हैं, जो गुरूवार के दिन नहीं करने चाहिए। सुखद जीवन, शिक्षा, ज्ञान और धन इनकी कृपा से ही प्राप्त होता है। शास्त्रों के अनुसार कुछ ऐसे काम हैं जो गुरूवार के दिन नहीं करने चाहिए अन्यथा अनुकूल गुरू भी प्रतकूिल प्रभाव देता है।

## न करें ये काम

■ पति, गुरू और साधु-संत बृहस्पती का प्रतिनिधि करते हैं। कभी भी इनका अपमान न करें।
■ खिचड़ी न तो घर में बनाएं और न खाएं।
■ नाखून नहीं काटने चाहिए।
■ बाल नहीं धोने चाहिए। महिलाओं के लिए कहा जाता है की संपत्ति और संपन्नता सुख में कमी आती है।
■ कपड़े नहीं धोने चाहिए।

## करें ये काम

■ सूर्य उदय होने से पहले शुद्ध होकर भगवान विष्णु के समक्ष गाय के शुद्ध देसी घी का दीपक जलाएं।
■ केसर अथवा हल्दी का तिलक मस्तक पर लगाएं।
■ पीली चीजों का दान करें।
■ संभव हो तो व्रत रखें।
■ भगवान शिव पर पीले रंग के लड्डुअर्पित करें।
■ केले के पेड़ का पूजन करें, प्रसाद में पीले रंग के पकवान अथवा फल अर्पित करें।
■ केले का दान करें।
■ पीले रंग का हार भगवान विष्णु को चढाएं।
■ पीले रंग के कपड़े पहनें।
■ नमक का सेवन न करें।
■ 'ॐ नमो नारायणा' मंत्र का जाप करें, जिससे जिंदगी में आनन्द, कल्याण, स्थिरता और निस्तब्धता आएगी।

पूजा से संबंधित छोटी-छोटी बातें, ध्यान रखने से होते हैं भगवान प्रसन्न

15 दिसंबर-14 जनवरी 2017 तक ये काम करके खुद बनें अपने भाग्यविधाता

**शनि प्रदोषः** शनिदेव को कंट्रोल करती है ये शक्ति, सूर्यास्त के बाद करें ये उपाय

**21 नवंबर को करें उपायः** शत्रु होंगे नतमस्तक, मृत्युतुल्य रोग और प्रेत बाधा का होगा नाश

दैवीय शक्तियों को आर्किषत करते हैं ये भोजन, इच्छा के अनुसार होंगे सारे काम

सोमवार को चांदनी रात में करें कुछ खास, कमाई में होगी दिन दौगुनी-रात चौगुनी तरक्की होगी।